www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 67 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ कैबिनेट में बड़े फैसले: यूसीसी पर समिति गठन, महिलाओं को रजिस्ट्री में 50% की छूट

रायपुर/नवप्रदेश। देश के कुछ राज्यों की तरह अब छत्तीसगढ़ में भी समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बुधवार 15 अप्रैल को सीएम साय के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई। उपमुख्यमंत्री अरुण साव कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि, यूनिफार्म सिविल कोड लागू करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश की अध्यक्षता में समिति का गठन होगा। समिति के सदस्यों का चयन मुख्यमंत्री करेंगे।

मंत्री परिषद के निर्णय

1. मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ में Uniform Civil Code लागू करने के संबंध में यूसीसी का प्रारूप तैयार करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया तथा समिति के सदस्यों के मनोनयन के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण एवं पारिवारिक मामलों से संबंधित विवादों में विभिन्न धर्मों के अनुसार अलग-अलग पर्सनल लॉ लागू हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का निर्देश दिया गया है। अलग-अलग कानूनों के कारण वैधानिक प्रक्रिया में असमानता उत्पन्न होती है, जिससे न्याय प्रक्रिया जटिल होती है। ऐसे में कानून को सरल, एकरूप और न्यायसंगत बनाने के लिए यूसीसी लागू करना आवश्यक माना जा रहा है, जिससे धार्मिक और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा।

2. मंत्रिपरिषद ने महिलाओं के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन पर लगने वाले शुल्क में 50 प्रतिशत की कमी की जाएगी। इसका उद्देश्य महिलाओं को संपत्ति अर्जन के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस निर्णय से सरकार को लगभग 153 करोड़ रुपये राजस्व की कमी होगी, लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए इसे महत्वपूर्ण कदम माना गया है।

3. मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसके तहत उन्हें जीवनकाल में एक बार छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर 25 लाख रुपये तक की संपत्ति (भूमि/भवन) क्रय करने पर देय स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान किया जाएगा। देश सेवा में समर्पित सैनिकों का जीवन प्रायः स्थानांतरण और अस्थायित्व से भरा होता है, जिसके बाद वे स्थायी निवास के लिए संपत्ति क्रय करते हैं, ऐसे में यह निर्णय उन्हें आर्थिक राहत प्रदान करेगा।

4. मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस संशोधन से सेवा क्षेत्र को आबंटन हेतु स्पष्ट वैधानिक पात्रता मिलेगी। भूमि आवंटन प्रावधानों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

समिति लोगों से लेगी फीडबैक

डिप्टी सीएम साव ने कहा कि, समान नागरिक संहिता लागू करना आवश्यक माना जा रहा है, इससे लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि, समिति फीडबैक भी आमंत्रित कर सकती है, समिति की रिपोर्ट को कैबिनेट की अनुशंसा के बाद विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। जिससे राज्य में बेहतर प्रावधानों के साथ समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी।

सेवानिवृत, सेवारत और सैनिकों को मिलेगा लाभ

इसके साथ ही कैबिनेट ने महिलाओं को जमीन रजिस्ट्री पर 50% की छूट देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा सेवानिवृत, सेवारत, सैनिकों के लिए भी अहम निर्णय लिया गया है। 25 लाख की संपत्ति खरीदने में 25 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। कैबिनेट ने उर्वरक व्यवस्था और एलपीजी को लेकर समीक्षा भी की।

आज बेबाक

खुद को दुनिया की सबसे बड़ी तोप समझने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने पोप से भी पंगा मोल ले लिया है। पोप ने भी दो टूक कह दिया कि वे ट्रंप से नहीं डरते। इधर होर्मूज पर अमेरिका की नाकाबंदी भी नाकामयाब हो गई। उस पर ईरान का कब्जा बदस्तूर बरकरार है। नतीजतन धमकीजीवी ट्रंप ने रंग बदलने के मामले में गिरगिट को भी मात देते हुए ईरान के साथ फिर से शांति वार्ता करने का राग अलापा है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक इसमें ये तोपची खुद शिरकत कर सकता है और मुंह से आग उगल सकता है। खुदा खैर करे।

मृतकों के परिजन को 35 लाख रुपये मुआवजा और नौकरी देगी कंपनी, कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

वेदांता प्लांट हादसे में अब तक 20 की मौत, 36 लोग झुलसे

■ **मृतकों में छत्तीसगढ़ के 5, बिहार के 2, झारखंड के 3, पश्चिम बंगाल के 5 और उत्तर प्रदेश के 2 मजदूर शामिल**

सक्ती-रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे में मृतकों में छत्तीसगढ़ के 5, बिहार के 2, झारखंड के 3, पश्चिम बंगाल के 5 तथा उत्तर प्रदेश के 2 मजदूर शामिल हैं। विपक्ष ने इसे लापरवाही बताते हुए सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस ने जांच के लिए कमेटी बनाई और सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि यह हादसा नहीं बल्कि हत्या है। घटना के बाद मंत्री लखन लाल देवांगन ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्लांट प्रबंधन ने मृतक के परिजनों और घायलों को सहायता राशि देने की घोषणा की है। इधर कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बॉयलर में ब्लास्ट, 12 मौतें

कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

वेदांता पावर प्लांट हादसे को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने जांच समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर 9 सदस्यीय टीम बनाई गई है, जो पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। समिति का संयोजक पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व मंत्री नंदकुमार वर्मा समेत कई विधायक और संगठन के पदाधिकारी सदस्य बनाए गए हैं।

मजिस्ट्रियल जांच के आदेश, सीएम साय ने जताया शोक

घटना के बाद कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। वेदांता प्रबंधन ने मृतक परिजनों को 35-35 लाख रुपए सहायता राशि और नौकरी देने का ऐलान किया है। घायलों को 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। इससे पहले पीएमओ ने मुआवजे की घोषणा की थी। हर मृतक के परिवार वालों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मृतकों के परिवार वालों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया।

मृतकों के परिजनों को 35-35 लाख रुपए का मुआवजा

वेदांता पावर प्लांट कंपनी प्रबंधन ने कहा है कि वे प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। दिवंगत श्रमिकों के परिजनों को 35 लाख रुपये की आर्थिक सहायता एवं रोजगार दिया जाएगा। घायलों को 15 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। घायलों को पूर्ण स्वस्थ होने तक वेतन जारी रहेगा और परामर्श (काउंसलिंग) की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस दुख की घड़ी में कंपनी कर्मचारियों के साथ है।

मृतकों के नाम

रितेश कुमार (सोनबर्षा, भागलपुर, बिहार), अमृत लाल पटेल (मंझापारा, डभरा, सक्ती, छत्तीसगढ़), थंडा राम लहरे (मालखरौदा, सक्ती, छत्तीसगढ़), तरुण कुमार ओझा (सिंदरी, धनबाद, झारखंड), आकिब खान (दरभंगा, बिहार), सुसांत जना (पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल), अब्दुल करीम (झारखंड), उधव सिंह यादव (रायगढ़, छत्तीसगढ़), शेख सैफुद्दीन (हल्दिया, पश्चिम बंगाल), पप्पू कुमार (सोनभद्र, उत्तर प्रदेश), अशोक परहिया (पलामू, झारखंड), मनस गिरी (पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल), बृजेश कुमार (सोनभद्र, उत्तर प्रदेश), रामेश्वर महिलांगे (जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़), कार्तिक महतो (पुरुलिया, पश्चिम बंगाल), नदीम अंसारी (सक्ती, छत्तीसगढ़), शिबनाथ मुर्मू (पुरुलिया, पश्चिम बंगाल) शामिल है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी उठाए सवाल

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि मृतकों के परिजनों को पर्याप्त सहायता राशि दी जानी चाहिए और हादसे के कारणों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। इस तरह के हादसे लगातार हो रहे हैं, क्या यह प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है? प्लांट में एंबुलेंस तक नहीं थी, ऐसे में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए।

पुलिस कर रही जांच

इस हादसे में कुल 36 श्रमिक प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 17 की मौत हो चुकी है। 19 घायल हैं, जिनका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- प्रफुल्ल ठाकुर, एसपी, सक्ती

चीनी टैंकर होर्मुज पर अमेरिकी नाकेबंदी तोड़ने में हुआ नाकाम

■ **मेथेनॉल लेकर यूएई से आ रहा था, अमेरिकी वॉरशिप की चेतावनी के बाद मुड़ा**

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज में अमेरिकी नाकेबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था। यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज पार करने की कोशिश की थी। रॉयटर्स के मुताबिक एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को अमेरिकी युद्धपोत ने दो तेल टैंकरों को रोक दिया, जो ओमान की खाड़ी में स्थित ईरान के चाबहार बंदरगाह से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे।

रिच स्टैरी और इसकी मालिक कंपनी शंघाई जुआनरन शिपिंग पर अमेरिका ने 2023 से प्रतिबंध लगा रखा है, क्योंकि वे ईरान के साथ व्यापार कर रहे थे।

सीबीएसई बोर्ड 10वीं सेशन-1 का रिजल्ट जारी, 93.70% हुए पास

रायपुर/नवप्रदेश। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन यानी सीबीएसई ने 10वीं सेशन - 1 का रिजल्ट जारी कर दिया है। लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99% है, लबकि लड़कों का रिजल्ट 92.95% दर्ज किया गया है। ट्रांसजेंडर छात्रों ने भी इस बार 91.30% रिजल्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। 99.75% के साथ त्रिवेंद्रम रीजन का रिजल्ट बेस्ट रहा है। कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट results.cbse.nic.in और उमंग एप पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। लगभग 25 लाख स्टूडेंट्स इस साल सीबीएसई बोर्ड 10वीं की सेशन 1 परीक्षा में शामिल हुए हैं जिनका रिजल्ट जारी किया गया है। सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश भी देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें।

गुरुग्राम लैंड स्कैम में रॉबर्ट वाड्रा-भूपेंद्र हुड्डा की बढ़ीं मुश्किलें

गुरुग्राम/ए.। हरियाणा के गुरुग्राम के शिकोहपुर लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा और हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी 9 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। विशेष न्यायाधीश सुशांत चांगोत्रा ने आदेश दिया है कि वाड्रा सहित सभी आरोपी 16 मई को अदालत में पेश हों। ईडी ने 17 जुलाई 2025 को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी।

डॉक्टर के लैपटॉप से मिला आतंकी कनेक्शन, एटीएस ने शुरू की जांच

वाराणसी/ए.। वाराणसी में आतंकियों को फंडिंग करने वाले डॉक्टर के घर पर यूपी-मुंबई एटीएस और इंटेलिजेंस ब्यूरो ने छापेमारी की। टीम मंगलवार दोपहर डॉक्टर के घर पहुंची। उसके मोबाइल-लैपटॉप और प्रिंटर को कब्जे में लिया। इसके बाद डॉक्टर के घरवालों और बेटे से पूछताछ की। टीम करीब 7 घंटे तक डॉक्टर के घर में रही। जाते समय टीम मोबाइल, लैपटॉप और प्रिंटर भी साथ ले गई है। वहीं, डॉक्टर के बैंक अकाउंट की डिटेल में लाखों रुपए के टर्नओवर का पता चला है। साथ ही डॉक्टर का पाकिस्तानी लोगों और कश्मीर के संगठनों से कनेक्शन भी मिला है।

साड़ी घोटाला: मंत्री लक्ष्मी ने दिए जांच के आदेश

■ **खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रबंध संचालक को तत्काल कार्रवाई करने पत्र जारी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता को लेकर सामने आई शिकायतों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी गहन जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

100 की साड़ी, 500 में सप्लाई: खादी ग्रामोद्योग ने खेला भ्रष्टाचार का खेल

नवप्रदेश की खबर का असर

मंत्री राजवाड़े के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक ने छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र जारी कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने कहा है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खराब साड़ियां वापस लेकर नई साड़ियां देने के निर्देश

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने जिन स्थानों पर निम्न गुणवत्ता की साड़ियां वितरित हुई हैं, वहां उन्हें तत्काल वापस लेकर गुणवत्तापूर्ण नई साड़ियां उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ लोगों द्वारा इस मामले को लेकर भ्रामक एवं नकारात्मक प्रचार किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि शासन स्तर पर पूरे मामले को संज्ञान में लेकर पारदर्शी ढंग से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

मुंगेली में 2.54 करोड़ का धान गबन उजागर खरीदी केंद्र प्रभारी पर एफआईआर, जांच शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में धान खरीदी को लेकर एक बड़ा घोटाला सामने आया है। हथनीकला धान खरीदी केंद्र में पदस्थ प्रभारी विक्रम सिंह राजपूत पर 2,54,70,530 मूल्य के 8216.30 क्विंटल धान के गबन का आरोप लगा है।

मामले में सिटी कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा मुंगेली में पदस्थ पर्यवेक्षक भरत लाल कौशिक द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार,

आरोपी ने कुल 8216.30 क्विंटल धान की हेराफेरी कर अमानत में खयानत की है। गबन किए गए धान की कीमत 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से 2,54,70,530 आंकी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर (सहकारिता शाखा) मुंगेली के निर्देश पर 30 मार्च 2026 को संयुक्त जांच दल का गठन किया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यायालय धार्मिक मान्यताओं पर फैसला नहीं दे सकता: मंदिर कमेटी

■ **कुछ लोगों का अधिकार पूरे समुदाय के अधिकारों पर हावी नहीं हो सकता**

नई दिल्ली/ए.। केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। मंदिर का मैनेजमेंट देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के वकील एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, किसी धर्म की प्रथा सही है या नहीं, यह तय होगा उसी समुदाय की आस्था के आधार पर। जज खुद यह तय नहीं करेंगे कि धर्म के लिए क्या सही है, क्या गलत।' उन्होंने कहा कि धर्म एक



समूह या समुदाय की आस्था से जुड़ा है। इसलिए कुछ लोगों (महिलाओं की एंट्री) के अधिकार को पूरे समुदाय के अधिकारों पर हावी नहीं होने दिया जा सकता। इससे पहले 7 से 9 अप्रैल तक 3 दिन सुनवाई के दौरान भी महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखी गईं। केंद्र सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेक काम : बारसूर के प्राइमरी हेल्थ सेंटर में साल के 365 दिन 24 घंटे करते हैं मरीजों का ट्रीटमेंट

देवतुल्य डॉ. गणेश... नौ साल से एक भी दिन नहीं लिया अवकाश

हनीफ निजामी / प्रसाद नायडू

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर बारसूर के प्राइमरी हेल्थ सेंटर में पदस्थ डॉक्टर जीएसएस गणेश बाबू मरीजों के लिये भगवान से कम नहीं है। डॉ गणेश बाबू ने पिछले 9 साल में एक दिन भी छुट्टी नहीं ली। रविवार के दिन भी वे मरीजों का इलाज करते हैं। तीज-त्योहार पर घोषित सरकारी अवकाश के दौरान भी वे अवकाश नहीं लेते। डॉ गणेश बाबू साल के 365 दिन 24 घंटे अस्पताल में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अस्पताल में ही सोते हैं डॉ गणेश

डॉ गणेश बाबू की पत्नी आंध्रा प्रदेश में निवास करती हैं। उनके पुत्र यूएसए में जॉब कर रहे है। उम्र के इस पड़ाव में एकाकी जीवन जीने वाले डॉ गणेश ने स्वयं को वन क्षेत्र में रहने वाले मरीजों के ट्रीटमेंट और सेवा में समर्पित कर दिया है। डॉ गणेश के अथक और समर्पित सेवा भाव का ही नतीजा है कि अब आसपास के इलाकों के आदिवासियों समेत शहरी आबादी के नागरिक न बैगा-गुनिया के चक्कर में पड़ते हैं, न झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराते हैं। वे सीधे प्राइमरी हेल्थ सेंटर पहुंचते हैं।

नवप्रदेश विशेष

महिलाओं को दे चुके सौ से ज्यादा मोबाइल

संस्थागत प्रसव यानी अस्पताल में डिलीवरी कराने के लिये डॉ गणेश बाबू दूरदराज के इलाकों में रहने वाली महिलाओं को मोबाइल खरीदकर दे चुके हैं। पहले तुमरीगुंडा, बेदमा, छोटेकरका, चेरपाल, बड़े करका, मंगनार जैसे गांवों की स्थिति बेहद खराब होने के कारण पेशेंट यहां नहीं आते थे। डॉ गणेश बाबू ने दूरदराज के इलाकों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं को मोबाइल फोन खरीदकर दिये ताकि आपातकालीन स्थिति में वे डॉक्टर या अस्पताल स्टाफ से संपर्क कर सकें। स्टाफ के प्रोत्साहन और मरीजों से लगातार संपर्क कर मार्गदर्शन देने से पीएचसी आने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ। महिलाओं को एक हजार रुपए का साधारण फोन देने से प्राइमरी हेल्थ सेंटर में होने वाली डिलीवरी पहले की तुलना में दो से तीन गुना तक बढ़ गई है। बच्चों का नियमित टीकाकरण भी हो रहा है। इससे जच्चा-बच्चा के असमय मौत को रोकने में मदद मिली।

गरमा-गरम

नगरी में गूंजा 'जय भीम': बाबा साहेब की जयंती पर वक्ताओं ने दिया समानता व शिक्षा का संदेश

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी के आह्वान पर संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पूरे उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा कार्यकर्ताओं एवं बाबा साहेब के अनुयायियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।

इस दौरान पूरे आयोजन स्थल पर ÷जय भीम÷ के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने समाज के शोषित, वंचित एवं दलित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दियाअपने उद्बोधन में उन्होंने समाजजनों को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा साहेब के आदर्श हमें एकजुट होकर समाज के उत्थान और प्रगति के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्व ने बाबा साहेब की जयंती पर समाजजनों को बधाई देते हुए कहा कि उनके विचारों को अपनाकर ही हम एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं

कार्यक्रम के दौरान समाज की माताओं द्वारा भगवान गौतम बुद्ध जी की आरती की गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। पूरा सभागार ÷जय भीम÷ के नारों से गूंज उठा।

नगर विकास की घोषणा

नगरी नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापना हेतु स्थान उपलब्ध कराने एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए समाज जनों से भूमि प्रदान होने पर सामुदायिक भवन निर्माण करने का विचार रखा। इस पर समाजजनों ने उनका आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन मोहन पुजारी द्वारा किया गया, वहीं मंच संचालन अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संजय सारथी ने किया। अंत में यह आयोजन सामाजिक एकता, जागरूकता और बाबा साहेब के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बना। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम महेंद्र नेताम नगरी मंडल मंत्री अंबिका ध्रुव जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू कमल डागा मीडिया प्रभारी राम गोपाल साहू नीलम साहू अजय ध्रुव दीनदयाल यादव जनपद सदस्य सभापति प्रेमलता नागवंशी प्रतिमा देवांगन चेलेश्वरी साहू दीनदयाल सेन सुलोचना सिन्हा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास सोनी पार्षद अश्विनी निषाद शंकर देव देवचरण ध्रुव राजा पवार असकरण पटेल विनीता कोठारी डागेश्वरी साहू अलका साव खेमेन्द्र साहू जीवन कुटरे नेहा वैदे शिलाबाई कुटरे रेखा लोनहरे पूनम रामटेक आदि सामाजिक जन उपस्थित थे।

कैटतराई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया समरसता दिवस

सिहावा पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम कैटतराई में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को 'समरसता दिवस' के रूप में बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सभापति नगरी प्रेमलता नागवंशी रहीं, जिन्होंने बाबा साहेब के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण में **परम पूज्य गुरु घासीदास जी के प्रतीक स्वरूप जैतखाम की आरती की गई**, जिसमें सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया और गुरु जी के 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश को याद किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रेमलता नागवंशी ने बाबा साहेब के प्रेरक जीवन संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता के सबसे बड़े पैरोकार थे। उन्होंने विशेष रूप से महिला उत्थान में बाबा साहेब के योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि बाबा साहेब का मानना था कि किसी समाज की प्रगति उस समाज की महिलाओं की उन्नति से मापी जाती है। उन्होंने 'हिंदू कोड बिल' के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति में अधिकार और शिक्षा दिलाने की जो नींव रखी थी, उसी का परिणाम है कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

अंबेडकर जयंती पर गोहाननाला में संविधान की प्रस्तावना का वाचन

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर ग्राम गोहाननाला में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर श्रद्धापूर्वक जयंती मनाई गई। कार्यक्रम भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला धमतरी के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र नेताम एवं सरपंच मानकी बाई के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत महेंद्र नेताम द्वारा अपने निवास पर परिवार सहित बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर की गई। इसके पश्चात गोहाननाला में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख जयलाल मरकाम एवं ग्राम सभा अध्यक्ष सुनीता मरकाम की उपस्थिति में बाबा साहब के चित्र पर धूप-दीप एवं पुष्प अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी गईं। महेंद्र नेताम ने अपने संबोधन में बाबा साहब के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए संविधान के महत्व को बताया। कार्यक्रम में सरपंच मानकी बाई कुंजाम, बूथ अध्यक्ष हीरालाल नेताम, पंच संतुला, देवलाल मरकाम, जानकी मरकाम, कमलेश्वरी, कमलाबाई, बुधयारिन, ईश्वरी यादव, सुषमा, कमितला, ललिता विश्वकर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनक यादव, भृत्य बुधराम नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

आईटी के विद्यार्थियों ने किया इंटर्नशिप

कसडोल/नवप्रदेश। पीएम श्री सेजेस गुरु घासीदास उच्च माध्यमिक विद्यालय, कसडोल (जिला बलौदाबाजार-भाटापारा) के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी विषय में निर्धारित अवधि का इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को कंप्यूटर के व्यावहारिक ज्ञान, डिजिटल कार्यप्रणाली तथा आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना रहा। विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री संदीप कुमार नामदेव के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य श्री वी.आर. मंडलेश्वर के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर संचालन, सॉफ्टवेयर उपयोग, इंटरनेट एवं डिजिटल कार्यों का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इंटर्नशिप पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर हिंदी व्याख्याता श्री एम.के. दिवाकर, जीवविज्ञान व्याख्याता श्रीमती दिनिशा साहू, रसायन व्याख्याता श्रीमती संगीता साहू, गणित व्याख्याता श्री जी.के. साहू, संस्कृत व्याख्याता श्री आर.एन. देवांगन, श्री ए.के. कैवर्त्य, अंग्रेजी व्याख्याता श्री सी.एल. पटेल एवं श्री आर.के. चंद्राकर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

आदिवासी समाज टोनाटार चक के थानू नेताम बने अध्यक्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। टोनाटार चक के आश्रित ग्राम खैरताल में मावली महासभा के निर्देशानुसार मंत्रीमंडल गठन एवं अध्यक्ष चयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में टोनाटार चक के अंतर्गत आने वाले सभी आश्रित डीह के रायपंच एवं समाज के डीहवार उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य चक अध्यक्ष का सर्वसम्मति से मनोनयन करना था। इस दौरान अन्य विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और सभी रायपंचों के विचारों का मंथन किया गया। समाज के लोगों ने एकजुटता और सामंजस्य का परिचय देते हुए निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में टोनाटार चक के आश्रित 17 (सत्रह) डीह के रायपंचों एवं डीहवारों की सर्वसम्मति से थानू नेताम (थानू राम ध्रुव), डीह- मिरगी को अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत एवं स्वीकृत किया गया। मंत्रीमंडल के अन्य पदों का गठन आगामी कुछ दिनों में किया जाएगा। बैठक में रतन मंडावी (रायपंच टोपा), गजानंद मरावी (गोढ़ी), रामायण ध्रुव (रायपंच मिरगी), अधार ध्रुव (रायपंच परसाडीह), रमेश ध्रुव (रायपंच मल्दी), सालिक राम (रायपंच खैरताल), मालीकराम (रायपंच मगरवाय), देवकुमार (रायपंच टोनाटार), कीर्तन (रायपंच अमलीडीह), बिशेषर (रायपंच खमहरिया), दशरथ (रायपंच देवरानी), विनोद ध्रुव, अभय ध्रुव, रुपेश नागवंशी, विक्रम ध्रुव, केशव ध्रुव, द्वारिका ध्रुव सहित समस्त डीहवार उपस्थित रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ कमेटियों का गठन संगठन को मिलेगी नई मजबूती

महासमुंद/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासमुंद ग्रामीण की अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ कमेटियों का गठन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य संगठन की जमीनी पकड़ को मजबूत करना और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपना रहा। गठित बूथ कमेटियों की संपूर्ण सूची जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव को विधिवत सौंप दी गई। इस अवसर पर श्रीमती अन्नू चंद्राकर ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि मजबूत बूथ समितियों के माध्यम से आगामी चुनावों में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाएंगे। सूची प्राप्त करते हुए जिलाध्यक्ष एवं विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव ने ब्लॉक कांग्रेस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सफलता की कुंजी मजबूत बूथ प्रबंधन में निहित होती है और इन कमेटियों के गठन से महासमुंद ग्रामीण क्षेत्र में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, मंडल अध्यक्ष सचिन गायकवाड, लीलू साहू, जयश्री दास, प्रदीप चंद्राकर, सोमेश दवे, निर्मल जैन, अनीश राजवानी, जुगल शर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्थानीय प्रशासन की कार्यवाही और जिला खनिज विभाग की उदासीनता

राजपुर में अवैध खनन का बड़ा खुलासा, 120 ट्रक पत्थर जब्त

■ गहराई तक उत्खनन पर उठे गंभीर सवाल

धमधा/नवप्रदेश। धमधा विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर में लंबे समय से जारी अवैध पत्थर खनन के मामले ने अब बड़ा रूप ले लिया है। प्रशासन द्वारा की गई हालिया कार्रवाई में करीब 120 ट्रक पत्थर जब्त किए जाने के बाद पूरे क्षेत्र में खनन गतिविधियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय स्तर पर पहले से ही यह आरोप लगते रहे हैं कि क्षेत्र में बिना वैध लीज खनन, अवैध भंडारण और नियमों की अनदेखी करते हुए बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जा रहा है, जिससे शासन को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है।

मामले की जांच के लिए पहुंचे नायब तहसीलदार द्वारा ग्राम पंचायत राजपुर में दो पत्थर खदानों के संचालन की पुष्टि की गई, जिनमें से एक खदान वैध पाई गई, जबकि दूसरी की वैधता अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि वास्तविक स्थिति इससे कहीं अलग है और मौके पर कई अन्य खदानें भी संचालित हो रही हैं, जो जांच के दायरे में नहीं आ पाई हैं। इस विरोधाभास ने जांच की पारदर्शिता और व्यापकता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जांच के दौरान खसरा नंबर 178/2, 178/3 और 179 स्थित खदान में लगभग 13 मीटर यानी करीब 42 फीट गहराई तक उत्खनन पाया गया। खनन नियमों के अनुसार सामान्यतः सीमित गहराई तक ही उत्खनन की अनुमति होती है और इससे अधिक गहराई के लिए स्वीकृत खनन योजना तथा पर्यावरणीय अनुमति अनिवार्य होती है। ऐसे में इतनी अधिक गहराई तक खुदाई पाए जाने से यह आशंका बलवती हो रही है कि कहीं न कहीं नियमों का उल्लंघन किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की गहरी खुदाई न केवल अवैध हो सकती है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं और पर्यावरणीय क्षति का खतरा भी बढ़ जाता है।

इसी क्रम में प्रशासन ने अवैध पत्थर भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पारधी पारा से 50 ट्रक, नागा बाबा मंदिर रोड से 50 ट्रक तथा बांध के आसपास से 20 ट्रक पत्थर जब्त कर पंचायत को सुपुर्द किया है। यह पूरी कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा के निर्देशन में की गई, जिसे अब तक की बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। इसके बावजूद स्थानीय लोगों में यह असंतोष बना हुआ है कि अभी भी कई प्रभावशाली लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई है और अवैध खनन का नेटवर्क पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

इस पूरे मामले में जिला प्रशासन और खनिज विभाग फिलहाल चुप्पी साधे हुए हैं, जबकि स्थानीय प्रशासन स्तर पर कार्रवाई जारी है। ऐसे में खनिज विभाग दुर्ग की कार्यप्रणाली पर भी गहरे सवाल उठने लगे हैं। यह प्रश्न अब चर्चा का विषय बन गया है कि आखिरकार इतने बड़े स्तर पर अवैध खनन गतिविधियों के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा समय रहते सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई और अब तक इस पर प्रभावी नियंत्रण क्यों नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से क्षेत्र में यह गतिविधियां जारी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा समय पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिसके कारण अवैध खनन को बढ़ावा मिला। अब जब मामला उजागर हुआ है, तो लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष और व्यापक जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि किन खदानों को वैध अनुमति प्राप्त है, कहां अवैध खनन हो रहा है और इस पूरे नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

फिलहाल प्रशासन की इस कार्रवाई ने अवैध खनन के बड़े नेटवर्क की ओर संकेत जरूर किया है, लेकिन जब तक पूरी सच्चाई सामने नहीं आती और सभी जिम्मेदारों पर समान रूप से कार्रवाई नहीं होती, तब तक राजपुर का यह मामला थमने वाला नहीं है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर आगे कितनी सख्ती और पारदर्शिता के साथ कदम उठाता है।

जलियांवाला बाग हत्याकांड की 107वीं बरसी पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा, शहीदों को किया नमन

महासमुंद/नवप्रदेश। जलियांवाला बाग हत्याकांड की 107वीं बरसी के अवसर पर सोमवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा में उपस्थित जनों ने 13 अप्रैल 1919 की उस हृदयविदारक घटना को याद करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि जलियांवाला बाग की पवित्र मिट्टी आज भी वीरों के बलिदान की साक्षी है, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद कर स्वतंत्रता की अलख जगाई। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों के बलिदान ने देश में आजादी की मशाल प्रज्वलित की और आने वाली पीढ़ियों को संघर्ष का मार्ग दिखाया। वहीं, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने इस घटना को इतिहास का काला अध्याय बताते हुए कहा कि यह हमें हमारे पूर्वजों के त्याग और संघर्ष की याद दिलाता है।

41वें वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का हुआ समापन

भाटापारा/नवप्रदेश। 41वें वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत पारितोषिक वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन अम्बुजा कॉलोनी, रवान, यूनिट भाटापारा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी (DGMS) के बिलासपुर एवं रायगढ़ रीजन के अंतर्गत आने वाले गैर-कोयला खनन क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदारों, श्रमिकों एवं खदानों को खान सुरक्षा के क्षेत्र में उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना था।खान सुरक्षा पखवाड़ा-2025 के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इसकी शुरुआत 24 अक्टूबर 2025 को बिलासपुर में आयोजित वार्षिक सभा से हुई। इसके बाद 3 नवंबर से 22 नवंबर 2025 तक ट्रेड टेस्ट प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। वहीं, 25 नवंबर से 9 दिसंबर 2025 के बीच विभिन्न खदानों का निरीक्षण किया गया। इस पखवाड़े में कुल 66 खानों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह का आयोजन बीएसपी सेल, भिलाई द्वारा किया गया था, जबकि आगामी वर्ष के लिए बीएसपी सेल, दल्ली राजहरा मैकेनाइज्ड माइंस को मेजबान के रूप में चुना गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि खनन क्षेत्र में उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। सुरक्षित कार्य प्रणालियों के माध्यम से दुर्घटनाओं में कमी आती है और कार्यस्थल पर अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामावतार मीणा, डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी, पश्चिमी ज़ोन उपस्थित रहे।

वार्ड चलो-घर चलो अभियान में भाजपा का जनसंपर्क तेज

■ सांसद रूपकुमारी चौधरी ने दी योजनाओं की जानकारी

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा संचालित ''वार्ड चलो, घर चलो'' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 25, 26 एवं 30 में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती चौधरी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी नागरिकों के साथ साझा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर भी लोगों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के एक हितग्राही को अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा उपस्थित नागरिकों को सरबत वितरित कर जनसंपर्क को और मजबूत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य सुजाता विश्वनाथन ने भी विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी और आमजन से उनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, भाजपा मंत्री मनीष बंसल, वार्ड 25 के पार्षद एवं पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू, वार्ड 26 के पार्षद पीयूष साहू, वार्ड 30 की पार्षद धनेश्वरी सोनवानी, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी एम.आर. विश्वनाथन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान एवं जिला अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्याम कीर्तन सुनने छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से पहुंचे प्रेमी

■ रूपम शुभम की जोड़ी ने बांधा समां

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में एक बार फिर श्री श्याम युवा मंडल के कार्यकर्ताओं ने श्याम संकीर्तन का सफल आयोजन कर अपने सनातनी धर्म और बाबा के भक्तों को एक सूत्र में बांधने का शानदार और सफल आयोजन कराया है,जिसकी भाटापारा ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए श्याम प्रेमी भी कंठ मुक्त से सराहना कर आयोजकों को बधाई दे रहे है।

श्री श्याम युवा मंडल के द्वारा रविवार को भाटापारा क पदमा रिसोर्ट में श्याम बाबा का भव्य और अलौकिक सुंदर दरबार सजाया गया।इस अवसर पर कलकत्ता से आए श्याम भक्त रूपम शुभम की मधुर जोड़ी ने अपने सुरीले अंदाज में बाबा को रिझाने में ना केवल सफल हुए बल्कि दरबार में बैठे हजारों श्याम भक्तों को अल सुबह साढ़े 3 बजे तक अपने भजन कीर्तन के माध्यम से नाचने गुनगुनाने में मशगूल कर दिया।नगरवासियों को काफी लंबे समय बाद इतना अच्छा आयोजन देखने को मिला और सभी ने बाबा के भजनों का आनंद लिया। श्री श्याम युवा मंडल के युवाओं की मेहनत लगन का परिणाम रहा कि इस आयोजन में शामिल होने बाबा का दिव्य जोत का दर्शन करने छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से श्याम भक्त यहां आए थे और आयोजकों ने सभी के लिए श्याम बाबा की रसोई की व्यवस्था प्रसाद स्वरूप कर रखी थी। देश के प्रसिद्ध श्याम भजन गायक कलाकार रूपम शुभम के अलावा अभिषेक नाम जयपुर और अभिषेक गर्ग शक्ति ने भी दरबार श्याम प्रेमियों को रिझाते रहे।नगर का यह आयोजन लोगो के लिए एक यादगार दिन बन गया और कोई इस शानदार और सफल आयोजन के लिए श्री श्याम युवा मंडल के युवाओं की तारीफ कर रहा है।

अम्बेडकर जयंती पर विश्व हिन्दू परिषद ने निकाली रैली, किया माल्यार्पण

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिला महासमुंद द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अम्बेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके महान योगदान को स्मरण किया गया।इसके पश्चात परिषद के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली, जो स्थानीय नयापारा एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पहुंची। यहां भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों को चॉकलेट वितरित कर खुशियां साझा की गईं। जयंती के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा अम्बेडकर चौक में शीतल पेयजल एवं शरबत वितरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, प्रांत समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया, प्रांत धर्म प्रसार सदस्य देवेंद्र दुबे, दानेश्वर (दानू) सिन्हा, संत रविदास समाज के प्रदेश अध्यक्ष बुद्धेश्वर सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष बिपिन बिहारी महंती आदि उपस्थित थे।

नो सेफ्टी नो प्रोडक्शन के सिद्धांत को सख्ती से पालन करवाये सरकारः अभिषेक मिश्रा

राज्य सरकार की लापरवाही से उद्योगों में इस तरह की घटना आम हो गई, आप ने बनाई जांच समिति

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी ने सक्ति जिले के सिंघीतराई में स्थित वेदान्ता पावर प्लांट में हुई भयानक दुर्घटना की कठोर निंदा की है आपको बता दे 14 अप्रैल 2026 के दोपहर को बायलर फटने से कई मजदूरों की जान गई और अनेक घायल हुए। यह हादसा, एक उच्च-दबाव वाली स्टीम ट्यूब के फटने से हुआ, जो संभावित रूप से सुरक्षा मानकों की अनदेखी और मेंटेनेंस की कमी के कारण था।

उत्तम जायसवाल ने कहा कि हम वेदांता समूह की सुरक्षा प्रोटोकॉल की कड़ी आलोचना करते हैं, जिनका दावा था कि वे उच्च मानकों का पालन करते हैं। लेकिन यह हादसा साफ तौर पर दर्शाता है कि सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। हम मांग करते हैं कि राज्य सरकार एक स्वतंत्र और गहन जांच करे, जिसमें यह देखा जाए कि आखिरी बार सुरक्षा अधिकारियों ने बॉयलर का निरीक्षण कब किया था, और क्या सभी मानक सही तरीके से फॉलो किए गए थे।

उन्होंने वेदांता समूह और राज्य सरकार के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है उन्होंने कहा है कि वेदांता समूह के जिम्मेदार लोगो पर और सरकार में पदस्त औद्योगिक सुरक्षा अधिकारियों के ऊपर हत्या का केस दर्ज हो पूर्व में भी आर के एम पवार प्लांट में इसी तरह की घटना हुई थी जिसमे बहुत से मजदूर असमय काल के गाल में समा गए लेकिन उसकी जाँच के बाद भी किसी निष्कर्ष पर यह सरकार नही पहुची,दुर्घटना पर बड़ी बड़ी बाते होती है पर एक समय के बाद इसे सब भूल जाते है इस भीषण दुर्घटना पर भी जांच बैठेगी लेकिन निकट भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो इसको लेकर कोई सुरक्षा नियामक मजदूरों के हितों को ध्यान में रखकर बनाना होगा यह सरकार की गंभीर लापरवाही का नतीजा है सरकार यह जानकारी दे कि उद्योग के उपकरण के सुरक्षा जांच व समीक्षा करने वाले अधिकारी औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी ने अंतिम बार कब जांच निरीक्षण किया था यह औद्योगिक सुरक्षा अधिकारियों के साथ साथ सरकार की गंभीर लापरवाही का परिणाम है कि इस तरह घटना बार बार हो रही है

अभिषेक मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी मजदूरों के हितों अधिकारों के लिए भी आवाज हमेशा उठाती रही हैं, जो मजदूर इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठे या घायल हुए हैं। उनका जीवन, उनका हक, और उनकी सुरक्षा सबसे पहले होनी चाहिए। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वे उचित मुआवजे की व्यवस्था करें, और एक ऐसी संरचना बनाए जिससे भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं दोबारा न हों। हम यह भी मांग करते हैं कि वेदांता और सरकार दोनों ÷नो सेफ्टी, नो प्रोडक्शन÷ के सिद्धांत को सख्ती से अपनाएं, और यह सुनिश्चित करें कि हर स्तर पर सुरक्षा का पालन हो। हम इस घटना के लिए जिम्मेदार सभी पक्षों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं, ताकि मजदूरों के साथ न्याय हो और भविष्य में इस तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो दोषी अधिकारियों को सख्त से सख्त सजा मिले।

कॉलेजों में शुरू होगी 'रक्षक' पाठ्यक्रम की पढ़ाई, बाल सुरक्षा को मिलेगा मजबूत आधार

■ बाल सुरक्षा को मिलेगा मजबूत आधार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा राज्य में 'रक्षक पाठ्यक्रम' को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के माध्यम से बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और समाज में बाल संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है।

इस पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए पूर्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े तथा उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंक राम वर्मा के सहयोग से एमओयू संपन्न किया गया था। यह समझौता राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में ÷रक्षक÷ पाठ्यक्रम लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। इसी क्रम में बुधवार को रायपुर स्थित होटल बेबिलोन में 'रक्षक' पाठ्यक्रम के अंतर्गत तैयार उप-इकाइयों (सब-यूनिट्स) को अंतिम रूप देने हेतु विश्वविद्यालय स्तरीय परामर्श बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद आयोग के सचिव प्रतीक खरे और डायरेक्टर श्रीमती संगीता बिंद ने अतिथियों का स्वागत किया।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ÷रक्षक पाठ्यक्रम केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक सशक्त सामाजिक अभियान है। हमारा प्रयास है कि इसे प्रभावी रूप से लागू कर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित और जागरूक बनाया जाए। बैठक में राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों–पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय (सरगुजा), श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (भिलाई), एमिटी यूनिवर्सिटी और अंजनेय यूनिवर्सिटी–के कुलपति, कुलसचिव, प्रतिनिधि एवं विषय विशेषज्ञ शामिल हुए। परामर्श बैठक का मुख्य उद्देश्य पाठ्यक्रम की उप-इकाइयों पर विस्तृत चर्चा कर उन्हें अंतिम स्वरूप प्रदान करना था, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से इसे प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

महाराष्ट्र मंडल में एक और हिंदी नाटक की सुगबुगाहट

■ अभिषेक बक्षी निर्देशित नाटक 'शिव शौर्य' की पूरी तैयारी के साथ शुरू हो रही रिहर्सल

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में एक और हिंदी नाटक के मंचन की तैयारी शुरू हो गई है। सभासदों की देर शाम हुई बैठक में नाटक 'शिव शौर्य' के मंचन का निर्णय लिया गया है। पहली बार रंगसाधक अभिषेक बक्षी इस नाटक के माध्यम से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं। इसमें वे छत्रपति शिवाजी महाराज की केंद्रीय भूमिका निभाएंगे। सचिव चेतन दंडवते ने बताया कि छह जून को महाराष्ट्र मंडल में प्रति वर्षानुसार छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस समारोह आयोजित किया जाना है। इसी समारोह में अभिषेक बक्षी निर्देशित नाटक शिव शौर्य का मंचन प्रस्तावित है।

बैठक के बाद अभिषेक ने कहा कि 'शिव शौर्य' में वरिष्ठ रंगसाधक शशि वरवंडकर, रंजन मोड़क, कीर्ति हिशीकर, पवन ओगले, भारती पलसोदकर, रविंद्र ठेंगड़ी, योगेश दंडवते, यशस्वी दंडवते, गणेशा जाधव पाटिल, पंकज सराफ, अभय भागवतकर, पराग दलाल, प्रार्थना दंडवते सहित अनेक रंगमचीय कलाकारों ने नाटक में काम करने की अपनी सहमति दी है। तकनीकी पक्ष परितोष डोनगांवकर, अजय पोतदार, प्रवीण क्षीरसागर संभालेंगे। बैठक में नाटक की स्क्रिप्ट पर चर्चा की गई, जिसमें वरिष्ठ रंगसाधकों के महत्वपूर्ण सुझाव भी आए। अगले कुछ दिनों में नाटक का रिहर्सल शुरू हो जाएगा।

बैठक में शामिल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि 'शिव शौर्य' के माध्यम से महाराष्ट्र मंडल ही नहीं, शहर के रंगमंच को भी अभिषेक बक्षी के रूप में एक नया निर्देशक मिलने जा रहा है। हजार कदम चलने के लिए पहला कदम तो उठाना ही पड़ता है। काले ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि मंडल का यह नाटक न केवल लोगों को पसंद आएगा, बल्कि सफलता के झंडे भी गाड़ेगा। सचिव दंडवते ने विश्वास दिलाया कि सभी कलाकार 'शिव शौर्य' के लिए पूरे समर्पित भाव से अनुशासन के साथ रिहर्सल में भाग लेंगे।

'क्या खूब लगती हो...' पर ग्रुप डांस के साथ महिलाओं ने मनाया हल्दी कुंकू

■ महाराष्ट्र मंडल के डंगनिया केंद्र के आयोजन में महिलाओं ने तंबोला को भी किया एंजॉय, सर्वसम्मति से अंजलि काले बनीं संयोजिका

रायपुर/नवप्रदेश। 'गौर गौर सांजळी, गव्हाच्या आंजळी.....' के साथ हल्दी कुंकू लगाकर महिलाओं ने चैत्र गौर उत्सव मनाया। आम के पत्ते और पारंपरिक खान पैठनी के साथ महिलाओं ने सुंदर चैत्र गौर की सजावट की। कैरी, फल और फूलों की पंखुड़ियों से एक आकर्षक 'चैत्रंगन' रंगोली बनाई। मौका महाराष्ट्र मंडल के डंगनिया महिला केंद्र की ओर से आयोजित हल्दी-कुंकू का था। वहीं फिल्म 'धर्मात्मा' के रोमांटिक गीत 'क्या खूब लगती हो, बड़ी सुंदर लगती हो..' पर ग्रुप डांस कर महिलाओं ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया।

सखी निवास प्रभारी नमिता शेष ने बताया कि डंगनिया केंद्र की महिलाओं ने चैत्र गौर हल्दी-कुंकू का आयोजन किया। इस दौरान केंद्र की सदस्याओं ने फिल्मी गीतों में एक्शन के साथ रील्स बनाए। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात, अंजलि काले को सर्वसम्मति से डंगनिया महिला केंद्र की नई संयोजिका बनाया गया। वहीं प्रियंका राजपूत, प्रीति रणदिवे, अनुभा जाउलकर और दीपांजलि भालेराव को सह संयोजिका का दायित्व सौंपा गया।

इस मौके पर सभी का पसंदीदा खेल तंबोला खेला गया। महाराष्ट्र मंडल के मेस में बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों व नाश्ते का लुत्फ उठाकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर अनुभा जाउलकर, अंजलि काले, माधुरी गिर्हे, प्रिया जोगळेकर, रश्मि दलाल, ज्योति डोळस, अनुजा महाडिक, संध्या अनिल कुमार, सौम्या इंगले, सृष्टि दंडवते, अनामिका महाजन, श्रद्धा देशमुख, श्रद्धा मरघड़े, सोनल फड्नवीस, दीपांजलि भालेराव, प्रियंका राजपूत, अर्चना कुलकर्णी, श्वेता बक्षी, अपर्णा दबड़गांव, सोनाली पंखराज, शैला गायधनी, जया भावे, सीमा देव, शिल्पा पराड़कर सहित अनेक सभासद उपस्थित थीं।

सुविचार

यह कटु सत्य है कि सच्चा प्रेम तो एकतरफ ही हुआ करता है। जो दोतरफा होता है वह प्यार नहीं व्यापार होता है।

फिर से शांति वार्ता की संभावना

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान के इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता के विफल होने के बाद मिडिल ईस्ट में फिर से जंग के शोले भड़कने का जो खतरा नजर आ रहा था वह फिलहाल टल गया है। दोनों के बीच फिर से शांति वार्ता शुरू होने की संभावना बनी है। जो पूरी दुनिया के लिए राहत की बात है। यह दूसरी वार्ता सफल होगी या नहीं इस बारे में कुछ कह पाना मुहाल है लेकिन यह भी कोई कम राहत की बात नहीं है कि वार्ता के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। हो सकता है दूसरे के बाद तीसरी वार्ता भी हो। समस्या विकट है लेकिन इसका समाधान जंग से नहीं बातचीत से ही निकल सकता है। यह बात भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से कहते आ रहे हैं। बहरहाल देर से ही सही पर अमेरिका की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह बात समझ में आई और उन्होंने पहली शांति वार्ता विफल होने के बाद फिर से ईरान को जो धमकी देना शुरू किया था उससे उन्होंने किनारा किया है और कहा है कि अमेरिका फिर से ईरान के साथ वार्ता के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच जो दो सप्ताह का सीजफायर हुआ है उसकी मियाद 21 अप्रैल को पूरी होने जा रही है। इसके पहले ही दोनों के बीच शांति वार्ता हो सकती है। इस मामले में रूस ने भी मध्यस्थता करने की पेशकश की है। उसके प्रस्ताव पर भी विचार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पहली वार्ता अपनी सरजमीं पर विफल होने से जगहंसाई का पात्र बना पाकिस्तान दूसरी वार्ता भी पाकिस्तान में ही कराने के लिए जोर लगा रहा है। उसने तो दूसरी संभावित वार्ता का बाकायदा तैयारी भी शुरू कर दी है। पाकिस्तानी मीडिया ने तो यह तक शिगूफा छोड़ दिया है कि इस बार की शांति वार्ता में खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शिरकत कर सकते हैं। संभावना जताई जा रही है कि 16 या 17 अप्रैल को वार्ता हो सकती है। जो इस्लामाबाद अथवा जिनेवा में हो सकती है। यह वार्ता चाहे जहां हो लेकिन होनी चाहिए क्योंकि मिडिल ईस्ट का जंग की आग में झुलसना पूरी नहीं तो आधी दुनिया के लिए तो परेशानी का सबब बन ही जाएगा। इस बीच अमेरिका ने दूसरे दौर की बातचीत के लिए शर्त रखी है कि ईरान होर्मोस को तत्काल खोले ताकि वहां फंसे सैकड़ों जहाज अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सके और तेल व गैस के संकट से जूझते देश राहत की सांस ले सकें। उम्मीद की जानी चाहिए कि इसमें ईरान अडंगा नहीं लगाएगा और बातचीत की टेबल पर वापस आएगा।

उद्योगों में श्रमिकों की सुरक्षा निहायत जरूरी

छत्तीसगढ़ के शक्ति जिले में स्थित वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटने कीहृदय विदारक घटना में 12 श्रमिकों की दुखद मौत हो गई। वहीं 25 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से झूलस गये हैं। जिनका विभिन्न अस्पतलों में उपचार चल रहा है। निश्चित रूप से यह घटना अत्यंत पीड़ा दायक है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि वह एक मिसाल बने और भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है लेकिन औद्योगिक संस्थानों में सुरक्षा के वैसै व्यापक इंतेजाम नहीं है जैसे होने चाहिए। यही वजह है कि आये दिन इन औद्योगिक इकाईयों में ऐसे दुखद हादसे होते ही रहते हैं और इनकी चपेट में आकर मजदूर आसमय ही काल का ग्रास बनते रहते हैं। ऐसी घटनाओं के बाद शासन प्रशासन घटना की जांच के आदेश देकर और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देकर अपने कत्वर्य की इतिश्री कर लेता है। इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए सरकार को इस हादसे की सुक्ष्म जांच करानी चाहिए और इसके लिए जो भी दोषी पाया जाये उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि दइस हादसे की उच्च स्तरीय जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी संवेदना व्यक्त की है मृतक के परिजनों को 2-2 लाख रूपये का मुआवजा देने की तथा घायलों के लिए 50-50 हजार रूपये देने की घोषणा की है किन्तु पीड़ित परिवारों को सही मायनों में न्याय तभी मिलेगा जब इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी तथा औद्योगिक संस्थानों में श्रमिकों की सुरक्षा की गारंटी मिलेगी।

सद्गुरू ब्रोधामृतम्


सदगुरू ऋतेश्वर

◆ जीवन में चेष्टा तो यही होनी चाहिए एफिल टॉवर, हिमालय पर्वत तो चढ़ गए पर क्या अपने गुरु की निगाह में चढ़े? चढ़ना है तो उनकी निगाह में ही चढ़ो। निगाह में चढ़ना भी दो प्रकार का होता है:–एक आदमी का तू मेरी निगाह में चढ़ गया है एक तो ये वाला है और एक उनकी निगाहों में सदा बने रहते है जैसे मां की निगाहों में सदा उसका पुत्र बना रहता है। अब तुम अपनी समझ से समझो कि तुम्हें किस प्रकार का चढ़ना है!

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1917 - पेट्रोग्राड में रूसी सैनिकों का विद्रोह, रूस में अस्थायी सरकार का गठन, जार निकोलस द्वितीय द्वारा सिंहासन एवं देश का त्याग। 1999 - पाकिस्तान ने भारत को हराकर कोका कोला कप त्रिकोणीय टूर्नामेंट (शारजाह) जीता। न्यू माइक्रोव नामक सबसे बड़े आकार के जीवाणु का सं.रा. अमेरिका में पता चला। अब्दैलाजीज बोतेफ्लिका अल्जीरिया के नये राष्ट्रपति बने। 2002 - दक्षिण कोरिया में विमान दुर्घटना में 120 मरे। 2004 - भारत में रावलपिंडी में तीसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को हराकर दोनों देशों के बीच आयोजित शृंखला 2-1 से जीती। 2008 - लेसेस्टर सिटी काउंसिल (लंदन) ने इस बहुसांस्कृतिक शहर में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने को मंजूरी प्रदान की। 2010 - ब्रिक सम्मेलन के बाद जारी साझा बयान में ब्रिक के सदस्य राष्ट्रों ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन के नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत-ब्राजील की महत्त्वपूर्ण भूमिका और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने वाले सुधार पर बल दिया।

सूडान: बंदूकें कब खामोश होंगी?

1000 दिनों से अधिक समय से सूडान में बंदूकें बोल रही हैंऔर इस शोर में एक पूरे समाज की आवाज़ दब गई है। 15 अप्रैल 2023 को शुरू हुआ यह संघर्ष अब केवल सैन्य टकराव नहीं रह गया, बल्कि एक ऐसी मानवीय त्रासदी बन चुका है जिसमें हजारों जानें जा चुकी हैं और लाखों लोग अपने ही देश में विस्थापित हो चुके हैं।ऐसे समय में युद्धविराम की मांग सिर्फएक राजनीतिक अपील नहीं, बल्कि एक थके हुए समाज की ज़रूरत बन चुकी है।

रवि कुमार माँझी
आबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात)

संकट की जड़ें

सूडान की मौजूदा स्थिति को समझने के लिये उसके अतीत पर नज़र डालनी होगी। तीन दशकों तक चला दमनकारी शासन, जिसने सत्ता बनाए रखने के लिये हिंसा और विभाजन को हथियार बनाया, देश को भीतर से कमजोर कर चुका था। दारफुर और नूबा पर्वत जैसे क्षेत्रों में हुई घटनाएँ इस विभाजन की गहराई को दिखाती हैं। 2019 में जब जनता सड़कों पर उतरी और उमर अल-बशीर की सत्ता का अंत हुआ, तब एक नई शुरुआत की उम्मीद जगी थी। लाखों लोग एक साथ खड़े हुएयह केवल विरोध नहीं, बल्कि बदलाव की सामूहिक आकांक्षा थीलेकिन यही उम्मीद जल्द ही बिखर गई।

अधूरा बदलाव, बढ़ता असंतुलन

शासन परिवर्तन के बाद शुरू हुई राजनीतिक प्रक्रिया अपने उद्देश्य तक नहीं पहुँच सकी। विपक्षी दलों की आपसी खींचतान, कमजोर नागरिक समाज और जमीनी आंदोलनों को पर्याप्त राजनीतिक पहचान न मिल पानाइन सबने मिलकर संक्रमण को असफल बना दिया। इसमें बाहरी शक्तियों के हितों ने और उलझन पैदा की। आर्थिक संकट गहराता गया, सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होती गई और आम नागरिकों का भरोसा धीरे-धीरे खत्म होने लगा।यही वह पृष्ठभूमि थी, जिसने आज के संघर्ष को जन्म दिया।

सत्ता की लड़ाई, जनता की हार

आज सूडान दो प्रमुख ताकतों के बीच बँटा हुआ हैरैपिड सपोर्ट फोर्सेज और सूडानी सशस्त्र बल। RSF, जिसका अतीत हिंसा और दमन से जुड़ा रहा है, आज भी उसी छवि से बाहर नहीं निकल सका है। लूटपाट, यौन हिंसा और नागरिकों पर हमलेये आरोप केवल घटनाएँ नहीं, बल्कि उस दूरी को दिखाते हैं जो इस बल और आम लोगों के बीच बन चुकी है। दूसरी ओर सेना सत्ता पर काबिज तो है, लेकिन बिना स्पष्ट दिशा के। सीमित सेवाओं और कमजोर अर्थव्यवस्था के सहारे वह व्यवस्था को बस किसी तरह बनाए हुए है।इस टकराव में असली हार जनता की हो रही है–बंद स्कूल, ठप अस्पताल और बिखरती रोज़मर्रा की ज़िंदगी इसका सबसे स्पष्ट प्रमाण हैं।

लोगों की प्राथमिकता: बस सामान्य जीवन

आज सूडान के लोगों के लिये सबसे बड़ा सवाल सत्ता नहीं, बल्कि सुरक्षा है। शरणार्थी शिविरों में रह रहे लोग हों या विदेशों में बसे सूडानीसबकी एक ही मांग है: हिंसा रुके और जीवन पटरी पर लौटे।वे चाहते हैं कि लूटपाट बंद हो, मनमानी गिरफ्तारियाँ न हों और बुनियादी ढाँचे जैसे कि अस्पताल, स्कूल, बाजारसुरक्षित रहें।यह स्थिति बताती है कि जब संघर्ष लंबा खिंचता है, तो राजनीतिक सवाल पीछे छूट जाते हैं और जीवन की बुनियादी जरूरतें ही सबसे बड़ी प्राथमिकता बन जाती हैं।

क्यों जरूरी है व्यापक युद्धविराम

सिर्फगोलाबारी रुक जाना काफी नहीं होगा। ज़रूरत है एक ऐसे व्यापक समझौते की, जिसमें हर तरह की हिंसा पर रोक लगे, न सिर्फयुद्धबल्कि उससे जुड़ी हर क्रूरता भी।इसके लिये प्रभावी मध्यस्थता अनिवार्य है। बातचीत चरणों में आगे बढ़नी चाहिये और इसमें सिर्फ दो प्रमुख पक्षों तक सीमित रहने के बजाय उन सभी समूहों को शामिल करना होगा, जो इस संघर्ष का हिस्सा हैं।यही एकमात्र रास्ता है जिससे कोई स्थायी समाधान निकल सकता है।

बाहरी प्रभाव और जिम्मेदारी

यह संघर्ष केवल आंतरिक नहीं है; बाहरी शक्तियों की भूमिका भी इसमें स्पष्ट दिखती है। जब तक इन प्रभावों को सीमित नहीं किया जाएगा, तब तक शांति की प्रक्रिया अधूरी रहेगी।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस पहल की जरूरत है, ताकि युद्ध को बढ़ावा देने वाले तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके और वास्तविक बातचीत का माहौल तैयार हो।

अब क्या किया जाए?

आगे का रास्ता स्पष्ट तो है, लेकिन आसान नहीं। सबसे पहले हिंसा पर रोक लगानी होगी। इसके बाद एक समावेशी राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करनी होगी, जिसमें हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो।स्थानीय स्तर पर चुनाव, विस्थापित लोगों को शामिल करना और एक अंतरिम व्यवस्था बनाना, ये कदम धीरे-धीरे स्थिरता की ओर ले जा सकते हैं।इसके साथ ही न्याय और जवाबदेही की व्यवस्था जरूरी होगी, ताकि भविष्य में ऐसे संकट दोहराए न जाएं।

निष्कर्ष

सूडान आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ हर दिन की देरी हालात को और खराब कर सकती है। युद्धविराम एक शुरुआत हो सकता है, लेकिन असली चुनौती उसे टिकाऊ शांति में बदलने की है।अगर यह अवसर भी हाथ से निकल गया, तो आने वाले दिन और कठिन हो सकते हैं।आखिरकार, किसी भी युद्ध की सबसे बड़ी कीमत आम लोग ही चुकाते हैंऔर सूडान के लोग अब इस कीमत से थक चुके हैं। उन्हें अब केवल एक चीज़ चाहिए, शांति।

बिहार को मिला नया 'सम्राट'

महेन्द्र तिवारी

बिहार की राजनीति में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में पहली बार भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बनना केवल एक व्यक्ति का सत्ता में आना नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक यात्रा का परिणाम है जो पिछले कई वर्षों से धीरे-धीरे आकार ले रही थी। 243 सदस्यीय विधानसभा में 2025 के चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 202 सीटें मिलीं, जिनमें अकेले भारतीय जनता पार्टी के पास 89 सीटें थीं, जो उसे सबसे बड़ा दल बनाती हैं । यही संख्या अंततः उस दावे की बुनियाद बनी जिसके सहारे भाजपा ने नेतृत्व परिवर्तन का निर्णय लिया।

सम्राट चौधरी का उदय अचानक नहीं हुआ। वे 2024 से उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य कर रहे थे और वित्त, गृह जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके थे । इससे पहले वे विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके थे, जो उनके राजनीतिक अनुभव को दर्शाता है। उनका जन्म 1968 में मुंगेर जिले के एक राजनीतिक परिवार में हुआ और उनके पिता शकुनी चौधरी कई बार सांसद और विधायक रहे । यह पृष्ठभूमि उन्हें सामाजिक आधार और राजनीतिक नेटवर्क दोनों देती है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि वे लंबे समय तक भाजपा के मूल कार्यकर्ता नहीं रहे, बल्कि बाद में पार्टी में आए और तेजी से ऊपर उठे, जो यह दर्शाता है कि भाजपा ने उन्हें एक रणनीतिक चेहरा के रूप में विकसित किया। नीतीश कुमार का राजनीतिक दौर बिहार में लगभग दो दशकों तक प्रभावी रहा। उन्होंने 2005 से लेकर 2026 तक अलग अलग अवधियों में राज्य का नेतृत्व किया और इस दौरान शासन की एक विशिष्ट शैली विकसित की। उनकी सरकार 20 नवंबर 2025 को बनी और 14 अप्रैल 2026 तक चली । इस लंबे कार्यकाल में उन्होंने प्रशासनिक स्थिरता, कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। अब जब वे पद से हटकर राष्ट्रीय स्तर की भूमिका की ओर बढ़ रहे हैं, तो यह सवाल उठता है कि क्या उनकी बनाई हुई संरचना को

नई सरकार उसी तरह आगे बढ़ा पाएगी। सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे निरंतरता और बदलाव के बीच संतुलन कैसे स्थापित करते हैं। उन्होंने स्वयं यह कहा है कि वे राज्य को विकास के नए आयाम पर ले जाने का प्रयास करेंगे । इसका अर्थ यह है कि वे पूरी तरह नई दिशा देने के बजाय पहले से चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाने की रणनीति अपनाएंगे। बिहार जैसे राज्य में जहां प्रशासनिक ढांचा धीरे धीरे स्थिर हुआ है, वहां अचानक बड़े बदलाव जोखिम भरे हो सकते हैं। इसलिए संभावना यही है कि नीति के स्तर पर निरंतरता बनी रहेगी, जबकि कार्यशैली में परिवर्तन दिखाई देगा। इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू जातीय और सामाजिक समीकरण भी है। बिहार की राजनीति में पिछड़े वर्गों की भूमिका हमेशा निर्णायक रही है। सम्राट चौधरी कुशवाहा समुदाय से आते हैं, जो राज्य की बड़ी आबादी में शामिल है और जिसे राजनीतिक रूप से संगठित करने की कोशिश लंबे समय से होती रही है। भाजपा ने उन्हें आगे करके एक संदेश देने की कोशिश की है कि वह केवल पारंपरिक वोट बैंक तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि सामाजिक आधार का विस्तार करना चाहती है। यह कदम उस रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत पार्टी क्षेत्रीय नेतृत्व को मजबूत कर राष्ट्रीय राजनीति में भी संतुलन बनाना चाहती है।

नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी के बीच संबंध भी इस परिवर्तन को समझने में महत्वपूर्ण हैं। दोनों ने लंबे समय तक एक साथ काम किया और सम्राट चौधरी को दो बार उपमुख्यमंत्री बनाया गया। इससे यह संकेत मिलता है कि नेतृत्व परिवर्तन पूरी तरह टकराव का परिणाम नहीं है, बल्कि एक नियोजित प्रक्रिया का हिस्सा है। यह भी माना जा सकता है कि नीतीश कुमार ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में उन्हें अप्रत्यक्ष समर्थन दिया, जिससे सत्ता का संक्रमण सहज हो सके। यही कारण है कि इस बदलाव को केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के नजरिये से नहीं देखा जा सकता, बल्कि इसे साझेदारी के नए चरण के रूप में समझना चाहिए।

इस परिवर्तन के साथ बिहार की राजनीति में तुलना का आधार भी बदल जाएगा। अब तक राज्य में विकास और शासन की चर्चा लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के संदर्भ में होती थी। लेकिन अब यह तुलना सम्राट चौधरी और नीतीश कुमार के बीच होगी। यह बदलाव केवल व्यक्तियों का नहीं बल्कि राजनीतिक विमर्श का भी है। अब यह देखा जाएगा कि क्या नई सरकार उसी गति से विकास कर पाती है या उससे आगे निकलती है। यदि ऐसा नहीं होता है तो विपक्ष को सरकार पर सवाल उठाने का मजबूत आधार मिल जाएगा। विपक्ष की भूमिका भी इस पूरे परिदृश्य में महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रीय जनता दल और उसके नेता तेजस्वी यादव पहले ही इस बदलाव को जनादेश के खिलाफबता रहे हैं। इससे यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में राजनीतिक संघर्ष और तीखा होगा। विपक्ष यह दिखाने की कोशिश करेगा कि यह बदलाव जनता की इच्छा के बजाय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन इसे विकास और स्थिरता के लिए जरूरी कदम के रूप में प्रस्तुत करेगा। केंद्र और राज्य के संबंधों के संदर्भ में भी यह बदलाव महत्वपूर्ण है। सम्राट चौधरी का नेतृत्व भाजपा के साथ सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है, जिससे केंद्र और राज्य के बीच समन्वय बढ़ने की संभावना है। दूसरी ओर नीतीश कुमार का राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश इस समन्वय को और मजबूत कर सकता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

य ` बेरहमी हाँ सच में हम खुद ही खुद को खुद से दूर भगाने लगते हैं, जब भी अपने लिए सोचने की बारी आती है, खुद से ही नजरें चुराने लगते हैं, हर बात हमें महत्वपूर्ण लगती है शिवाय अपनी, अपने को महत्वहीन खुद से ही जताने लगते हैं, 'शक्ति हूँ कमजोर नहीं' का नारा खूब लगती है , पर ये शक्ति भी खुद पर ही आजमाने लगते हैं, हाँ जी !सच में बड़े बेरहम हैं हम, खुद ही खुद को अपना दुश्मन बनाने लगते हैं ।

– पूनम झा प्राथमा

उसने छुपा ली है लिबास में अपनी हंसी ओ मुस्कुराकर भी रूठे रहते हैं मानो उसकी लड़ाई हो गई हो किसी से और मुंह छिपाए किसी कोने में खड़ी हो वह चुप चाप है शायद यही उसका लिबास है।

– लक्ष्मी नारायण लहरे

कैसे कहूँ ? ठहरे जल में उठती हिलोरों को अकेलेपन की छटपटाहट को मौन हृदय की आकुलता को कि वह अब साथ नहीं है जिसके होने से... फुसफुस धमनी अपनी क्रिया में संलग्न रहती है रक्त नलिकाओं में निरंतरता बनी रहती है जिसके होने से.. रस रूप गंध स्पर्श और शब्द का भान होता है कि अब वो नहीं है कहीं नहीं है....।

– नीरज वर्मा नीर

ध्यान लगाओ, कीर्तन गाओ , मगन हो शिव से लगन लगाओ ।। शिव ही सत्य अनादि सर्वगुण है , शिव ही महाकाल और निर्गुण है ।। भूत प्रेत और गण नंदी सवारी है , भांग धतूरा और विल पत्ती प्यारी है ।। ÷शोभा÷भोले बाबा बड़े ही दिनदयाल है , दुष्टों को दंड ,संतों का रखते ख्याल है ।।

– शोभा त्रिपाठी

हमारी खुद से भी यारी नहीं थी मुहब्बत इतनी भी प्यारी नहीं थी हमेशा फर्ज़ का सज़दा किया है हमारी इससे गद्दारी नहीं थी तुम्हें जो छोड़कर चलता बना है ये तो कोई वफ़ादारी नहीं थी रहे हैं ज़िन्दगी में ग़म भी पहले मगर पहले तो लाचारी नहीं थी तभी तक दोस्त मिलने आ रहे थे कि जब तब साथ बेकारी नहीं थी अकेले ही रहे हैं उम्र भर हम मयस्सर भी तरफ्दारी नहीं थी।

– मित्र ग़ाज़ियाबादी

सहारे कब तक साथ मिलते हैं, पर एक वक्त के बाद बैसाखी जैसे लगने लगते हैं और वही सहारे भी पूछने लगते हैं ÷कब तक?÷ तभी समझ आता है चलना खुद भी आता है धीरे-धीरे यही समझ हौसला बन जाती है रास्ता अपने आप साफ़होता जाता है और फिर कदम खुद ही आगे बढ़ने लगते हैं जब सहारे सवाल बन जाएँ, तब चलना ही जवाब होता है।

– सीमा नागर तुली

खिलते हो नैनों ख्वाब से झरते हो पंख गुलाब से चढ़ते हो मन नीलाभ से ढल जाते हो आफ़ताब से जल जाते सांसों भाप से पिघले हो अतिशय ताप से बुझते हो दर्द ए आब से पढ़ जाते हो किताब से लड़ जाते हो हिजाब से मिल जाते हो इस मिजाज़ से जैसे मिल ही जाती मैं आप से.....।

– प्रियंवदा अवस्थी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन विपरीत फल देने वाला रहेगा। पूर्व निर्धारित योजनाएं अधूरी या असफल हो सकती है। कार्य क्षेत्र पर मनमानी के कारण आर्थिक हानि होगी।

वृष: आज का दिन सभी प्रकार से लाभ देने वाला रहेगा परन्तु आज आपको किसी अच्छे मार्गदर्शक की आवश्यकता पड़ेगी। व्यवहार में गर्मी रहने से बीच-बीच में वातावरण अशान्त भी हो सकता है।

मिथुन: आज दिन आपकी आशाओं की पूर्ति कराने वाला रहेगा। दिन भर मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे। झगड़ो को टालने के लिए छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें।

कर्क: आज के दिन आपका स्वास्थ्य उत्तम रहने से मानसिक रूप से किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। अपनी पुरानी योजनाओं को सिरे चढ़ायेंगे।

सिंह: आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा। घर एवं बाहर आज विवेक से कार्य करें। आर्थिक समस्याओं को लेकर भविष्य की चिंता सताएगी। परिजन भी आज आपके रूखे व्यवहार के कारण दूरी बना कर रखेंगे।

कन्या: आज परिस्थितियां आपकी आशाओं के अनुकूल रहेंगी परन्तु आज किसी विशेष व्यक्ति द्वारा भ्रम की स्थिति बनाने से असमंजस में पड़ सकते है।

तुला: आज के दिन आपमें उतावलापन अधिक रहेगा जिसके कारण समस्याएं सुधरने की जगह और गहरी हो सकती है। नए कार्य का आरम्भ आज ना करें।

वृश्चिक: आज का दिन राहत का अनुभव करेंगे। कार्यो को लेकर पहले थोड़ा आशंकित रहेंगे परन्तु एक बार सफलता मिलने पर यही क्रम दिन भर बना रहेगा।

धनु: आपका आज का दिन छोटी मोटी उलझनों को छोड़ सामान्य ही रहेगा। व्यवस्तता अधिक रहने से पारिवारिक आवश्यकताओ पर ध्यान नहीं दे पाएंगे।

मकर: आज के दिन आप कार्यो के प्रति लापरवाही दिखाएंगे फलस्वरूप महत्त्वपूर्ण कार्य अधूरे रहंगे एवं लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते है। मौज-शौक के प्रति आज अधिक आकर्षण रहेगा फिजूल खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ: आज दिन का पहला भाग आलस्य के कारण बेकार हो सकता है। लेट-लतीफी के कारण कार्य बिगड़ने की संभावना है। कार्य क्षेत्र पर अधूरे कार्यो को लेकर परेशानी में पड़ सकते सेहत मे कुछ विकार आने की सम्भावना है।

मीन: आज के दिन का पूर्वार्ध भी परेशानी वाला रहेगा। कहीं से कोई भी आशा नहीं दिखने से बेचैन रहेंगे। घर का वातावरण अशान्त रहने से मानसिक स्थिति बिगड़ेगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारतीय सेना द्वारा हाल ही में शामिल की गई 'शौर्य स्क्वाड्रन' मुख्यतः किस प्रकार की रेजिमेंट से संबंधित हैं?

2) आईएनएस सावित्री का निर्माण किस भारतीय शिपयार्ड ने किया था?

3) वर्ल्ड रेडियोग्राफी डे 2025 की थीम क्या है?

4) वाल्मीकि रामायण की दुर्लभ पांडुलिपि स्थायी रूप से किस संस्था को भेंट की गई है?

5) लिथुआनियाई उपन्यास 'द लास्ट डे' के लेखक कौन हैं, जिसका हाल ही में साहित्य अकादेमी द्वारा हिंदी में अनुवाद किया गया है?

उत्तरमाला- (1) बख्तरबंद रेजिमेंट (2) मझगांव डॉक लिमिटेड, मुंबई (3) रेडियोग्राफ: अनदेखे को देखना (4) अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय, अयोध्या (5) जारोस्लावास मेल्निकास

पहेली

एसएमएस-3 में दो कन्वर्टरों के साथ एक दिन में सर्वाधिक उत्पादन का नया कीर्तिमान

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के इस्पात गलन शाला 3 ने गत दिवस परिचालन उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में सर्वाधिक उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एसएमएस 3 ने मात्र दो कन्वर्टरों के संचालन के साथ एक ही दिन में कुल 60 हीट्स का उत्पादन कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि के साथ ही कन्वर्टर 'बी' ने व्यक्तिगत स्तर पर नया रिकॉर्ड स्थापित करते हुए एक दिन में 31 हीट्स पूर्ण किए, जो पूर्व में 1 अगस्त 2022 को स्थापित 30 हीट्स के रिकॉर्ड से अधिक है। यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस अवधि के दौरान कन्वर्टर क्रमांक 3 और सीके 1 कास्टर कैपिटल रिपेयर में थे।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने एसएमएस 3 की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके समर्पण और समन्वित प्रयासों की सराहना की। मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस 3) त्रिभुवन बैठा ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि विभाग द्वारा लगातार 54 से अधिक हीट्स का उत्पादन संयंत्र की निर्धारित क्षमता के अनुरूप किया जा रहा है, जो हॉट मेटल के इस्पात में कुशल रूपांतरण को दर्शाता है।

विकास की रफ्तार तेज, महापौर ने सीएम से मांगा भूमिपूजन का समय

■ **करोड़ों के विकास कार्यों का सीएम के हाथों इसी महीने होगा भूमिपूजन**

दुर्ग को बनाएंगे आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर : महापौर

सीएम से मुलाकात के बाद महापौर अलका बाघमार ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से दुर्ग शहर में यातायात, स्वच्छता, सीवेज प्रबंधन और शहरी सुविधाओं में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि निगम का लक्ष्य दुर्ग को एक आधुनिक, स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना है।

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों के भूमिपूजन को लेकर महापौर अलका बाघमार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से समय की मांग की है। आज महापौर ने मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात कर शहर के समग्र विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महापौर अलका बाघमार के एक वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। सीएम साय ने कहा कि शहर के विकास और जनहित में किए गए कार्य सराहनीय हैं और आगे भी इसी तरह प्रगति जारी रहे।

मुलाकात के दौरान महापौर ने नगर निगम क्षेत्र में प्रस्तावित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी देते हुए भूमिपूजन हेतु समय देने का आग्रह किया। इन कार्यों में प्रमुख रूप से मल्टी लेवल पार्किंग 17 करोड़, एसएलआरएम सेंटर 11 करोड़, एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) 170 करोड़, अधोसंरचना संधारण कार्य 20 करोड़, नगरोत्थान योजना 40 करोड़ जैसी योजनाएं शामिल हैं, जिनसे शहर के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महापौर को आश्वस्त करते हुए कहा कि इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के भूमिपूजन के लिए शीघ्र ही उपयुक्त तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने नगर विकास के इन प्रयासों की सराहना भी की।

न्यूज गैलरी

उड़िया कल्याण समिति के मिलन समारोह का भव्य आयोजन

■ **जय मां चंचला मंडली के कीर्तन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मची धूम**

भिलाई। उड़िया समाज कल्याण समिति द्वारा 'मिलन समारोह 2026' का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल और विशिष्ट अतिथि भाजपा पश्चिम मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी उपस्थित रहे। समिति द्वारा इस अवसर पर भिलाई के प्रसिद्ध कीर्तन जय मां चंचला मंडली और बच्चों के डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दुर्गा मैदान सेक्टर 9 में आयोजित समारोह के दौरान शाम को कीर्तन और प्रीति भोज का आयोजन किया गया। आयोजन में उडिया़ कल्याण समिति के अध्यक्ष अर्जुन महानंद, उपाध्यक्ष इंकलाब बाघ, सचिव गोपाल महानंद, सहसचिव सूरज तांडी, कोषाध्यक्ष सुमन तांडी, पदाधिकारी मुक्ता बाघ, राजा तांडी, अगस्टी तांडी, छबि तांडी, रानी छुरा, पूजा कुम्हार, मौसमिता तांडी, विवेक सागर, कार्यकर्ता संध्या नाग, सरोज हरपाल, अमित महानंद, रोहित महानंद, लक्ष्मी कुमार, पवन तांडी, थबिर महानंद, खुशबू महानंद, महक महानंद सक्रिय रहे।

गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। जिले के जामगांव आर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम बटरेल के राजा तालाब शिव मंदिर के पास घेराबंदी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 2 किलो 5 सौ ग्राम गांजा और नगद राशि बरामद किया गया है। पुलिस को मंदिर के पास गांजा बेचे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी ताराचंद देवांगन (50) निवासी तरिया पारा, ग्राम बटरेल को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास लाल रंग की प्लास्टिक की बोरी में 2.500 किलोग्राम गांजा निकला। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 25 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी के पास से 1300 रुपए नकद और एक विवो कंपनी का मोबाइल भी जब्त किया गया।

ओसवाल पंचायत के अध्यक्ष बने ज्ञानचंद

■ **नई कार्यकारिणी व ट्रस्ट मंडल में दो नए सदस्य शामिल**

दुर्ग। ओसवाल जैन समाज के सभी सम्प्रदायों की सहभागिता के साथ ओसवाल पंचायत दुर्ग की सामान्य सभा का आयोजन वर्धमान भवन, गवलीपारा में सम्पन्न हुआ। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और ट्रस्ट मंडल में रिक्त पदों पर नए सदस्यों को शामिल किया गया। सभा में सर्वसम्मति से ज्ञानचंद कोठारी को ओसवाल पंचायत का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संतोष लोढ़ा को मंत्री, संजय लोढ़ा को कोषाध्यक्ष, निर्मल बाफ्ना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कचरमल बाफ्ना को कनिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार निर्मल बोथरा को वरिष्ठ सह मंत्री और ताजी छाजेड़ को कनिष्ठ सह मंत्री का दायित्व सौंपा गया। महावीर कॉलोनी स्थित महावीर भवन का प्रभार निर्भय देशलहरा और ओसवाल भवन के बर्तन विभाग का प्रभार तुलेश बुरड़ को सौंपा गया। ट्रस्ट मंडल में रिक्त पदों पर किशोर कोठारी और ज्ञानमल ढलढिया को नए ट्रस्टी के रूप में शामिल किया गया। वर्तमान में प्रकाश देशलहरा प्रमुख ट्रस्टी के रूप में कार्यरत हैं। उनके साथ जेठमल दुग्गड़, पारसमल कोठारी, ताराचंद काकरिया, राजेंद्र मारोठी, सुरेश लूनिया और गणपत रतन बोहरा ट्रस्ट मंडल में शामिल हैं। प्रत्येक जैन संप्रदाय से सात-सात नए कार्यकारिणी सदस्यों को भी शामिल किया गया है। कोठारी ने बताया कि स्वधर्मी अन्न सहायता योजना, शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।

शब्दावली संदिग्ध लगने पर हुआ मामले का खुलासा

सस्पेंड शिक्षक ने फर्जी लेटरहेड से खुद जारी किया बहाली का आदेश

दुर्ग/नवप्रदेश। निलंबित शिक्षक शेषनारायण साहू ने ई-मेल के जरिए खुद की बहाली का आदेश जारी कर दिया। आरोपी ने सामान्य प्रशासन विभाग के फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल कर आदेश तैयार किया और उच्च अधिकारियों को भेज दिया। आदेश की भाषा और शब्दावली संदिग्ध लगने पर मामले का खुलासा हुआ। संभागीय शिक्षा कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि अगर यह ई-मेल फर्जी साबित होता है तो शिक्षक के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किया जाएगा।

मामला पुलिस को सौंपा जाएगा। संभागीय शिक्षा कार्यालय का कहना है यह आपराधिक मामला है। जिला शिक्षा अधिकारी मामले में आगे की कार्रवाई करेंगे। शेष नारायण साहू प्राइमरी स्कूल खुर्सीडीह में पदस्थ था। दो-तीन महीने पहले शेषनारायण के खिलाफ हेडमास्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत भेजी थी, जिसमें बताया गया था कि शेषनारायण समय पर स्कूल नहीं आता। शालेय कार्यों में सहयोग न करने और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन करने की शिकायत भी की गई। स्कूल की एक्टिविटी में सक्रिय न रहने और शिकायत करने की धमकी देने और ग्रामीणों को भड़काने का भी आरोप था। इन आरोपों की जांच के बाद जांच अधिकारी की रिपोर्ट में शिक्षक की अनियमित उपस्थिति और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार की पुष्टि हुई। शिक्षक का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल

सेवा आचरण नियम 1965 के तहत गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। इन सभी तथ्यों के आधार पर संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग ने 21 जनवरी 2026 को शिक्षक शेषनारायण साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, छुरिया (जिला राजनांदगांव) निर्धारित किया गया था। 7 अप्रैल 2026 को ईमेल के जरिए शिक्षक की बहाली का आदेश सामने आया। आदेश में दावा किया गया कि विभागीय जांच के बाद निलंबन समाप्त कर दिया गया है। शिक्षक को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुपेला में दोबारा पदस्थ किया गया है। आदेश पूरी तरह आधिकारिक नजर आ रहा था, जिससे कुछ समय के लिए विभाग में भ्रम की स्थिति बन गई। संभागीय संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने बताया कि ईमेल मिलते ही उसकी भाषा पर संदेह हुआ। कुछ शब्द ऐसे थे, जो सामान्य शासकीय आदेशों में इस्तेमाल नहीं होते। इसी आधार पर संबंधित कार्यालय से संपर्क कर आदेश की पुष्टि की प्रक्रिया शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ई-मेल शिक्षक के निजी आईडी से भेजा गया था।

बाइक चोर गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। सुपेला थाना क्षेत्र में पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। आरोपी काफी समय से अलग-अलग इलाकों में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में मनीष दास बैरागी (21 वर्ष), साजन बैरागी (20 वर्ष) और लक्ष्य साहू (19 वर्ष) शामिल हैं। तीनों आरोपी सुपेला के नेहरू नगर स्थित अटल आवास के रहने वाले हैं। तीनों आरोपी मिलकर संगठित तरीके से बाइक चोरी करते थे।

गत दिवस कोसा नगर सुपेला निवासी रामेश्वर यादव ने सुपेला थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल यामाहा एफजेड एस सीजी 08 एस - 1633 चोरी हो गई है। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मनीष दास बैरागी अपने साथियों के साथ इलाके में घूम रहा है और चोरी की घटनाओं में शामिल हो सकता है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और तीनों संदिग्धों को पकड़ लिया।

सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बाइक चोरी की वारदात को कबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने कोसा नगर से यामाहा एफजेड एस के अलावा लक्ष्मी नगर क्षेत्र से एक और बाइक सीडी डीलक्स सीजी 07 - एलडी 8329 भी चोरी की थी। पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिल आरोपियों के कब्जे से बरामद कर ली हैं।

निगम के तालाबों में भरा जा रहा पानी

भिलाई/नवप्रदेश। निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 25 तालाबों के जलस्तर को बनाए रखने के लिए विशेष पहल की जा रही है। निगम द्वारा नियमित रूप से सफाई कर्मियों के माध्यम से तालाबों की सफाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि जल स्रोत स्वच्छ व उपयोगी बने रहें। आयुक्त राजीव पाण्डेय ने जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा है कि तालाबों की नियमित सफाई कराई जाए। ताकि तालाबों के साथ क्षेत्र के गिरते जलस्तर को बचाया जा सके। वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते कई तालाबों का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुछ तालाबों में पानी लगभग सूखने की स्थिति में है। समाधान के लिये जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों के माध्यम से पानी छोड़ा गया है। नहरों से तालाबों तक पानी पहुंच रहा है।

आयुक्त ने प्रगति नगर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने वार्ड क्रमांक 30 प्रगति नगर में नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने जोन-3 क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित सीमेंटीकरण सड़कों और सामुदायिक सुलभ शौचालय का जायजा लेते हुए संबंधित अभियंताओं को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जलेबी चौक से लिंक रोड के

पास निर्मित सीमेंटीकरण सड़क का अवलोकन किया। टाटा लाइन कैम्प-2 क्षेत्र में निर्माणाधीन सीसी रोड और सामुदायिक सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। पुराना शौचालय जर्जर होने के कारण उसे हटाकर नया निर्माण कराया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिक द्वारा अतिरिक्त भूमि घेरकर मकान निर्माण करने की जानकारी मिली। आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का अवलोकन करते हुए निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सुभाष चौक, प्रगति नगर में नवनिर्मित सड़क का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन उपस्थित रहे।

रूंगटा यूनिवर्सिटी की स्किल इंडिया रिपोर्ट का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

■ **सुझावों पर अमल से छत्तीसगढ़ बनेगा स्किल-टेक हब**

भिलाई/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2026 का आधिकारिक विमोचन किया। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी के नेतृत्व में तैयार इस रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कौशल विकास, रोजगार के अवसर, उद्योग की आवश्यकताओं और स्किल गैप का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ के लिए विशेष अध्याय शामिल करते हुए नीति सुधार, उद्योग-अकादमिक सहयोग और युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के ठोस सुझाव दिए गए हैं। इससे रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी भी दी। प्रतिनिधिमंडल में कुलाधिपति संतोष रूंगटा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. सौरभ रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरी शेट्टी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान रूंगटा यूनिवर्सिटी की छात्रा कृति प्रिया की उपलब्धि भी साझा की गई। कृति प्रिया को हाल ही में दिल्ली में आयोजित गूगल एआई समिट में देशभर से चुने गए पांच गूगल एंबेसडर्स में स्थान मिला। इस दौरान गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने मुलाकात कर मार्गदर्शन दिया, जिसकी तस्वीर गूगल इंडिया ने भी साझा की। प्रस्ताव में एआई, क्लाउड और डेटा जैसी उभरती तकनीकों में युवाओं को प्रशिक्षित करने और छत्तीसगढ़ को स्किल और टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने की रूपरेखा शामिल है। सीएम साय ने इन सभी प्रयासों को सराहा और इसे युवाओं के लिए मील का पत्थर बताया।

बाबा साहब ने की थी जातिविहीन समाज की कल्पना: भूपेश

कुम्हारी/नवप्रदेश। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने ऊँच-नीच, छुआछूत से परे जातिविहीन समाज की कल्पना की थी। इसके लिए उन्होंने लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा ली। बुद्ध की करूणा की जरूरत ट्रंप और नेतन्याहू को भी है। आज देश को गुलामी से बचाने के लिए हमें बाबा साहब के संविधान की रक्षा करनी होगी। पंचशील बुद्ध विहार कुम्हारी में अंबेडकर जयंती के अवसर पर भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन ने उक्ताशय के विचार रखे। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष केक काटकर बौद्ध समाज को अंबेडकर जयंती की बधाई दी। उन्होंने बौद्ध समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया। नपा अध्यक्ष मीना वर्मा और वार्ड 9 के पार्षद लेखराम साहू ने पंचशील झंडा

फहराकर कार्यक्रम का आगाज किया। मीना वर्मा ने बाबा साहब की जयंती पर बधाई देते हुए कहा कि हमें बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलते हुए देश और समाज का कल्याण करना है। भारतीय बौद्ध महासभा की अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे के नेतृत्व में उपासक-उपासिकाओं ने सामूहिक पंचशील ग्रहण कर, पूजा-वंदना की। सभा को राकेश पाण्डेय, इमरान रिजवी, आयुषी पाण्डेय, अश्वनी देशलहरे, रागिनी निषाद आदि प्रबुद्ध नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। पंचशील बुद्ध विहार शिवनगर से संगठन सचिव किशन बोरकर के नेतृत्व में रैली निकाली गई, जो कुम्हारी के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः बुद्ध विहार में विसर्जित हुई। कार्यक्रम में अन्नू शिवनकर, सावित्री बाई सहारे, हंसराज गजभिए, डिगाम्बर टेंभेकर, वंदना पाटिल, सुनिता साखरे, ललिना जाम्बुलकर, पूजा जनबंधु, पंचशीला सहारे, दुर्गा वाहने, अनिता जनबंधु, आशीष वर्मा, नपा उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, सामाजिक कार्यकर्ता मुकुंद राठोड, दीपक चतुर्वेदी, रामकुमार सोनी मौजूद थे।

संस्कारित परिवार में जन्म लेती हैं प्रतिभाएं

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज की जनकल्याण समिति द्वारा प्रति सप्ताह 2 घंटे चलने वाली बाल संस्कारशाला ने बिना व्यतिरेक 1 वर्ष का शानदार सफर पूरा कर लिया है। इस अवसर पर आयोजित वार्षिक उत्सव में समिति के सचिव धीरज लाल टांक में बताया कि परिवार में नन्हे बच्चों में प्रतिभाएं तभी विकसित होती हैं जब उन्हें स्नेह, आदर्श, ममता का संस्कारित वातावरण मिल सके। इसके लिए परिवार को संस्कारित होना आवश्यक है।

वार्षिक उत्सव में सभी बच्चों ने तीन कुंडो के माध्यम से गायत्री यज्ञ में आहुतियां डाली। गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ पुरोहित लेखराम साहू और डॉ गुलाब विश्वकर्मा ने यज्ञ संपन्न किया। बच्चों ने आदर्श दिनचर्या बाबत लघु नाटिका का प्रदर्शन किया। शाला का संचालन करने में समाज के अध्यक्ष तुषार भाई चौहान, युवा मंडल व महिला मंडल का सराहनीय योगदान रहा। शाला की शिक्षिकाओं में वनिता बेन सोलंकी, हेमा बेन सोलंकी, मीनाक्षी चौहान, नम्रता राठौर, मयूरी वेगड़, पूनम वाघेला, कृतिका चौहान, श्वेता खोडियार आदि शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर समिति के प्रभारी नरेंद्र राठौड़, नारायण राठौड़, मुकेश राठौड़, किशोर परमार, तरुण वाघेला, बंसी सोलंकी, दिलीप टांक, ज्योति टांक, महिला मंडल की प्रमुख जयश्री बेन चावडा व संपूर्ण महिला मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन हेमा बेन सोलंकी ने किया।

दीपक यादव मैन ऑफ द टूर्नामेंट: फाइनल मैच में एचटीसी ने सिवनी को दी 1 गोल से शिकस्त

एकता कप हॉकी टूर्नामेंट में एचटीसी दुर्ग विजेता

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला हॉकी संघ दुर्ग द्वारा आयोजित एकता कप फ्लड लाइट हॉकी टूर्नामेंट में एचटीसी दुर्ग की टीम ने खिताब पर कब्जा किया। सिविल लाइन हॉकी ग्राउंड में 7 ए साईड प्रारुप पर खेले गए फाइनल मैच में एचटीसी ने सिवनी की टीम को 1 गोल से शिकस्त दी। अंतिम नतीजा ट्राईब्रेकर से आया। मैच के मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द टूर्नामेंट दीपक यादव रहे। टूर्नामेंट के बेस्ट फारवर्ड सिवनी के खिलाड़ी एडी, बेस्ट मिड फील्डर निहाल हुसैन, बेस्ट डिफेंडर सिवनी के अनुराग और बेस्ट गोलकीपर एचटीसी दुर्ग के खिलाड़ी वैभव चंदेल बने। टूर्नामेंट की रनरअप सिवनी मध्यप्रदेश की टीम रही, जबकि भुसावल की टीम ने टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। फाइनल मैच की मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने की। विशेष अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सबा अंजुम, जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष रोहित सिंह राजपूत, एमआईसी प्रभारी चंद्रशेखर चंद्राकर, लीलाधर पाल, निलेश अग्रवाल, जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह, जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, प्रदेश हॉकी संघ अध्यक्ष फिरोज अंसारी, पार्षद सरिता विनोद चंद्राकर, लोकेश्वरी ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि सुरेश गुप्ता, बसंती गायकवाड़, भाजपा नेता विनोद चंद्राकर, अरविंद ताम्रकार मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता टीम एचटीसी दुर्ग को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। सिवनी और भुसावल की टीम को क्रमशः रनरअप और तीसरा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार ने कहा कि जिला हॉकी संघ को आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि शहर में पूर्व की भांति बहुत जल्द ही खेलप्रेमियों को महापौर ट्रॉफी का आयोजन देखने का अवसर मिलेगा। दुर्ग निगम जिला हॉकी संघ के हर गतिविधियों में साथ है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि जिला हॉकी संघ की हॉकी एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड की मांग को हरसंभव पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। आयोजन में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अय्युब इरफान, सचिव जहांगीर खान, सुनील नवघरे, वहीद खान, अब्दुल हनीफ खान, मोहम्मद एजाज कुरैशी, सहसचिव रशीद अली खान, खुर्शीद बख्श, फहीम खान, मोहम्मद फारुख, उबेद कुरैशी, धीरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष नियाजुद्दीन शेख उपस्थित थे।

बागबाहरा में धूमधाम से मनाई गई भीम जयंती, बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

■ **उच्च शिक्षा से ही होगा समाज का उद्धार तरुण व्यवहार**

बागबाहरा/नवप्रदेश। भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर बागबाहरा में बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और उमंग के साथ भीम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार,पार्षद शिवा जगत एवं तुलाराम सिका के नेतृत्व में किया गया, जिसमें युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा माता मंदिर के पास स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। उपस्थित लोगों ने बाबा साहब को नमन करते हुए उनके संघर्ष, त्याग और सामाजिक न्याय के लिए किए गए महान कार्यों को याद किया। इसके पश्चात सभी ने भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने और समानता, न्याय व भाईचारे के सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया।इस दौरान तरुण व्यवहार ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि हमें अपने हाथों में कलम उठानी है, शिक्षा को अपनाना है और ज्ञान के बल पर अपने भविष्य को मजबूत बनाना है। बाबा साहब ने कठिन परिस्थितियों में रहकर भी शिक्षा को अपना हथियार बनाया, यही मार्ग हमें भी अपनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे बाबा साहब के आदर्शों पर चलते हुए समाज में जागरूकता फैलाएं और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें।कार्यक्रम के दौरान राहगीरों को शीतल शरबत वितरण कर सेवा और मानवता का संदेश भी दिया गया।

वहीं शाम 5 बजे बाइक रैली निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने डीजे के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे नगर में एकता, शिक्षा और जागरूकता का संदेश प्रसारित किया।

धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गरियाबंद में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके महान योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाने और समानता स्थापित करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा, सुरेन्द्र सोनटेके ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

इमलीभाठा में देर रात उपद्रव 7 कारों के शीशे तोड़े, आक्रोश

■ **अज्ञात बदमाशों ने मचाया आतंक, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग**

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के वार्ड क्रमांक-2 स्थित इमलीभाठा क्षेत्र में बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाते हुए अलग-अलग स्थानों पर खड़ी 7 चारपहिया वाहनों के शीशे तोड़ दिए। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाहन मालिक असीम चंद्राकर ने बताया कि रात करीब 1 बजे संदिग्ध आवाज सुनकर जब वे बाहर निकले, तो देखा कि 4 युवक उनकी कार का शीशा तोड़कर मौके से भाग रहे थे। उनकी कार इमलीभाठा के दशहरा मैदान में खड़ी थी। घटना के बाद आसपास के लोगों से जानकारी लेने पर पता चला कि क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर इसी तरह कुल 7 वाहनों को निशाना बनाया गया है। वहीं, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर के घर के समीप खड़ी 4 गाड़ियों के शीशे भी तोड़े गए। इसके अलावा एक मकान का बिजली मीटर उखाड़े जाने की भी जानकारी सामने आई है।

असीम चंद्राकर के अनुसार, इस घटना में उन्हें लगभग 30 से 35 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। घटना से आक्रोशित नागरिकों ने सुबह थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त की कमी के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

बीईओ लीलाधर सिन्हा को हटाने, उच्चस्तरीय जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग

बीईओ कार्यालय का घेराव, भ्रष्टाचार और तानाशाही के आरोपों पर शिक्षकों का प्रदर्शन

27 अप्रैल से आमरण अनशन की चेतावनी

महासमुंद/नवप्रदेश। विकासखंड शिक्षा अधिकारी की कथित अनियमितताओं, भ्रष्टाचार, पक्षपातपूर्ण रवैये और तानाशाही के विरोध में सर्व शिक्षक संघ ने बुधवार को बीईओ कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए बीईओ लीलाधर सिन्हा को तत्काल पद से हटाने, पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श तथा छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नारायण चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

बीईओ ने आरोपों को बताया निराधार

वहीं, बीईओ लीलाधर सिन्हा ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि महिला शिक्षक को एक बार अवकाश स्वीकृत किया जा चुका है। दूसरी बार आवेदन के दौरान संबंधित तिथियों में स्कूलों की परीक्षाएं संचालित होनी थीं, इसलिए अवकाश अस्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि अवकाश के बदले राशि मांगने का आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है और सर्व शिक्षक संघ द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

संघ नेताओं ने आरोप लगाया कि बीईओ द्वारा लंबे समय से शिक्षकों और कर्मचारियों को मानसिक, आर्थिक और प्रशासनिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों का मनोबल गिरा है और शिक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ पदाधिकारियों के अनुसार बीईओ के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें संतान पालन अवकाश के नाम पर अवैध वसूली, ऑनलाइन आवेदनों की अनदेखी, स्टेशनरी वितरण में अनियमितता, चुनिंदा कर्मचारियों को ही अवकाश स्वीकृति, कार्यालय व्यय में गड़बड़ी, फर्जी बिलों का उपयोग, नियम विरुद्ध यात्रा भत्ता और अन्य प्रशासनिक अनियमितताएं शामिल हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो 27 अप्रैल से बीईओ कार्यालय के सामने आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

महिला शिक्षक ने लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

प्रदर्शन के दौरान शासकीय उच्च प्राथमिक स्कूल मुढ़ेना में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती सविता साहू ने बीईओ लीलाधर सिन्हा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि अपने पुत्र की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान देखभाल के लिए उन्होंने 6 नवंबर 2025 को संतान पालन अवकाश हेतु ऑनलाइन आवेदन किया था।

नवीन कृषि साख सहकारी किशनपुर समिति का उद्घाटन

पिथौरा/नवप्रदेश। नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित किशनपुर का आज वर्चुवल उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया।किशनपुर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष ऊषा पुर्षोत्तम घृतलहरे अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा विशेष अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी रिबीकांती बरिहा कृषक सहकारी समिति पिथौरा के अध्यक्ष विजयराज पटेल युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक भाजपा नेता सिताराम सिंहा मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू चम्पेश्वर साहू मिनिकेतन पटेल डिगेश प्रधान सतीश प्रधान ने भारत माँ के छाया चित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण कर उत्घाटन समारोह का शुभारंभ किया।

उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष ऊषा पुरषोत्तम घृतलहरे ने नवीन सहकारी समिति की बधाई देते हुवे कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा किसानों के हित में कार्य करती है।अब किसानों को खरीदी के साथ साथ खाद बीज व कृषि सामग्री लोन यही आसानी से मिल जायेगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा ने कहा आप सबकी सुविधाओ का ध्यान रखते हुवे हमारी सरकार ने नवीन समिति खोली है विशेष अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों की सुविधाओ को ध्यान रखते हुवे आज किशनपुर समेत 515 नवीन सहकारी समितियों का शुभारंभ वर्चुवल माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया है ।

न्यूज गैलरी

सेवानिवृत्ति से पूर्व प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य व शोभा सिंहदेव का सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद में अंग्रेजी हायर सेकंडरी के मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्तमान सत्र में अधिवार्षिकी पूर्ण करने जा रहे विद्यालय के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलसोंडा की पूर्व प्रभारी प्राचार्य शोभा सिंहदेव का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मूल्यांकनकर्ताओं ने दोनों शिक्षाविदों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर नारायण चौधरी ने उनके कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और समयपालन की सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में संध्या चंद्राकर, एल.आर. साहू, देवनारायण साहू, रवि शंकर बनछोर, स्वाति सोनी, तामेश्वरी साहू एवं आस्था राठौर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती पर महाविद्यालय में हुआ भव्य पूजन का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में 13 अप्रैल को अलुमनी समिति के तत्वावधान में महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में स्थापित महाप्रभु वल्लभाचार्य की प्रतिमा का विधिवत पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि महाप्रभु वल्लभाचार्य भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य उपासक थे और उनके आदर्श विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में उनकी प्रतिमा की स्थापना विद्यार्थियों को आध्यात्मिक और नैतिक मार्गदर्शन प्रदान करती है। अमृत चोपड़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि महाविद्यालय का नामकरण महाप्रभु वल्लभाचार्य के नाम पर होना गौरव का विषय है। ऐसे में जयंती के अवसर पर प्रतिमा का पूजन आयोजन करना संस्था के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर अलुमनी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धा के साथ पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राजकुमार राठौर, सहसचिव मनीष शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार राजा, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य देवीचंद राठी, संजय एक्का, प्रभा पंडा, विवेक रहाटगांवकर, संयोजक डॉ. रीता पांडेय, सहसंयोजक डॉ. मालती तिवारी, डॉ. नीलम अग्रवाल, दिलीप बढ़ई, डॉ. अजय कुमार देवांगन, प्रदीप कन्हेर, आशुतोष पुरी गोस्वामी, कुंदन देवांगन, डॉ. जागृति चंद्राकर, डॉ. जीवन चंद्राकर, डॉ. गरिमा दीवान, डॉ. कलम, रेखा, रेणुका, ममता, किरण, कल्याणी, टीकम सहित महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमित बखारिया बने सोशल मीडिया जिला संयोजक

गरियाबंद/नवप्रदेश। संगठन को मजबूत बनाने और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने गरियाबंद जिले में सोशल मीडिया टीम का विस्तार किया है। इसी क्रम में अमित बखारिया को सोशल मीडिया जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सोशल मीडिया सह प्रभारी अजय पटेल, भोलाशंकर जायसवाल बनाए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी की अनुमति से जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी के सहमति से जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने सोशल मीडिया जिला संयोजक एवं सह संयोजक की घोषणा की है। पार्टी की नीतियों, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, संगठनात्मक गतिविधियों और जनहित में किए जा रहे कार्यों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी नई टीम को सौंपी गई है।

बूथ-पंचायत कमेटियों का गठन अंतिम चरण में, जल्द पूरा होगा लक्ष्य: द्वारिकाधीश यादव

■ **हर बूथ पर सक्रिय और समर्पित टीम बनाने पर जोर**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा है कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिले में बूथ एवं पंचायत कमेटियों के गठन का लक्ष्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं की मेहनत से खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कई ब्लॉकों में यह कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष स्थानों पर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि बागबाहरा शहर, बागबाहरा ग्रामीण, कोमाखान और पिथौरा ब्लॉक में बूथ व पंचायत कमेटियों का गठन पूरी तरह संपन्न हो चुका है। बागबाहरा ग्रामीण में 104 बूथ एवं 60 पंचायत, कोमाखान में 102 बूथ एवं 53 पंचायत, बागबाहरा शहर में 18 बूथ तथा पिथौरा ब्लॉक में 63 बूथ एवं पंचायत कमेटियों का गठन निर्धारित समयसीमा में किया गया है। इसी तरह महासमुंद शहर में 55 बूथ और सांकरा में 109 बूथों पर भी कमेटियों का गठन पूर्ण कर लिया गया है।

ग्रामीण प्रतिभाओं का जलवा, 34 खिलाड़ियों ने बेसबॉल प्रतियोगिता में दिखाई दमदार मौजूदगी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले की ग्रामीण प्रतिभाओं ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए राज्य स्तर पर अपनी क्षमता का परिचय दिया है। बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में महासमुंद जिले की सब-जूनियर बालक एवं बालिका टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन बेसबॉल संघ बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ स्कूल, बिलासपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए महासमुंद जिले के ग्रामीण अंचलों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें ग्राम अछोला एवं ग्राम पंचायत भोरिंग के खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास के दम पर टीम में अपनी जगह बनाई। बालिका टीम में शालिनी मानिकपुरी, उमेश्वरी साहू, केशरी साहू, दुर्गा साहू, दीपशिखा साहू, तन्नू साहू, कविता साहू, नीतू नेहरू, हेमलता और अवनी निषाद शामिल रहीं। टीम मैनेजर के रूप में ममता धीवर एवं गीतांजलि साहू ने जिम्मेदारी संभाली।

बालक टीम में गगन साहू, अशद अंसारी, आशीष टंडन, अनुज सोनवानी, अमन देवदास, अनुराग ढीढी, हिमांशु ढीढी, हर्षराज ढीढी, रितेश साय, कमलेश टंडन और निखिल भारती ने प्रतिनिधित्व किया।

खाद विक्रेता संघ ने बताई समस्याएं, प्रशासन से किया आग्रह

महासमुंद/नवप्रदेश। खाद विक्रेता संघ, ब्लॉक एवं जिला महासमुंद द्वारा उर्वरक (खाद) व्यवसाय के सुचारू संचालन एवं विक्रेताओं की समस्याओं के निराकरण को लेकर उप संचालक कृषि (डीडीए) एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (एसएडीओ) को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने वर्तमान में खाद व्यवसाय में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

संघ ने बताया कि महासमुंद एक कृषि प्रधान जिला है, जहां विक्रेता शासन के नियमों का पालन करते हुए किसानों तक खाद पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन कई समस्याएं व्यवसाय के संचालन में बाधा बन रही हैं। ज्ञापन में प्रमुख रूप से निम्नलिखित समस्याएं उठाई गईं, जिनमें उर्वरक कंपनियों एवं वितरकों द्वारा खाद के साथ अन्य अनावश्यक उत्पादों की जबरन टैगिंग पर रोक लगाने की मांग की गई, ताकि किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

पोश मशीनों में तकनीकी खराबी और सर्वर डाउन रहने के कारण किसानों को खाद वितरण में दिक्कतें आती हैं। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था या सर्वर सुधार की मांग की गई। साथ ही खेती के सीजन में मांग के अनुसार समय पर खाद का आवंटन सुनिश्चित करने की बात कही गई, जिससे दुकानों पर भीड़ और अव्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान व्यापारियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाने तथा नए नियमों की जानकारी कार्यशालाओं के माध्यम से पहले से उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। बढ़ती हमाली, परिवहन एवं दुकान संचालन लागत को देखते हुए विक्रेताओं के लाभांश पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया गया।

फोर-लेन सड़क निर्माण कार्य की तैयारियों का विधायक ओंकार साहू ने लिया जायजा

धमतरी/नवप्रदेश। रत्नाबांधा से मुजगहन तक प्रस्तावित 4-लेन सड़क निर्माण कार्य को लेकर धमतरी विधायक श्री ओंकार साहू ने आज स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, समयसीमा एवं पेड़ों की कटाई से जुड़े पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। विधायक श्री साहू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी।

श्री साहू ने कहा कि यह 4-लेन सड़क परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

बाजारों में लौटी रौनक: मैरिज पैलेस फुल, अप्रैल से दिसंबर तक भरपूर शुभ मुहूर्त, अक्षय तृतीया पर रहेगा खास उत्साह

खरमास समाप्त, फिर गूंजेगी शहनाइयां, आज से शुरू मांगलिक कार्य

महासमुंद/नवप्रदेश। पिछले एक महीने से मांगलिक कार्यों पर लगी रोक अब समाप्त हो गई है। 14 मार्च से शुरू हुआ खरमास खत्म होने के साथ ही आज से विवाह सहित सभी शुभ कार्यों का शुभारंभ हो गया है। इसके साथ ही जिले में एक बार फिर शहनाइयों की गूंज और बारातों की रौनक लौट आई है।

खरमास की समाप्ति के बाद गांव-गली से लेकर शहर के चौक-चौराहों तक शादी-ब्याह का माहौल बनने लगा है। लंबे समय से शुभ घड़ी का इंतजार कर रहे परिवार अब पूरे उत्साह के साथ तैयारियों में जुट गए हैं।

इधर, बाजारों में भी रौनक लौट आई है। कपड़ा, ज्वेलरी, ऑटोमोबाइल, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। लोग शादी के लिए साड़ियां, सूट, पगड़ी, सोने-चांदी के आभूषण और घरेलू सामान की जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

वहीं जिले के अधिकांश मैरिज पैलेस, होटल, कैटरिंग, लाइट-डेकोरेशन और बैंड-बाजा दल पहले से ही बुक हो चुके हैं। व्यापारियों को इस सीजन में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, सूर्य के मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करते ही खरमास का समापन होता है और इसके अगले दिन से मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। इस बार अप्रैल से दिसंबर तक विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं, जिससे शादी योग्य युवाओं और उनके परिवारों में खासा उत्साह है।

अप्रैल में कई शुभ तिथियां

अप्रैल माह में 15, 16, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29 और 30 तारीख को विवाह के लिए श्रेष्ठ मुहूर्त हैं। इसके अलावा मई, जून, जुलाई, नवंबर और दिसंबर में भी कई शुभ तिथियां निर्धारित हैं, जिससे पूरा साल विवाह आयोजनों से गुलजार रहेगा।

अक्षय तृतीया पर रहेगा उत्साह

जिले में 'अक्ती' यानी अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। इसे अबूझ मुहूर्त माना जाता है, यानी इस दिन बिना मुहूर्त निकाले भी कोई भी शुभ कार्य किया जा सकता है। इसी दिन भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। अनुमान है कि इस अवसर पर जिले में बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह और सामाजिक आयोजन संपन्न होंगे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा से पहले विधायक योगेश्वर सिन्हा ने जताया आभार

महासमुंद/नवप्रदेश। संसद में प्रस्तावित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर 16 से 18 अप्रैल तक होने वाली महत्वपूर्ण चर्चा से पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सांसदों और विधायकों को भेजे गए पत्र को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने आभार व्यक्त किया है। विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित यह पत्र न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि देश में महिला सशक्तिकरण के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि संसद के विशेष सत्र में प्रस्तावित इस विधेयक से मातृशक्ति को सशक्त प्रतिनिधित्व मिलेगा और यह एक मील का पत्थर साबित होगा।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम : विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिलाओं की नीति-निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने इसे केंद्र सरकार का दूरगामी और महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

बाबा साहब के विचार और संविधान ही कांग्रेस की ताकत : घनश्याम साहू

पण्डरिया। भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर वार्ड क्रमांक 1 में नगर में मानव समाज व उनके अनुयायियों द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का ब्लाक कांग्रेस कमेटी पण्डरिया के अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कांग्रेसजनों के साथ भव्य स्वागत किया। साहू ने कांग्रेसजनों के साथ रैली में शामिल बाबा साहब के अनुयायियों को ठंडा शरबत वितरित किया। रैली में शामिल लोगों पर फूलों की बारिश की गई। संविधान निर्माता बाबा साहब के तैलचित्र पर श्रीफल चढ़ाकर कांग्रेसजनो ने नमन किया। इस दौरान बाबा साहब के सुसज्जित तैलचित्र के समक्ष पुष्प वर्षा कर 'बाबा साहब अमर रहें, जय संविधान' के गगनभेदी नारे लगाए गए। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि बाबा साहब ने शोषित, वंचित समाज को संविधान के माध्यम से जीने का अधिकार दिया। कांग्रेस पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता गुरुदत्त शर्मा, गौतम शर्मा, दिनेश कोसारिया, लक्ष्मीनारायण साहू, रवि मानिकपुरी, तुकेश्वर साहू, सलीम खान, हकीम खान, विजय धुरी, थलेस देवांगन, दुर्गेश जायसवाल, सियाराम साहू, राजा जायसवाल, चंद्रकुमार सहित कार्यकर्ता व नगरवासी उपस्थित रहे।

कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से की भेंट

खैरागढ़। राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ की जिला खैरागढ़ इकाई के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल के पी साव से भेंट कर उन्हें शिक्षा विभाग में सफल प्रशासनिक संचालन के लिए शुभकामनाएं दी। कर्मचारी संघ से चर्चा के दौरान जिला शिक्षाधिकारी साव ने कहा कि जिले में शैक्षिक वातावरण के निर्माण के लिए सर्वप्रथम विद्यालयों में कर्मचारियों के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण आवश्यक है। भेंट के दौरान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर चंदेल द्वारा संस्कृत भाषा को तृतीय भाषा के रूप में विद्यालयों में प्राथमिकता दिए जाने पर चर्चा की गई। उन्होंने जनगणना के दौरान जन सामान्य द्वारा प्रयोग किए जाने वाली भाषा के रूप में संस्कृत को भी चिन्हांकित करने के संबंध में उपस्थित शिक्षकों को प्रेरित किया। इस दौरान राज्य कर्मचारी संघ जिला जिला अध्यक्ष कोमल नारायण वर्मा, जिला सचिव अनुराग मालवीय, सदस्यगण अर्जुन वर्मा, रामबली पांडे, संगीता जोशी, रामेश्वर शर्मा, मोरेश्वर वर्मा, चंदन मिंज उपस्थित थे।

राशन दुकान के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। शासकीय उचित मूल्य की दुकान सहसपुर लोहारा (शहरी) बाजार चौक के संचालन के लिए 25 अप्रैल तक इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। अधिक जानकारी के लिये खाद्य विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

चार लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को चार लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इसके तहत ग्राम चैरा निवासी बुधियारिन बाई की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र मुन्ना बैगा को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

बाबा अंबेडकर की जयंती मनाई गई

कवर्धा। भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयन्ती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल कुण्डा में वृहद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत के सभापति रामकुमार भट्ट मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष बाल मुकुंद चंद्रवंशी, मण्डल संयोजक सदस्य जिला कार्यकारिणी संतोष चंद्रवंशी, सह संयोजक मण्डल उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, कार्यक्रम के शक्ति केन्द्र प्रभारी सेवाराम कुर्रे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामस्वरूप साहू, पूर्व जिला मंत्री सुरेश दुबे, कृष्णा चंद्राकर जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा बाबा अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सभापति जिला पंचायत रामकुमार भट्ट ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समता स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित भारतीय संविधान की रचना कर भारत की महान लोकतांत्रिक विरासत को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। उन्होनें दलितों, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया और शिक्षित बनो, संगठित रहों, संघर्ष करो का मूल मंत्र दिया। यह मंत्र आज भी प्रेरणा का स्त्रोत है।

नारी शक्ति सम्मेलन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

■ महिलाओं को हर क्षेत्र में जागरूक करने का आव्हान

कवर्धा/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण की दिशा में कबीरधाम जिले में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन वीर सावरकर भवन, कवर्धा में किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विशेष संसद सत्र और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी रश्मि शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय की धर्मपत्नी रेखा पाण्डेय, राजेन्द्र चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य सुमित्रा विजय पटेल, पूर्णिमा मनिराम साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी, विजयलक्ष्मी तिवारी, सतविंदर पाहुजा, अनिता धुर्वे, जनपद सदस्य बिमला साहू, नीतू शर्मा, गौरी साहू, नीतू मिश्रा, अंजू शर्मा, ममता साहू, सीमा केशरवानी, द्रोपती मानिमपुरी, सुषमा चंद्रवंशी, सुषमा उपाध्याय, मधु तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी, परियोजना अधिकारी रीना ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, नारी शक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रश्मि विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण हुआ है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं और अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। यह अधिनियम लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है, जिससे उन्हें निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी का अवसर मिलेगा।

यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, अधिकार और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने महिलाओं से इन अवसरों का लाभ उठाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। राजनीति में भी उन्हें समान अवसर मिलना अत्यंत आवश्यक है, जो इस अधिनियम के माध्यम से संभव होगा।

कार्यक्रम के दौरान पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं को कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण, संतुलित आहार अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने शपथ दिलाई गई।

समूहों और विभागों ने लगाई प्रदर्शनी

पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम में पौष्टिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें संतुलित आहार और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित कर महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में तैयार की गई खेल सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी शैक्षणिक और मनोरंजक सामग्रियों को प्रस्तुत किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं से गुणवत्ताहीन साड़ी वापस लेगा विभाग

■ प्रदेशभर में विरोध के बाद प्रशासन ने दिए आदेश

खैरागढ़/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रदेश भर में बांटी गई अमानक और कम लंबाई की गुणवत्ताहीन साड़ी का विरोध शुरू होने के बाद जिला प्रशासन ने जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को वितरित की गई साड़ियां महिला बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालयों मे जमा करने के निर्देश दिए हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को विभागीय स्तर पर बांटी गई सरकारी साड़ियों के गुणवत्ताहीन होने, क्वालिटी खराब होने के साथ साथ निर्धारित लंबाई से कम होने के कारण पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं इसका विरोध कर रही हैं। यह मामला तूल पकडने के बाद विभागीय अधिकारियों सहित जिला प्रशासन ने जिले के 340 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पदस्थ 680 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को वितरित की गई साडियों को विभागीय कार्यालय मे जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ की जिलाध्यक्ष लता तिवारी ने बताया कि जिला कार्यालय से मौखिक सूचना देकर वितरण की गई साड़ियो को परियोजना कार्यालय में जमा करने कहा गया है। यह मामला पूरे प्रदेश में तूल पकडने और प्रदेश के हर कोने से इसके खिलाफ आंदोलन शुरू होने के बाद महिला बाल विकास विभाग की नींद खुली और अब साड़ियों को परियोजना कार्यालयो में जमा कर वापस संचालनालय भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। घटिया साड़ियों की खरीदी और वितरण में कांग्रेस ने भारी भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाया था। घटिया साड़ी को पहनने से कार्यकर्ता-सहायिकाएं हिचकिचा रही थी।

जिले में तीन माह पहले हुई थी विरोध की शुरुआत

आंगनबाड़ी केन्द्र में पदस्थ कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को विभाग द्वारा वितरित की गई गुणवत्ताहीन साडियों के खराब क्वालिटी के होने के कारण जिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने जमकर विरोध किया था। विभाग द्वारा वितरित साडियों के निर्धारित से काफी पतला होने, निर्धारित लंबाई कम होने, धुलाई मे लगातार रंग निकलने सहित अन्य शिकायतों को लेकर कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने स्थानीय परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय सहित जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इसका उपयोग न करने की चेतावनी दी थी।

150 साल पुराने हनुमान मंदिर से चांदी के मुकुट की चोरी

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के राजा फुलवारी क्षेत्र स्थित करीब 150 वर्ष पुराने हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरों ने भगवान हनुमान की प्रतिमा से चांदी का मुकुट चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में एकत्र हो गए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यह मंदिर राजा योगीराज सिंह के पूर्वजों ने लगभग 150 वर्ष पहले पीपल के पेड़ के नीचे स्थापित किया गया था। किसी श्रद्धालु द्वारा करीब 10 तोला चांदी का मुकुट दान किया गया था। 13 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे पूजा के दौरान मुकुट अपनी जगह पर था, लेकिन 14 अप्रैल की सुबह लगभग 8 बजे जब पुजारी पूजा के लिए पहुंचे, तो मुकुट गायब मिला। चोरों ने प्रतिमा के नीचे की मिट्टी भी खोद दी, जिससे मंदिर की पवित्रता को ठेस पहुंची है। पुजारी ने बताया कि चोरी हुए मुकुट की कीमत लगभग 6 हजार रुपये है। घटना की सूचना दिलीप अग्रवाल और व्यास नारायण तिवारी सहित अन्य लोगों को दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर राजा फुलवारी क्षेत्र में स्थित है। चोरों ने धन के लालच में इस वारदात को अंजाम दिया होगा। मामले की शिकायत कवर्धा थाने में दर्ज करा दी गई है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना : पंजीयन और स्वीकृति की अंतिम तिथि बढ़ी

कवर्धा/नवप्रदेश। वर्ष 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत जिले के समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति पंजीयन, स्वीकृति और वितरण की कार्यवाही राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रारंभ कर दी गई है। विभाग द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की लंबित संख्या को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्ताव और स्वीकृति लॉक करने की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। संस्थाओं से पूर्व से लंबित प्रपोजल को लॉक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने के लिए 18 अप्रैल शासकीय संस्था, जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति आदेश लॉक करने के लिए 20 अप्रैल और जिला कार्यालय द्वारा भुगतान के लिए राज्य कार्यालय को प्रेषित करने के लिए 22 अप्रैल निर्धारित किया गया है।

गुरुकुल में संगीत उत्सव की धूम, नवनिर्मित सर्वसुविधा सभागार का लोकार्पण

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद में शिक्षा, संस्कार और विद्यार्थियों के प्रतिभा विकास को ध्येय मंत्र के रूप में अंगीकार करने वाली शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा में सामाजिक सरोकारों और भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ताकि, विद्यालय के विद्यार्थियों के अंतर्निहित प्रतिभा का समुचित विकास हो सके। इसी कड़ी में विद्यालय में संगीत उत्सव समारोह के अंतर्गत अंतर्विद्यालयीन संगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की गई। कार्यक्रम के अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा और विशिष्ट अतिथि संदीप अग्रवाल थे। विद्यालय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्राचार्य ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि संगीत आत्मा की भाषा है जो अपनी सरसता से सभी को वशीभूत रखने की शक्ति रखती हैं। गुरुकुल पब्लिक स्कूल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर, अभ्युदय स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों द्वारा सरस राजस्थानी व सूफी भजन का गायन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सम्मानीय अतिथियों और निर्णायक मंडल के सदस्यों ने भी अपने उद्गार व्यक्त किये। प्रबंधन समिति के वरिष्ठ निदेशक महावीर जैन ने कहा कि गुरुकुल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202603100400164 /अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती तामेश्वरी बाई देशमुख पिता/पति अघनुराम देशमुख निवासी स्टेशन मरोदा भिलाई द्वारा नीचे वर्णित (अनुसूची) में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	आवेदि.भू. खसरा नं.	रकबा हे. वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	979/10	0.0119	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-27/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुलेश्वरी कुर्मी पिता स्व. डमेन्द्र सिंह कुर्मी निवासी खुरसुनी तह. व तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम झोला प.ह.नं. 23 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1179/1, 1181, 1186/1, 1216/1, 1266, 1267, 1272 1285/8 रकबा कुल 1.2100 हे. भूमि का खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 24.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-27/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुलेश्वरी कुर्मी पिता स्व. डमेन्द्र सिंह कुर्मी निवासी खुरसुनी तह. व तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम तिरगा प.ह.नं. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 492, 577, 579/1, 580/1 कुल 04 रकबा कुल 1.000 हे. भूमि का खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 24.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
व्यक्तिगत/सूचना

रा.प्र.क्र. 202507101000241 /अ-06/वर्ष 2025-26

प्रति,
जागेश्वर प्रसाद पिता बद्रीप्रसाद पता दुर्ग जिला दुर्ग
पक्षकार :- दलजीत सिंग पिता मलकीयत सिंग पता वार्ड नं. 11 सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग
विरुद्ध :- अनावेदक छ.ग. शासन

आपको सूचित किया जाता है इस न्यायालय का रा.प्र.क्रं. 202507101000241/3-6/वर्ष 2025 - 26 आवेदक - दलजीत सिंग पिता मलकीयत सिंग निवासी वार्ड नं. 11, सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 5296/1, 5565/1 रकबा 0.0400, 0.0100 हे. भूमि को रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर दिनांक 23.06.1999 के आधार पर विक्रेता जागेश्वर प्रसाद पिता बद्री प्रसाद से कय किया गया है, केता द्वारा नामांतरण नही करावा था। वर्तमान में केता मलकीयत सिंग पिता करम सिंग की मृत्यु दिनांक 23/06/1999 को हो जाने के कारण वर्तमान में विक्रेता का नाम दर्ज है। उपरोक्त भूमि में मृतक का नाम विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने बाबत् रजिस्ट्री बैनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30/03/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/03/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700013 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा गुप्ता पति स्व. के.एन. गुप्ता उम्र 74 वर्ष निवासी- हाउस नंबर 64, सड़क नंबर 15, स्मृति नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 446/3 रकबा 0.01 हे. = 1500 वर्गफीट भूमि है। जो कि आवेदिका एवं अन्य शामिलात खाते के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदिका के पति काशीनाथ गुप्ता पिता के.एन. गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 30.06.2023 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर शेष प्रविष्टियां यथावत् रखे जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700012 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश सोनी पिता स्व. बी.पी. सोनी उम्र 53 वर्ष निवासी- ए/64, स्मृति नगर जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 288/127 रकबा 0.0400 हे. भूमि है। जो कि आवेदक के पिता के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक के पिता बद्री प्रसाद बी.पी. सोनी का स्वर्गवास दिनांक 13.02.2026 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम 1. लक्ष्मी सोनी (पत्नि) 2. राकेश सोनी (पुत्र) 3. योगेश कुमार सोनी (पुत्र) 4. रेणुका सोनी (पुत्री) 5. नंदा सोनी (पुत्री) का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका राजकुमार पिता बिलरु निवासी खुरसुल तह. व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके राजकुमार अन्य के नाम पर ग्राम खुरसुल प.ह.न. 21 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं 21 रकबा कुल 0.16 हेक्टेयर भूमि एकल खाता/ शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/सहखातेदार पुसई पिता/पति बिलरु की मृत्यु दिनांक 17.07.2013 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वंय अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आपेक्ष पेश पर सकते है। बाद में प्राप्त आपति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2026 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार 03 दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं अपनी पक्षकारा से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करती हूँ कि मेरी पक्षकारा मैं पुष्पामणि पटेल (PUSHPAMANI PATEL) पति-गुमान सिंह पटेल (GUMAN SINGH PATEL) उम्र-36 वर्ष निवासी-ग्राम-धनोरा, वार्ड नं-18, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ की निवासी है, कि मेरी पक्षकारा के पूर्व के आधार कार्ड में उसका नाम पुष्पामणि पटेल (PUSHPAMANI PATEL) पति-गुमान सिंह पटेल (GUMAN SINGH PATEL) नाम दर्ज है जो कि सही व सत्य है तथा मेरी पक्षकारा के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम मणी पटेल (MANI PATEL) दर्ज हो गया है। यह कि, मेरी पक्षकारा के आधार कार्ड में सही व पूर्ण नाम पुष्पामणि पटेल (PUSHPAMANI PATEL) दर्ज करवाना चाहती है। अत: इस आम सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरा सही व पूर्ण नाम पुष्पामणि। पटेल (PUSHPAMANI PATEL) पति-गुमान सिंह पटेल (GUMAN SINGH PATEL) नाम से लिखा पढ़ा व जाना पहचाना जावेगा। तदानुसार सूचना जाने।

मुरलीधर धनगर
अधिवक्ता-बार रुम नं. 08
जिला न्यायालय दुर्ग
जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ)
मो. 6263029322

आम-सूचना

मैं अपनी पक्षकारा से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकारा रानी साहू (RANI SAHU) पति लखन साहू (LAKHAN SAHU) उम्र-34 वर्ष, साहू पारा ग्राम परोडा करेली, तह. धमधा, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ का निवासी है, कि मेरी पक्षकारा के आधार कार्ड में उसका नाम रानी साहू (RANI SAHU) पति लखन साहू (LAKHAN SAHU) दर्ज हैं जो कि सही व सत्य है तथा मेरी पक्षकारा के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश नाम सेवती साहू (SEVATI SAHU) पति लखन साहू (LAKHAN SAHU) दर्ज हो गया है। यह कि, मेरी पक्षकारा अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में सही व पूर्ण नाम रानी साहू (RANI SAHU) पति लखन साहू (LAKHAN SAHU) दर्ज करवाना चाहती है। अत: इस आम सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरी पक्षकारा का सही व पूर्ण नाम रानी साहू (RANI SAHU) पति लखन साहू (LAKHAN SAHU) नाम से लिखा पढ़ा व जाना पहचाना जावेगा। तदानुसार सूचना जाने।

मुरलीधर धनगर
अधिवक्ता-बार रुम नं. 08
जिला न्यायालय दुर्ग
जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ)
मो. 6263029322

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604103000028 /ब-121/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी कुमार डड़सेना उम्र 60 वर्ष पिता स्व. गंभीर राम डड़सेना पता-अमरपुरी चौक सुन्दर नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा उतई प.ह.नं.- 52 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 72 रकबा 1.21 हे. निम्न के नाम पर 1. गोविन्द सिंह पिता तेजराम 2. हेमन्त कुमार पिता तेजराम 3. लोकेश कुमार पिता तेजराम 4. ममता पिता तेजराम 5. वंदना पिता तेजराम 6. सोहागा बाई पति तेजराम 7. अनसुईया बाई पति तेजराम इसके पूर्व उक्त भूमि तेजराम पिता बनऊ के नाम पर दर्ज था, जिसका फौत उपरांत तेजराम के विधिक वारिसानो (कंडिका कमांक-1) मे वर्णित के नाम पर दर्ज है। लोकेश का फौत दिनांक 08/05/2021 को हो गया है, जिसके विधिक वारिसान पति सुधा, पुत्री काजल (नाबा.), पुत्री निधी (नाबा.) है एवं सोहागा बाई की फौत दि. 14/02/2019 को हो चुकी है। उपरोकृत भूमि पर सिविल वाद क्रमांक 75-ए/2025 चला था, जिसमे दिनांक 13/09/2025 को आवेदक के पक्ष में डिक्री पारित हुआ है खसरा नंबर 72 रकबा 1.21 हे. ग्राम उतई की भूमि का आवेदक भूमि स्वामी का आधिपत्यधारी है। सिविल वाद मे पारित डिक्री के आधार पर निष्पादन की कार्यवाही किया जाकर वाद भूमि से वर्तमान भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700024 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कपूर चंद साहू पिता श्री रतन लाल, उम्र-57 वर्ष पता 9 बी/सड़क-11, सेक्टर 07 भिलाई नगर तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) विरूद्ध जुगल किशोर तिवारी पिता श्री गणेश प्रसाद तिवारी, उम्र 52 वर्ष पता मकान नं.-303, सड़क नं.-10, मॉडल टाउन (नेहरू नगर) भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अनावेदक से उसके हक व स्वामित्व की भूमि जो ग्राम जूनवानी तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 129/8 का टुकड़ा 25X40=1000 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र दिनांक 09.10.2022 को क्रय कर कब्जा व स्वामित्व प्राप्त किया है। कि, आवेदन एवं अनावेदक के मध्य आपसी कुछ मतभेद हो जाने के कारण व अनावेदक की निजी भूमि जिसे श्री बालाजी बिलडर्स के प्रोपराईटर की हैसियत से उल्लेखित कर विक्रय किया गया था जिसके अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में अधि निर्णय पारित किया गया है जिसमें आवेदक द्वारा क्रय की गयी भूमि को वैध ठहराते हुए आवेदक को नामांतरण करवाने व राजस्व अभिलेखो मे नाम दर्ज कराने का अधिकारित घोषित किया है। इसलिए अधिनिर्णय दिनांक 13.12.2025 के अनुसार ग्राम जुनवानी तह व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 129/8 के कुल रकबे में से 840 वर्गफूट भूमि पर से अनावेदक जुगलकिशोर का नाम विलोपित कर आवेदक कपूरचंद का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवदेन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र बाग पिता स्व. टंकाधर बाग निवासी कचांदुर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा टंकाधर बाग पिता अनादी बाग की जन्म/मृत्यु दिनांक 17.01.2013 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अत संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.04.2026 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रिकेश बाग पिता स्व. हेमंत बाग निवासी कचांदुर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा पिता हेमंत बाग आ. अनादी बाग की जन्म/मृत्यु दिनांक 06.01.2012 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अत संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.04.2026 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800100

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी केशव सिंह पिता/पति अमरजीत सिंह पता 102 डी रिसाली सेक्टर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 664/2(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पंकज कुमार सिंह पिता/पति स्व. केशव सिंह पता क्वा.नं. 14/बी एच पॉकेट मरोदा सेक्टर भिलाई, शिवकुमारी सिंह पिता/पति स्व. केशव सिंह पता क्वा.नं. 14/बी एच पॉकेट मरोदा सेक्टर भिलाई, अनिल कुमार सिंह पिता/पति स्व. केशव सिंह पता क्वा.नं. 14/बी एच पॉकेट मरोदा सेक्टर भिलाई, नीरज कुमार सिंह पिता/पति स्व. केशव सिंह पता क्वा.नं. 14/बी एच पॉकेट मरोदा सेक्टर भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.04.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

आरटीआई के जवाब से खुला वन विभाग के भ्रष्टाचार की पोल

■ 5 लाख का हाट बाजार 6 साल में भी नहीं बना, सामग्री का अता-पता नहीं

दल्ली राजहरा/बालोद/नवप्रदेश। वन विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सूचना के अधिकार से मिले जवाब से सामने आया है। आरटीआई कार्यकर्ता अंकित टाटिया ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन रायपुर को शिकायत कर तत्कालीन रेंजर जीवन लाल सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों पर

कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार वर्ष 2019-20 में जिला पंचायत बालोद के पत्र क्रमांक 227 दिनांक 23-12-2019 से ग्राम कमकापार, ब्लॉक डौंडीलोहारा में हाट बाजार निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी हुई थी। एजेंसी वन मंडलाधिकारी बालोद को बनाया गया था।

6 साल बाद भी न बाजार बना, न सामग्री का पता

आरटीआई कार्यकर्ता अंकित टाटिया का आरोप है कि सामग्री खरीदे 6 साल बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक ग्राम कमकापार में हाट बाजार का निर्माण नहीं हुआ है। खरीदी गई लाखों की सामग्री कहां रखी गई, इसका भी कोई हिसाब नहीं है। ग्राम पंचायत कमकापार के सरपंच ने भी लिखित में दिया है कि वर्ष 2015 से 2026 तक वन विभाग द्वारा पंचायत में कोई हाट बाजार नहीं बनाया गया।

> इस संबंध में शिकायत मिली है। जांच जारी है। दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। यह मामला उनके संज्ञान में है। - **अभिषेक अग्रवाल**
> डीएफओ, बालोद

सेवानिवृत्त रेंजर की पेंशन से वसूली और एफआईआर की मांग: शिकायत में मांग की गई है कि मार्च 2026 में सेवानिवृत्त हुए तत्कालीन रेंजर जीवन लाल सिन्हा एवं संलिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई हो। साथ ही रेंजर की पेंशन राशि से वसूली कर भ्रष्टाचार में लिप्त सभी के खिलाफ FIR दर्ज कराई जाए, ताकि भविष्य में भ्रष्टाचार करने वालों में भय बना रहे। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि सूचना के अधिकार के जवाब से ही वन विभाग का पोल खुल गई है।

2020 में खरीदी गई लाखों की सामग्री, बाजार का निर्माण नहीं

आरोप है कि तत्कालीन रेंजर डौंडीलोहारा जीवन लाल सिन्हा ने 14/12/2020 को अलग-अलग फर्मों से सामग्री क्रय करवाई। इसमें दीपाली इंटरप्राइजेस राजनांदगांव से 6द्वद्व लोहा छड़ 300 किलो 12744, 50 हजार फ्लाई ऐश ब्रिक्स ?1.80 लाख, सुखमन ट्रेडलिंग डोंगरगांव से 1150 किलो लोहा व 250 बैग सीमेंट 101234 का शामिल है। यह सभी क्रय वन मंडलाधिकारी कार्यालय बालोद के पत्रों के माध्यम से हुआ और भुगतान भी कर दिया गया।

ऑनलाइन सट्टा खिलाते युवक गिरफ्तार, मोबाइल व नगदी जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खेलते-खिलाते एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन और नगद राशि जब्त की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 06 मंदिर चौक पिथौरा में आरोपी नमन गोयल (29 वर्ष) पिता राजेश गोयल, अवैध रूप से मोबाइल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। जांच के दौरान आरोपी के मोबाइल में सट्टा से संबंधित लेन-देन के स्क्रीनशॉट मिले। इसके साथ ही उसके पास से 9,800 रुपये नगद एवं लगभग 15,000 रुपये कीमत का मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफछत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बिलाईगढ़ में बाबा साहेब की जयंती पर 15 स्थानों में माल्यार्पण

भिनोदा/सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक चन्द्रदेव राय ने बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लगभग 15 स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमाओं में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यालय बिलाईगढ़ में सैकड़ों युवाओं की सहभागिता से भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र में बाबा साहेब के विचारों का संदेश पहुंचाया। इसके बाद आयोजित सभा में डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर चर्चा की गई।

चन्द्रदेव राय ने कहा कि बाबा साहेब ने दलित, शोषित और वंचित समाज को अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के लिए प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

पुराना बस स्टैंड के सार्वजनिक शुलभ में लटका हुआ है ताला

नगर पंचायत को आम जनता की परेशानी का सुध लेने की नहीं फुर्सत

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के पुराना बस स्टैंड स्थित शुलभ शौचालय मे विगत एक हफ्ता से ताला लटका हुआ है। जिसके चलते बस स्टैंड में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पुराना बस स्टैंड में रोजाना लाखों लोगो का आना जाना लगा रहता है साथ ही लोग जो है समान खरीदने बस स्टैंड भी आते हैं।और अगर उन्हें लघुशंका हुई तो कहा जायेंगे इतना ही नहीं लघुशंका के लिए परेशान भी होना पड़ता है। इस शुलभ शौचालय के बंद होने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं बस स्टैंड के व्यापारीयों को हो रही है। नगर पंचायत भटगांव के पूराना बस स्टैंड स्थित शुलभ शौचालय विगत एक हफ्ता भर से बंद पड़ा हुआ है। रोजाना इस बस स्टैंड में कई बसें रूकती है और सैकड़ो की संख्या में यात्री आते हैं ठीक इसी जगह से स्थानीय लोगों की भी यात्रा शुरू होती है। लोगों की सुविधा के लिए इस स्थान में नगर पंचायत द्वारा शुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया है पर यह शुलभ शौचालय विगत एक सप्ताह से बंद पड़ा है। इसके चलते लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इसके बंद होने के चलते सबसे अधिक परेशानी यात्रियो को हो रही है, खास कर महिला यात्रियों को। वही इस शुलभ शौचालय का उपयोग बस स्टैंड के दुकानदार भी करते हैं लेकिन इस शुलभ शौचालय के बंद होने के कारण आने जाने वाले लोगों के साथ साथ दुकानदारों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां दुकानदार मेलाराम प्रधान, गोलू श्रीवास, बंटी श्रीवास, सम्मेलाल सिदार, मनोज साहू ने बताया कि शुलभ का ठीक से रख रखाव नहीं होने के कारण काफी गंदा है पर जैसा भी था काम चल रहा था पर विगत एक सप्ताह से तो शुलभ में ताला लगा हुआ है। नगर पंचायत भटगांव में लोगों की सुविधा के लिए की शौचालय का निर्माण कराया गया है पर नगर के शौचालय में गंदगी एक आम समस्या बन कर रह गया है।

> बोर खराब था इसलिए सुलभ शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सुलभ शौचालय बंद था आज बोर मे नया मशीन डाले हैं तो कुछ देर में बोर चालू हो जायेगा और सुलभ शौचालय भी चालू कर दिया जायेगा।
> - **सत्येन्द्र सिंह बिसेन,**
> **सफाई दरोगा नपं भटगांव**
>
> सुलभ शौचालय के पीछे मे जो बोर था वो खराब हो गया था जिसके कारण सुलभ शौचालय मे पानी के व्यवस्था नहीं होने के कारण सुलभ शौचालय को बंद कर दिये थे लेकिन अब बोर जो है बन गया है तो सुलभ शौचालय की अच्छे से साफसफाई करा कर उसे चालू करवा रहे हैं।
> - **देवनारायण पटेल**
> मुख्य नपं अधिकारी भटगांव

---

55 आदिवासियों के मकानों को तोड़ा, ग्रामीणों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटने का आरोप

बोदलवनडी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से विवाद

■ घर को तोड़ने के साथ-साथ फलदार वृक्ष को भी जेसीबी से नष्ट कर दिया गया

नगरी/नवप्रदेश। जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम बोदलवनडी में वन विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब गंभीर विवाद का रूप ले चुकी है। जहां एक ओर विभाग इस कार्रवाई को नियमानुसार बता रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित ग्रामीणों ने कार्रवाई के दौरान मारपीट और अमानवीय व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन विभाग द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए पूर्व में संबंधित परिवारों को नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद 15 अप्रैल 2026 को विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान लगभग 55 आदिवासी परिवारों के मकानों को हटाया गया।

कार्यवाही के दौरान कई घरों को तोड़ा गया और अंदर रखे घरेलू सामान जैसे बर्तन, कपड़े, अनाज और अन्य जरूरी वस्तुएं बाहर निकाल दी गईं। इससे प्रभावित परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा और कई लोग अचानक बेघर हो गए।

ग्रामीणों में आक्रोश, हटने से किया इनकार

घटना के बाद बोदलवनडी के ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि फ्रहम वहां से हटने वाले नहीं हैंफ्र। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मारपीट में शामिल लोगों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

कार्रवाई संवेदनशील सामाजिक मुद्दा बन गया

ग्राम बोदलवनडी की यह घटना अब प्रशासनिक कार्रवाई से आगे बढ़कर एक संवेदनशील सामाजिक मुद्दा बन गई है। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया और मारपीट के आरोपों के बीच सच्चाई क्या है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पूरे क्षेत्र की नजर इस मामले पर टिकी हुई है।

दौड़ा-दौड़ा कर पीटने के गंभीर आरोप

घटना को लेकर सबसे सनसनीखेज आरोप यह सामने आया है कि कार्रवाई के दौरान वन विभाग के कर्मचारियों एवं पालगांव वन समिति के ग्रामीणों द्वारा बोदलवनडी के लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें इतनी बेरहमी से मारा गया कि कई लोगों के कपड़े तक फट गए और कुछ को घसीटते हुए पीटा गया। ग्रामीणों के अनुसार, पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया और कई लोगों को लाठी-डंडों से मारा गया। इस घटना में कुछ लोगों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।

बेघर हुए कई परिवार

कार्रवाई के बाद प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भोजन, पानी और आश्रय जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। अचानक हुई इस कार्रवाई ने उनके सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है।

कार्रवाई नियमानुसार की गई

वन विभाग का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह से नियमानुसार की गई है और अतिक्रमण हटाना आवश्यक था। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि कार्रवाई से पहले संबंधित परिवारों को नोटिस देकर समय दिया गया था।

अनियमित यूरिया वितरण पर सख्ती

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में यूरिया उर्वरक के अनियमित वितरण पर सख्त कार्रवाई की गई है। 16 मार्च से 29 मार्च 2026 के बीच पॉस मशीन के माध्यम से अनियमित रूप से उर्वरक वितरण करने वाले 10 कृषि सेवा केन्द्रों के लाइसेंस 21 दिनों के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। उप संचालक कृषि एफआर. कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित कृषि सेवा केन्द्रों द्वारा उर्वरक वितरण में अनियमितता पाई गई थी, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। निलंबित किए गए कृषि सेवा केन्द्रों में अग्रवाल राइस इंडस्ट्रीज (झलप), हलधर कृषि सेवा केन्द्र (सिरपुर), महालक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र (कोसरंगी), शिव कृषि केन्द्र (पासिद), मोनू कृषि सेवा केन्द्र (तुमगांव), सुखराम कृषि सेवा केन्द्र (अछरीडीह), प्रधान कृषि सेवा केन्द्र (सरायपाली), राजा बीज भंडार (सांकरा), राज कृषि सेवा केन्द्र (भगतदेवरी) तथा विवेक खाद भंडार (भगतदेवरी) शामिल हैं। उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे सहकारी समितियों से परमिट जारी कराकर ही उर्वरकों का उठाव सुनिश्चित करें।

छुरा-कोसमबुड़ा मार्ग मदिरालय के बाहर हर शाम अव्यवस्था

छुरा/। नवप्रदेश। नगर मुख्यालय छुरा के कोसमबुडा रोड स्थित देसी व अंग्रेजी मदिरालय के आसपास हर शाम अव्यवस्था का माहौल बन जाता है। सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग जमा होकर शराब का सेवन करते नजर आते हैं, जिससे वहां से गुजरने वाले सामान्य नागरिकों को भारी असहजता का सामना करना पड़ता है। विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थिति और अधिक चिंताजनक बन जाती है, जब शाम के समय भीड़ और नशे में धुत लोगों की हरकतें बढ़ जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मदिरालय के बाहर अक्सर लोग खुले में शराब पीते दिखाई देते हैं, जो नियमों के विपरीत है। नशे में कई लोग ऊल-जुलूल हरकतें करते हैं और सड़क पर आवाजाही कर रहे राहगीरों पर भी इसका असर पड़ता है।

इससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ता जा रहा है और आमजन में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इसके अलावा, मदिरालय से जुड़ी चखना दुकान को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। नियमों के अनुसार ऐसी दुकानों का संचालन निर्धारित मानकों के तहत होना चाहिए, लेकिन यहां व्यवस्थाएं उस अनुरूप नजर नहीं आतीं।

अवैध सागौन लकड़ी जब्त, दो पर प्रकरण दर्ज

■ 1 लाख से अधिक मूल्य की 103 नग सागौन लकड़ी जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। वन विभाग ने देवभोग क्षेत्र में अवैध लकड़ी भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुये भारी मात्रा में सागौन (टीक) की लकड़ी जब्त की है। यह कार्रवाई मुख्य वनसंरक्षक रायपुर वृत्त के निर्देश पर एवं वनमंडलाधिकारी गरियाबंद के मार्गदर्शन में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उप वनमंडलाधिकारी देवभोग द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर वन परिक्षेत्र इंदागांव अंतर्गत ग्राम सरगीगुड़ा में दो अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। पहली कार्रवाई में रक्षानंद ठाकुर के घर एवं बाड़ी की तलाशी ली गई, जहां से 60 नग सागौन चिरान (0.354 घन मीटर) तथा 17 नग सागौन लठ्ठा (0.608 घन मीटर) अवैध रूप से रखा हुआ पाया गया। वन विभाग ने उक्त लकड़ी को जब्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया। दूसरी कार्रवाई में जयनंद ठाकुर के घर एवं बाड़ी की तलाशी के दौरान 20 नग सागौन चिरान (0.046 घन मीटर) तथा 13 नग सागौन लठ्ठा (0.585 घन मीटर) अवैध रूप से संग्रहित पाए गए, जिसे जब्त कर पृथक वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

पेज 1 का शेष...

छत्तीसगढ़ कैबिनेट में बड़े...

में न्यूनतम एवं अधिकतम सीमा का तार्किक सामंजस्य स्थापित होगा। लैंड बैंक भूखण्डों हेतु एप्रोच रोड का वैधानिक प्रावधान किया गया है। एनबीएफसी सहित वित्तीय संस्थाओं को सम्मिलित करने से उद्योगों के लिए ऋण उपलब्धता के विकल्प बढ़ेंगे। कंपनियों में शेयर धारिता परिवर्तन से संबंधित प्रावधानों में व्यावहारिक स्पष्टता आएगी और श्वड्डह्यद्ग श्वद्घ ष्ठश्वद्बठ्ठद्द क्चह्वह्यद्बठ्ठद्गह्यह्य सुनिश्चित होगा। पीपीपी मॉडल के लिए स्पष्ट प्रावधान से निजी निवेश एवं औद्योगिक अवसंरचना विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

5. छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 में संशोधन का अनुमोदन किया गया। अब केन्द्र अथवा राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम जैसे छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को रेत खदानें आरक्षित की जा सकेंगी। इससे पट्टेदार के एकाधिकार के फलस्वरूप उत्पन्न रेत की आपूर्ति-संकट में कमी आएगी तथा दुर्गम क्षेत्रों में रेत खदानों के सुगम संचालन सहित रेत की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

6. मंत्रिपरिषद् की बैठक में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 में व्यापक संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस संशोधन का उद्देश्य खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, नियंत्रण और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करना है, अवैध खनन को रोकना तथा प्रक्रिया का सरलीकरण करना है। गौण खनिज की ऐसी खदानें जो अकारण बंद रहती हैं अथवा शिथिल रहती हैं, में कठोर प्रावधान लाया गया है। अब इन खदानों के अनिवार्य भाटक दर में 30 वर्षों के बाद वृद्धि की गई है। इन खदानों को व्यपगत (लैप्स) घोषित किए जाने संबंधी कठोर प्रावधानों को नियमों में शामिल किया गया है, जिसके फलस्वरूप ऐसी खदानों का संचालन अनिवार्य रूप से किए जाने की बाध्यता सुनिश्चित हो सकेगी। खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भंडारण पर कठोर दंड का प्रावधान किया गया है, जिसमें न्यूनतम जुर्माना 25 हजार रुपये निर्धारित किया गया है, जो कि 5 लाख रुपये तक भी हो सकता है। अवैध परिवहन के मामलों में सुपुर्दगी दिए जाने हेतु जमानत राशि का भी निर्धारण किया गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र संबंधी प्रावधान को पूरे प्रदेश में एकसमान लागू किया जा रहा है।

7. मंत्रिपरिषद द्वारा दुधारू पशु प्रदाय संबंधी पायलट प्रोजेक्ट योजना में समस्त सामाजिक वर्ग के हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने संबंधी संशोधन तथा एनडीडीबी के साथ निष्पादित एमओयू की संबंधित कंडिका में संशोधन का अनुमोदन किया गया। इससे अनुसूचित जनजाति वर्ग सहित सभी सामाजिक वर्ग के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा सकेगा, जिससे उनके स्वरोजगार और आय में वृद्धि होगी तथा प्रदेश के सर्वांगीण, सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सहयोग प्राप्त हो सकेगा।

8. मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने हेतु आवश्यक टीकाद्रव्यों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ह्वड्ढद्बश्ठ्ठड्ड ष्ठड्डह्व4 ष्द्ग1द्गद्यश्श्वद्दठ्ठह्ल क्चशड्डह्म्स्र (ह्रष्ठक्च) की सब्सिडरी कंपनी ढ्ढठ्ठस्रद्बड्डठ्ठ ढ्ढद्वद्वह्वठ्ठशद्यशद्दद्बष्ड्डद्यह्य स्रद्बद्वद्बह्लद्गस्र, हैदराबाद से टीकों की खरीदी किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। निविदा प्रक्रिया में पर्याप्त प्रतिस्पर्धा न बन पाने एवं जेम पोर्टल पर दर उपलब्ध न होने के कारण टीकों की समय पर आपूर्ति में बाधा आ रही थी, जिससे पशुओं का नियमित टीकाकरण प्रभावित हो रहा था। निर्णय के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनवरी 2027 तक आवश्यक टीकाद्रव्यों का क्रय उक्त एजेंसी से किया जाएगा, जिससे पशुओं में रोगों की रोकथाम, मृत्यु दर में कमी, पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा तथा दुग्ध, अंडा एवं मांस उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित हो सकेगी।

9. मंत्रिपरिषद की बैठक में एक महत्वपूर्ण वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके तहत मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अनुरूप छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बीच पेंशन दायित्वों के प्रभाजन के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए 10,536 करोड़ रुपये के आधिक्य पेंशन भुगतान की राशि की वापसी पर सहमति दी गई। बैंकों द्वारा पूर्व में हुए त्रुटिपूर्ण लेखांकन के कारण यह अतिरिक्त भुगतान हुआ था, जिसका पुनर्मिलान एवं सत्यापन संयुक्त दल द्वारा किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 2,000 करोड़ रुपये की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदान की जा चुकी है तथा शेष 8,536 करोड़ रुपये की राशि आगामी 6 वार्षिक किश्तों में दी जाएगी। मंत्रिपरिषद ने इस व्यवस्था को स्वीकार करते हुए वित्त विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकृत किया है।

वेदांता प्लांट हादसे में...

यह घटना सुरक्षा नियमों की बार-बार अनदेखी का नतीजा है। इससे पहले वेदांता के कोरबा प्लांट में चिमनी निर्माण के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था में पर्याप्त सुधार नहीं किया है। वेदांता लिमिटेड के संयंत्रों में श्रमिकों की सुरक्षा पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं।

साड़ी घोटाला: मंत्री लक्ष्मी...

वर्ष 2024-25 में साड़ी वितरण के लिए जारी किए गए क्रय आदेश के तहत कुछ जिलों से गुणवत्ता में कमी और निर्धारित मापदंडों में विचलन की शिकायतें प्राप्त हुई है।

जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई

विभागीय स्तर पर गठित जांच समिति द्वारा किए गए परीक्षण में कुछ स्थानों पर मानकों से विचलन की पुष्टि भी हुई है। इसके बाद अब मामले में कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। संचालक महिला एवं बाल विकास की ओर से जारी पत्र में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड को निर्देशित किया गया है कि वे अपने स्तर पर तकनीकी विशेषज्ञों की टीम गठित कर साड़ियों की पुनः गुणवत्ता जांच कराएं। यदि जांच में मापदंडों से किसी प्रकार का विचलन पाया जाता है तो संबंधित एजेंसियों और आपूर्तिकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुंगेली में 2.54 करोड़ का...

गया था। इस दल में नायब तहसीलदार चंदन दुबे, सहकारिता विस्तार अधिकारी मिथलेश साहू, खाद्य निरीक्षक भानूप्रिया नंदकर, जिला सहकारी बैंक सरगांव के पर्यवेक्षक सुनील यादव तथा मंडी निरीक्षक शुभम पैकरा शामिल थे। जांच दल ने 8 अप्रैल 2026 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जांच रिपोर्ट के अनुसार भौतिक सत्यापन के दौरान गंभीर गड़बड़ियां पाई गईं। ऑनलाइन रिकॉर्ड में 9798.70 क्विंटल धान दर्शाया गया था, जबकि मौके पर केवल 7534 क्विंटल (18835 बोरी) धान ही उपलब्ध पाया गया। इसके अतिरिक्त 682.30 क्विंटल का वजन शॉर्टेज पाया गया। इस प्रकार कुल 8216.30 क्विंटल धान की कमी सामने आई।

धान की किस्म में भी बड़ा अंतर पाया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड में मोटा धान 261.60 क्विंटल एवं सरना धान 9537.10 क्विंटल दर्ज था, जबकि मौके पर मोटा धान 1260.40 क्विंटल एवं सरना धान मात्र 322 क्विंटल पाया गया। इस प्रकार मोटा धान 998.80 क्विंटल अधिक तथा सरना धान 9215.10 क्विंटल कम पाया गया।

न्यायालय धार्मिक मान्यताओं...

में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में 10 से 50 साल की महिलाओं की एंट्री पर बैन लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में इसे भेदभावपूर्ण बताते हुए बैन हटा दिया। इसके बाद दायर पुनर्विचार याचिकाओं के आधार पर 7 महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न तय किए गए हैं, जिन पर अब बहस हो रही है।

देवतुल्य डॉ. गणेश... नौ...

मरीजों का इलाज करने तत्पर रहते हैं। डॉ गणेश बाबू को क्वार्टर अलाट किया गया है, लेकिन वे अस्पताल में ही सोते हैं। रात के समय अगर कोई मरीज आ जाए तो भी डॉ गणेश बाबू मरीज का इलाज करते हैं। उन्होंने स्टाफ को स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं कि मरीज किसी भी समय आए, उन्हें फौरन सूचना दी जाए। ताकि, मरीज को समय पर इलाज की सुविधा मिल सके। डॉ गणेश बाबू के 24 घंटे अस्पताल में उपलब्ध रहने और मरीजों के इलाज करने की वजह से आसपास ही नहीं बल्कि दूरदराज के गांवों से भी लोग बारसूर के अस्पताल में इलाज के लिए आने लगे हैं। डॉ गणेश बाबू के सेवा भाव और इलाज के लिये हमेशा तत्पर रहने के कारण आसपास के इलाके के लोग उन्हें देव तुल्य मानते हैं। इसके अलावा डॉ गणेश बाबू हास्पिटल आने वाले मरीजों को हेल्थ सेंटर के जरूरी कार्यों के लिये भी राशि खर्च करते हैं। मरीजों को दवा, बेहतर खानपान या अन्य सहायता के लिये भी राशि खर्च करते हैं। हेल्थ सेंटर के स्टाफ ने बताया कि डॉ गणेश बाबू हर महीने हजारों रुपए इन्हीं कार्यों पर खर्च कर देते हैं।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में गूंजा महिला सशक्तिकरण का स्वर, रैली में उमड़ा उत्साह

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी बिलासपुर में आज नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन लालबहादुर शास्त्री स्कूल स्थित देवकीनंदन दीक्षित सभागार में किया गया। कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के प्रावधान का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिलाएं महापौर पूजा विधानी एवं राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे की अगुवाई में शामिल हुई। सभागार महिलाओं की भारी उपस्थिति से खचाखच भरा रहा और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का वातावरण बना रहा। राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आधी आबादी को पूरा हक देने का कार्यक्रम है, जो महिलाओं को समान अधिकार, सम्मान और नेतृत्व के अवसर प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, साहस और सृजन का प्रतीक माना गया है।

महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहलः महापौर

महापौर पूजा विधानी ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जो उन्हें निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का यह प्रावधान महिलाओं के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है और यह अधिनियम महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

बाइक रैली निकालकर महिलाओं ने जताया अभूतपूर्व समर्थन

सभा के बाद शहर में नारी शक्ति वंदन रैली का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। रैली का नेतृत्व महापौर पूजा विधानी एवं महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे ने किया। रैली लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से प्रारंभ होकर गोलबाजार, सदर बाजार, प्रताप चौक, राम सेतु चौक होते हुए अरपा रिवर व्यू स्थित अटल परिसर में संपन्न हुई। रैली के दौरान महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और जागरूकता के संदेश दिए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उनके द्वारा विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का प्रावधान किए जाने को ऐतिहासिक कदम बताया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पल्लवी क्षत्री, प्रिया सिंह एवं गौरी गुप्ता सहित अन्य महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संसद एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए की गई पहल सराहनीय है। पूरे देश की महिलाओं में खुशी का माहौल है।

न्यूज गैलरी

धौराभाटा में जनसमस्या निवारण शिविर आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम पंचायत धौराभाटा स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में 16 अप्रैल को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यक जानकारी, आवेदन प्रपत्र एवं सामग्री के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा प्राप्त शिकायतों का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

लाखों की जेवर चोरी आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर घुसकर लाखों के जेवरात चोरी करने वाले दो आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने चोरी के सोने के कंगन मणप्पुरम फाइनेंस में गिरवी रखकर लोन लिया था। मणप्पुरम फाइनेंस मैनेजर ने चोरी का सोना होना जानते हुए भी गला कर ठिकाने लगाने का प्रयास किया। सोने का गला हुआ 2 नग डल्ला वजनी 40 ग्राम, कीमती लगभग 5 लाख व नगदी एक हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी प्रशांत कुमार मिश्रा पिता द्वारिका प्रसाद उम्र 34 वर्ष निवासी राजेन्द्र नगर थाना सिविल लाईन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 2 जून 2025 को उनकी माता चैन मिश्रा के 04 नग सोने के कंगन वजनी लगभग 40 ग्राम एवं नगदी रकम एक लाख रुपये अज्ञात चोर द्वारा घर के आलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आस-पास पूछताछ एवं संदेह के आधार पर आरोपी दीपक पटेल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी द्वारा बताया गया कि चोरी किए गए सोने के कंगनों को मणप्पुरम फाइनेंस में गिरवी रखकर लोन लिया गया था। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि मणप्पुरम फाइनेंस के मैनेजर आजम बेग द्वारा उक्त कंगन चोरी के होने की जानकारी होने के बावजूद उन्हें गला कर ठिकाने लगाने का प्रयास किया गया।

7 साल तक साथ रहने के बाद महिला ने दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखाई, याचिका खारिज

हाईकोर्ट बोला- आपराधिक न्याय शास्त्र किसी भी बेगुनाह को दोषी करार नहीं देता

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने के आरोपी की दोषमुक्ति के खिलाफ पेश याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने खुद माना है कि उसने अपनी मर्ज़ी से आरोपी के साथ रहने और लगभग सात साल तक उसके साथ रहने का फ़ैसला किया।

यह मानना साफ़ तौर पर दिखाता है कि पीड़ित और आरोपी के बीच रिश्ता आपसी सहमति से था, और यह इस बात पर ज़ोर देता है कि उसने अपनी मर्ज़ी से साथ रहने में हिस्सा लिया, जिससे यह पता चलता है कि वह अपनी मर्ज़ी से और निजी तौर पर अपने रिश्ते बनाने की काबिलियत रखती है। क्रिमिनल न्यायशास्त्र मुख्य रूप से इस वादे पर आधारित है कि किसी भी बेगुनाह को दोषी नहीं ठहराया जाएगा। इसके साथ कोर्ट ने आरोपी के दोषमुक्ति के आदेश को सही ठहराते हुए याचिका को खारिज किया है। याचिकाकर्ता रायगढ़ में पढ़ाई करने गई थी।

पढ़ाई के दौरान हुई पहचान

कॉलेज में पढ़ाई के दौरान 2013 में उसकी पहचान आरोपी से हुई। पीड़िता के परिवार वालों ने 2014 में उसकी शादी अन्य जगह में तय की। शादी तय होने के बाद आरोपी ने फोन पर पीड़ित को शादी का प्रपोजल दिया और 12 मार्च 2014 को सुबह करीब 4 बजे गांव आया। वह उसे उसके घर के पास एक झोपड़ी में ले गया और शादी का झांसा देकर, उसके मना करने के बावजूद, उसे फिजिकल रिलेशन बनाने के लिए मजबूर किया। उसी दिन, आरोपी शादी का झांसा देकर उसे बस से रायगढ़ ले गया, करीब सात दिनों तक एक धर्मशाला में रखा और उसके साथ सेक्सुअल रिलेशन बनाता रहा। 19.03.2014 को आरोपी पीड़िता को अंबिकापुर ले गया और शादी का झांसा देकर सात साल तक अपने साथ रखा और शारीरिक संबंध बनाए। जब भी पीड़िता पूछती कि आरोपी उससे शादी कब करेगा, तो वह अलग-अलग बहाने बनाकर टाल देता था।

20.08. 2021 को, रक्षाबंधन से दो दिन पहले, आरोपी पीड़िता को उसके माता-पिता से मिलने के बहाने गांव ले गया, उसे सड़क पर छोड़कर भाग गया। उसके परिवार ने आरोपी के माता-पिता से संपर्क किया, जिन्होंने उसका साथ दिया, जिससे पीड़िता के पिता मानसिक तनाव से पैरालिसिस का शिकार हो गए।

ट्रायल कोर्ट का फैसला गलत

याचिका में कहा गया ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड में मौजूद मटीरियल को देखे बिना ही विवादित फैसला सुना दिया। ट्रायल कोर्ट ने छोटी-मोटी बातों और कमियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया और विवादित फैसला सुनाया जो कानून के हिसाब से गलत है और खारिज किया जा सकता है। वकील ने आगे कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद फैक्ट्स और हालात बताते हैं कि पहले दिन से ही आरोपी का इरादा पीड़िता से शादी करने का नहीं था, बल्कि वह सिर्फ अपनी हवस मिटाना चाहता था। उसने शादी का गलत वादा किया, उसका भरोसा जीता और अपने पर्सनल फायदे के लिए इसका गलत फायदा उठाया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा बताए गए फैसलों को देखते हुए, यह साफ़ हो जाता है कि इस मामले में भी, पीड़िता ने खुद माना है कि उसने अपनी मर्ज़ी से आरोपी के साथ रहने और लगभग सात साल तक उसके साथ रहने का फ़ैसला किया। यह मानना साफ़ तौर पर दिखाता है कि पीड़िता और आरोपी के बीच रिश्ता आपसी सहमति से था, और यह इस बात पर ज़ोर देता है कि उसने अपनी मर्ज़ी से साथ रहने में हिस्सा लिया, जिससे यह पता चलता है कि वह अपनी मर्ज़ी से और निजी तौर पर अपने रिश्ते बनाने की काबिलियत रखती है। यह भी ध्यान दिया जाता है कि पीड़िता की उम्र लगभग 30 साल है, जिसका मतलब है कि सात साल पहले वह लगभग 23 साल की थी, जिससे पता चलता है कि वह उस समय के दौरान अपने फैसले खुद लेने में सक्षम एक मैच्योर एडल्ट थी। पीड़िता के अनुसार यह आरोप लगाने के बावजूद कि आरोपी ने उसे 20.08.2021 को गांव में छोड़ दिया था, उसने उस समय कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई और शिकायत दर्ज करने से पहले लगभग 02 महीने और 18 दिन तक चुप रही, जिसके लिए रिकॉर्ड पर कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं है।

भाजयुमो सीपत मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान, बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

सीपत/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के आह्वान पर भाजयुमो सीपत मंडल द्वारा अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर ग्राम नरगोड़ा में स्वच्छता और जनजागरूकता का प्रेरणादायक अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष वैभव तंबोली के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा प्रांगण की साफ-सफाई कर उसे स्वच्छ और सुसज्जित रूप दिया। कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों ने मिलकर बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना की और दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के संघर्ष, उनके विचारों और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष वैभव तंबोली ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें समानता, शिक्षा और अधिकारों का जो मार्ग दिखाया है, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में उतारते हुए समाज में स्वच्छता, जागरूकता और समरसता का वातावरण बनाना होगा। स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है, जिसे हर नागरिक को निभाना चाहिए। तंबोली ने उन्होंने आगे कहा कि भाजयुमो का यह प्रयास केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हम निरंतर ऐसे जनहितकारी कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर भाजयुमो जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख दिनेश विजय, रामशरण गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि शिव प्रसाद, भाजयुमो महामंत्री मिथलेश श्रीवास, भूपेंद्र गोस्वामी, उपाध्यक्ष शुभम यादव, नागेश वर्मा, विशाल तंबोली, वीरेंद्र साहू उपस्थित थे।

बारिश के पूर्व फाउंडेशन का काम पूरा करें: कलेक्टर

निर्माणाधीन नालंदा परिसर का कलेक्टर-निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। दयालबंद के मधुबन क्षेत्र में बिलासपुर स्मार्ट सिटी द्वारा एजुकेशन सिटी प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है,जिसके प्रथम चरण में एकेडमिक ब्लॉक और नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन कार्य का आज कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों और ठेकेदार को बारिश के पूर्व फाउंडेशन का काम पूरा करने के निर्देश दिए है ताकि बारिश में अन्य कार्य प्रभावित ना हो। इसके अलावा सभी कार्यों को समय के सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण काम करने के निर्देश दिए है। विदित है कि प्रस्तावित एजुकेशन सिटी के प्रथम चरण में 15 करोड़ की लागत से एकेडमिक ब्लॉक और 11 करोड़ 42 लाख की लागत से नालंदा परिसर बनाया जा रहा है,एजुकेशन सिटी के अन्य काम दूसरे चरण के तहत किए जाएंगे। पूरे परिसर का मुआयना करते हुए कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रवेश मार्ग को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए है।

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और पानी टंकी पहुंचे निगम कमिश्नर

निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने बिरकोना स्थित अमृत मिशन योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मुआयना किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी सूरत में जल की गुणवत्ता में कमी ना आएं, इसके अलावा पानी को खुद भी पी कर निगम कमिश्नर ने गुणवत्ता को परखा। इसके अलावा बहतराई और चांटीडीह में जल आवर्धन योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों का भी निगम कमिश्नर ने निरीक्षण किया।

अग्नि सुरक्षा जागरुकता ही जीवन रक्षा की ढालः सुधाकर

सीपत/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) इकाई की अग्निशमन शाखा द्वारा 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 1944 में हुए बॉम्बे डॉकयार्ड की भीषण अग्नि दुर्घटना में शहीद हुए अग्निशमन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान केऔसुब अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा वीर शहीदों की दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपकमांडेंट कपिल सुधाकर कामडी ने अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 से 20 अप्रैल) का विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता और समय पर सही कदम ही किसी भी बड़ी दुर्घटना को टाल सकते हैं। छोटी-सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है, इसलिए हर व्यक्ति को सुरक्षा नियमों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी है जिसे हर कर्मचारी और नागरिक को समझना होगा।

बिल्हा नगर पंचायत ने जेपी तिवारी को श्रद्धांजलि दी

बिल्हा/नवप्रदेश। नगर पंचायत बिल्हा द्वारा स्वर्गीय जय प्रकाश तिवारी उर्फ जेपी तिवारी को आज भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय में दोपहर 1 बजे मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार गहलोत के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने स्वर्गीय तिवारी को याद करते हुए 1 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उनकी स्मृति में उपस्थित लोगों एवं बच्चों को अल्पाहार एवं मिठी लस्सी वितरित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय जेपी तिवारी के करीबी मित्र डॉ. मनितोष सरकार, पार्षद घनश्याम डहरिया सहित लगभग 70 से अधिक लोग उपस्थित रहे। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार गहलोत ने स्व. तिवारी को एक समर्पित जनसेवक और मददगार व्यक्ति बताते हुए उनके योगदान को याद किया।

गौरतलब है कि जय प्रकाश तिवारी का 12 अप्रैल को बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद असमय निधन हो गया था। वे 48 वर्ष के थे। उनका जन्म 4 सितंबर 1988 को बिल्हा के ग्राम गोढ़ी में हुआ था। स्व. तिवारी बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के प्रथम युवा कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे थे।

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION
Raipur (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(Second Call)

NIT NO: 26 / NNR / Electrical / RMC / 2026 **RAIPUR DATED: 09.04.2026**

Online bids are invited for the following works of works up to **05.05.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No	System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Eligible class of contract or/firm	Time allowed for Completion	SOR Applicable
1	188755	पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्र. 02 अंतर्गत एकता चौक से अविनाश आशियाना रोड में ट्यूबलर पोल संधारण / स्थापना कार्य बाबत् ।	12.00 Lacs	1500.00	12000.00	"D" & ABOVE	03 Month	SOR 2020

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 09.04.2026 **17:30 Hours** (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at **Toll Free No. 18002582502** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.
4. Contact no. 7898810000

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

केनरा बैंक Canara Bank | रायपुर, ट्रांसपोर्ट नगर शाखा (छ.ग.)

जब्त वाहन के लिए मोचन नोटिस

प्रति
हर्षवर्धन तिवारी पुत्र चंद्र मणि तिवारी
एमआईजी 1, 171, कबीर नगर, होली फैथ स्कूल के पीछे, रायपुर छ.ग.
प्रिय महोदय,
विषयः जब्त वाहन के संबंध में मोचन सूचना- ऋण खाता संख्याः 78499790000320
प्रिय महोदय/महोदया,

1. ऋण समझौते का संदर्भः
यह आपके और केनरा बैंक के बीच वाहन के वित्तपोषण के लिए निष्पादित ऋण समझौते/ दृष्टिबंधक समझौते का संदर्भ है, जिसका विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है:

	वाहन	
0	वाहन निर्माता और मॉडल	MARUTI SUZUKI ALTO 800 VXI
0	पंजीकरण संख्या	CG-04-LV-3600
0	चेसिस संख्या	MA3EUA61500B09894
0	इंजन संख्या	F8DN5867077
0	जब्ती की तिथि	24.02.2026

2. वाहन की जब्तीः
ऋण की किश्तों के भुगतान में आपकी लगातार चूक को देखते हुए, और उपरोक्त ऋण/दृष्टिबंधक समझौते के तहत हमें प्रदत्त अधिकारों के अनुसार, हमने 24.02.2026 को उपरोक्त वाहन को जब्त कर लिया है।

3. मोचन का अधिकारः
आपको एतद्द्वारा ऋण खाते के अंतर्गत बकाया किश्तों, ब्याज, दंडात्मक शुल्क, जब्ती के खर्च और मोचन की तिथि तक अन्य शुल्कों सहित संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करके उक्त वाहन को मोचन करने के लिए कहा जाता है।

4. देय राशिः
हमारे रिकॉर्ड के अनुसार, 24.02.2026 तक कुल देय राशि 3,87,657.34 रुपये (तीन लाख सतासी हजार छः सौ सत्तावन और चौंतीस पैसे मात्र) है, जिसमें शामिल हैं:
- बकाया मूलधनः रु. 2,42,715.26
- अतिदेय किश्तें/ईएमआईः रु. 1,44,942.08
- पुनः कब्जा/जब्ती पर हुए व्ययः जैसा लागू हो
- अन्य लागू शुल्क (यदि कोई हो): आज तक का ब्याज

5. मोचन का समयः
आपको इस सूचना की तिथि से 10 (दस) दिनों की अवधि दी जाती है ताकि आप उपरोक्त बकाया राशि का भुगतान कर सकें और वाहन मोचन कर सकें। पूरा भुगतान प्राप्त होने पर, हम वाहन आपको वापस कर देंगे।

6. मोचन में विफलताः
यदि आप उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर वाहन मोचन करने में विफल रहते हैं, तो हम ऋण/दृष्टिबंधक समझौते और लागू कानून की शर्तों के अनुसार, आपके जोखिम और लागत पर, बिना किसी अतिरिक्त संदर्भ के, वाहन की बिक्री/निपटान की प्रक्रिया जारी रखने के लिए बाध्य होंगे।
आपको इस सूचना की तिथि से 10 दिनों के भीतर पूर्ण दायित्व का निर्वहन करने और बैंक द्वारा जब्त की गई संपत्ति को पुनः प्राप्त करने का अंतिम अवसर दिया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति बेच दी जाएगी।
यह बंधक या किसी अन्य लागू कानून के तहत बैंक को प्राप्त किसी भी अन्य अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना है।

वरिष्ठ शाखा प्रबंधक
रायपुर, पचपेड़ी नाका शाखा

रायपुर रेल मंडल ने मनाई भारत रत्न बाबा साहब की 135वीं जयंती

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 135वां जन्म दिवस 14 अप्रैल 2026 को अवकाश होने के कारण दिनांक 15 अप्रैल 2026 को मनाया गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में आयोजित कार्यक्रम मे मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानद के द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर

माल्यार्पण किया गया । अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति रेलवे एंप्लाइज एसोसिएशन के डिविजनल प्रसीडेंट श्री भोली चौधरी ने डॉ. बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जीवनी, उनसे आदर्शों शिक्षा के महत्व, संगठन एवं संघर्ष के महत्व पर चर्चा की, अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति रेलवे एंप्लाइज एसोसिएशन के डिविजनल सचिव वाय. के. मिहुलिया, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ओबीसी एशोसियसन के डिविजनल प्रेसिडेंट एच. प्रसाद राव, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ओबीसी एशोसियसन के डिविजनल सचिव वाय. रमेश राव, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे कांग्रेस यूनियन से श्री पी. के. कदम ने बाबा साहेब की जीवनी के बारे में बताया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं यूनियन के पदाधिकारियों सहित रायपुर रेल मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे । वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल गर्ग द्वारा आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी की भागीदारी को सराहा और धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

रेल का विकास हमारे सामाजिक विकास से जुड़ा

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मंडल रेल प्रबंधक ने कहा की डॉ भीमराव अम्बेडकर जीवन के हर क्षेत्र -सामाजिक, आर्थिक और राजनिति में लोकतंत्र के पक्षधर थे । अंत में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के जन्म दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि रेल सेवा के माध्यम से हमें जो देश सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है उसे हम पूरे समर्पण, सदभावना, निष्ठा व ईमानदारी से हमारे कर्तव्यों को पूर्ण करना है । रेल का विकास हमारे सामाजिक विकास से जुड़ा है हमें विभाजित स्तर से उठकर समानता के साथ कार्य व्यवहार मे विनम्रता के साथ कार्य करना है हम सब के संयुक्त प्रयास से कार्य स्थल, रेल परिसर, रेलवे कॉलोनी, रेलवे स्टेशनों पर सार्थक परिवर्तन ले जा सकते हैं।

न्यूज गैलरी

मृत के परिवारों को 50 लाख और घायलों को 25 लाख का दे प्रशासन: आप

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के कार्य प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसा पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि घटना में पूरी लापरवाही प्लांट प्रबंधन की है उन्होंने कभी भी सुरक्षा मां को का ध्यान नहीं रखा इसलिए यह बड़ी घटना घटित हुई है। उन्होंने बताया कि प्लांट के भीतर अचानक बॉयलर फटने से हुए जोरदार धमाके की चपेट में आने से 9 श्रमिकों की दर्दनाक मौत और 35 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल होना दुःखद है। भगवान हादसे में मृत मजदूरों के परिवारों को इस दुख से लड़ने की शक्ति दे। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि प्लांट प्रबंधन को हादसे में मृत मजदूरों के परिवार को 50-50 लाख और घायलों के परिवार को 25-25 लाख देना मुआवजा देना चाहिए साथ ही राज्य सरकार को भी हादसे में मृत मजदूरों के परिवार को 50-50 लाख और घायलों के परिवार को 25-25 लाख मुआवजा देना चाहिए, साथ ही घटना की न्यायिक जांच हो व दोषियों को सजा मिलनी चाहिए ताकि ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स बलौदाबाजार का भव्य शपथ ग्रहण समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 12 अप्रैल 2026 को बलौदाबाजार में व्यापारियों के हित और संगठन की मजबूती के लिए एक ऐतिहासिक गौरवशाली दिन रहा। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी के अध्यक्षता में तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री निकेश बरड़िया के मुख्य आतिथ्य एवं चेम्बर प्रतिनिधि मंडल की गरिमामयी उपस्थिति में बलौदाबाजार इकाई का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री संदीप साहू, विधायक कसडोल, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने नवनियुक्त इकाई अध्यक्ष श्री लक्ष्मी साहू, महामंत्री श्री शिव प्रकाश तिवारी और कोषाध्यक्ष श्री लक्ष्मेंद्र अग्रवाल सहित इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष और साथ आए प्रतिनिधि मंडल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ चेम्बर व्यापारियों की सशक्त आवाज है, और संगठन की एकजुटता ही व्यापारियों के हितों की सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है।

मांढर शाखा नहर के कार्यों के लिए 2.45 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा रायपुर जिले के विकासखण्ड-धरसींवा आरंग नदी परियोजना मांढर शाखा नहर के किलोमीटर 38.30 से 47.30 तक टार रोड का जीर्णोद्धार कार्य के लिए 2 करोड़ 45 लाख 55 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

हर्रा वनौषधि प्रसंस्करण से आत्मनिर्भर बनीं महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। वनधन योजना ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव और आर्थिक सशक्तिकरण की एक माध्यम बन गई है। ट्राइफेड और जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से, यह योजना स्थानीय वन उत्पादों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के माध्यम से महिलाओं को उद्यमी बना रही है। जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कांकेर के अंतर्गत संचालित वनधन योजना ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इच्छापुर का हर्रा वनौषधि प्रसंस्करण केन्द्र आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। वनधन विकास केन्द्र इच्छापुर की स्थापना के बाद मर्दापोटी कलस्टर के 17 गांवों के 2137 परिवार इससे जुड़े हैं। इनमें से 1512 परिवार लघु वनोपज संग्रहण के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा खनिज विकास निधि से मशीन, पैकेजिंग सामग्री और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए, जिससे प्रसंस्करण केन्द्र का संचालन शुरू हो सका। इस केन्द्र का संचालन इंदिरा वन मितान स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। समूह की महिलाएं अब वनौषधियों का संग्रहण, प्रसंस्करण और पैकेजिंग का कार्य कर रही हैं, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला है। वर्तमान में केन्द्र में हर्रा, बहेड़ा, त्रिफला, अश्वगंधा, सफेद मूसली, नीम, सतावरी और आंवला चूर्ण सहित 8 प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए मानकों के अनुसार पैकेजिंग की जाती है। महिलाओं को समय-समय पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही आयुर्वेद विभाग और राज्य संघ द्वारा तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है।

पिछले चार वर्षों में इस केन्द्र द्वारा 75 लाख 76 हजार 375 रुपये के वनौषधि उत्पाद तैयार कर कांकेर मार्ट को आपूर्ति की गई है। इससे समूह की प्रत्येक सदस्य को सालाना लगभग 35 से 40 हजार रुपये तक की आय हो रही है। समूह की महिलाओं ने बताया कि पहले वे मजदूरी पर निर्भर थीं, जिससे आय अनिश्चितता रहती थी। लेकिन अब समूह से जुड़कर उन्होंने आयुर्वेदिक उत्पाद बनाना शुरू किया और आत्मनिर्भर बन गई हैं। आज समूह की ये महिलाएं न केवल अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं, बल्कि समाज में अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं।

मिलने लगी प्लास्टिक बोतल में शराब, ग्राहकों को पसंद आ रहा है टेस्ट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में मंगलवार से प्लास्टिक बोतल वाली शराब की बिक्री शुरू कर दी गई है। हालांकि इसकी शुरुआत शहर में संचालित कुछ दुकानों से की गई है। इन दुकानों में शेरा और शोले ब्रांड की देशी शराब पौवा में बिक रही है। हरिभूमि ने इन दुकानों में जाकर प्लास्टिक बोतल शराब खरीदने वाले लोगों से बातचीत की। इस दौरान कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि शराब का टेस्ट अभी सही है, लेकिन 6-8 महीने में सही रहेगा या नहीं, इसकी गारंटी नहीं है, क्योंकि प्लास्टिक की बोतल में लंबे समय तक शराब रखने से उसके टेस्ट में फर्क आ सकता है। हालांकि कांच की जगह प्लास्टिक की बोतल में शराब मिलने से लोगों में खुशी भी है। लोगों का यह भी कहना है कि कांच बोतल के फूटने का डर लगा रहता था, जो अब नहीं रहेगा।

2400 पेटी में एक बोतल ही डैमेज निकली

प्लास्टिक बोतल वाली शराब की सप्लाई से अब ग्राहकों के साथ शासन को होने वाले नुकसान में भी भारी कमी आएगी। शराब दुकान से खरीदी के बाद कांच की बोतल, शीशी ले जाते समय टूट-फूट जाती थी, जिससे ग्राहक को सीधे नुकसान सहन करना पड़ता था, लेकिन प्लास्टिक की बोतल के टूट-फूट होने की संभावना बहुत कम है। इसी प्रकार कंपनियों से सहकारी वेयर हाउस तक खेप पहुंचने के दौरान भी दर्जनों में कांच की बोतल, शीशी टूट-फूट जाती थी, जिससे शासन को नुकसान होता था।

चंगोराभाठा टाटीबंध दुकान में ग्राहकों की लगी लाइन

राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा और टाटीबंध स्थित शराब दुकानों में देशी ब्रांड की शराब का पुराना स्टॉक लगभग खत्म हो गया था। इसे देखते हुए सबसे पहले इन दोनों दुकानों में प्लास्टिक पौवा शराब का भंडारण कराया गया था। इन दोनों कराया गया था। इन दोनों दुकानों में 300-300 पेटी शेरा और शोले ब्रांड की देशी शराब की सप्लाई की गई थी। इन दोनों दुकानों में मंगलवार से नये स्टॉक वाले शराब की बिक्री भी शुरू कर दी गई है। पहले दिन ही दुकान खुलते ही शराब दुकानों में प्लास्टिक बोतल बंद शराब लेने वालों की भीड़ लग गई।

ई-ऑफिस से परिलक्षित हो रही है श्रेष्ठ कार्य संस्कृति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव श्री विकासशील ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रालयीन अधिकारी-कर्मचारियों को ई-ऑफिस पर श्रेष्ठ कार्य करने एवं बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए श्रेष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित किया। मुख्य सचिव ने कहा है कि मंत्रालय में सभी अधिकारी-कर्मचारी ई-ऑफिस पर बढ़-चढ़कर काम कर रहें हैं। इससे अच्छी कार्य संस्कृति परिलक्षित हो रही है, वहीं पर अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहें हैं। इससे मंत्रालय में समयबद्धता में सुधार आया है। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से कहा है कि वे समय पर मंत्रालय में उपस्थित होकर अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराएं, जिससे आगामी दिनों में शत् प्रतिशत समयबद्धता देखी जा सकेगी। मुख्य सचिव ने मंत्रालय में ई-फाईल सिस्टम के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण की आवश्यकता बतायी। अतः उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कर्मचारियों-अधिकारियों को ट्रेनिंग की आवश्यकता है, उन्हें एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर प्रशिक्षित करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने आज यहां मंत्रालय में विभिन्न श्रेणीयों में ई-ऑफिस, बायोमेट्रिक उपस्थिति और ई-फाईल प्रणाली में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

छत्तीसगढ़ में हीट वेव का अलर्ट 4 दिन 4 डिग्री बढ़ेगा तापमान

बिलासपुर-रायपुर और दुर्ग के लोगों को सतर्क रहने की सलाह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आने वाले दिनों में गर्मी और तेज होने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। 16 अप्रैल से बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ इलाकों में हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं देखा गया। इस दौरान पूरे प्रदेश में मौसम ड्राई बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 41.2°C रायपुर में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.9°C अंबिकापुर में दर्ज हुआ। इस दौरान कहीं भी बारिश नहीं हुई और कोई सक्रिय मौसम प्रणाली भी नहीं है।

हीट वेव चल सकती है

मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में फिलहाल मौसम ड्राई ही बना रहेगा। अगले 2 दिनों तक भी बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि कुछ जगहों पर हीट वेव की स्थिति बन सकती है।

रायपुर का मौसम

राजधानी में आज आसमान साफ रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 42एष्ट और न्यूनतम तापमान 26एष्ट के आसपास रह सकता है। फिलहाल कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन कल यानी 16 अप्रैल से कुछ इलाकों में लू चलने की संभावना को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

सरकार की संवेदनशील पहल से बदली जिंदगी कच्चे घर से पक्के आशियाने तक पहुंचीं गायत्री

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं अब जमीनी स्तर पर लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। इसका सजीव उदाहरण जनपद पंचायत गौरेला के ग्राम पंचायत सेमरा की निवासी गायत्री बाई हैं, जिनका जीवन अब पूरी तरह बदल चुका है। कभी जर्जर कच्चे मकान में रहने को मजबूर गायत्री बाई और उनका परिवार हर मौसम में मुश्किलों का सामना करता था। बारिश के दिनों में छत टपकती थी, दीवारें कमजोर थीं और परिवार के सदस्यों को हर समय असुरक्षा का डर बना रहता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का घर बनाना उनके लिए एक अधूरा सपना ही था। लेकिन विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता में शामिल गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए आवास उपलब्ध कराने की नीति ने उनके जीवन को नई दिशा दी। वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गायत्री बाई का चयन हितग्राही के रूप में हुआ और उन्हें 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। सरकार की इस मदद और अपनी मेहनत के बल पर गायत्री बाई ने धीरे-धीरे अपने सपनों का घर बनाना शुरू किया। ग्राम पंचायत और जनपद स्तर से मिले निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग ने इस प्रक्रिया को सरल बनाया। कुछ ही महीनों में उनका पक्का, सुरक्षित और सुंदर घर तैयार हो गया।

मैक कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं रोवर-रेंजर

■ सम्मान समारोह का भव्य आयोजन, पुलिस आयुक्त संजीव शुक्ला रहे मुख्य अतिथि

रायपुर/नवप्रदेश। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, रायपुर में "वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं रोवर-रेंजर सम्मान समारोह"' का भव्य आयोजन महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 11.04.2026 को उत्साह एवं गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर के पुलिस आयुक्त' संजीव शुक्ला'' की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' से हुई, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति का भाव व्याप्त हो गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या ''डॉ. जैस्मिन जोशी'' द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं कॉलेज के ट्रस्टिगण का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सरकार की पहल से सशक्त हुई हमेश्वरी बनीं 'लखपति दीदी'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयास अब सार्थक परिणाम दे रहे हैं। इसका प्रेरक उदाहरण गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत लालपुर की श्रीमती हमेश्वरी राठौर हैं, जो आज "लखपति दीदी" के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। एक सामान्य ग्रामीण महिला से आत्मनिर्भर उद्यमी बनने तक का उनका सफर संघर्ष, साहस और सफलता की मिसाल है। हमेश्वरी राठौर ÷रिद्धी-सिद्धी स्वसहायता समूह÷ से जुड़ीं, जहां उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आर्थिक सहयोग और प्रशिक्षण मिला। समूह के माध्यम से उन्होंने 5 लाख 50 हजार रुपये का ऋण प्राप्त किया, जो उनके जीवन में परिवर्तन का आधार बना। इस राशि का उपयोग उन्होंने कृषि और छोटे व्यवसाय को विकसित करने में किया। सब्जी उत्पादन को मुख्य आय का स्रोत बनाते हुए उन्होंने टमाटर, गोभी, अदरक, बरबट्टी और हल्दी जैसी फसलों की खेती शुरू की। साथ ही, उन्होंने सेंटरिंग प्लेट का कार्य भी शुरू किया, जिससे उनकी आय के अतिरिक्त स्रोत बने। शुरुआती दौर में मौसम की अनिश्चितता, बाजार की चुनौतियां और लागत जैसी कठिनाइयां सामने आईं, लेकिन विष्णुदेव साय सरकार की योजनाओं से मिले मार्गदर्शन और स्वसहायता समूह के सहयोग ने उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

आम आदमी पार्टी ने संविधान निर्माता डॉ.अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके संदेशों पर चलने का आह्वान किया

रायपुर/नवप्रदेश । संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी द्वारा बिरगांव के शुक्रवारी बाजार में 14 अप्रैल 2026 को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने संविधान निर्माता डॉ.बी. आर.अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में आप वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के विचारों, उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। उपस्थित जनों को उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बिरगांव के एक स्कूली बालक ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और संघर्षों बारे में बहुत सुंदर भाषण दिया।

आज के कार्यक्रम में बिरगांव के वार्ड नंबर 26 के पार्षद बाबूलाल कुर्रे,वार्ड नंबर 22 के पार्षद अश्वनी चांदे,दुर्गा झा, श्वेता तिवारी, अनुषा जोसेफ,सूरज उपाध्याय, मुन्ना बिसेन, विजय झा, पलविंदर सिंग पन्नू, शिव शर्मा, अजीम खान, वीरेंद्र पवार, सागर क्षीरसागर, विजय देवांगन, विनोद चंद्राकर, मिहिर कुर्मी , श्याम शर्मा, संत दास कुर्रे जी और अनेक बिरगांव वासी शामिल रहे। अंत में सभी ने मिलकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

भाजपा सरकार में जंगलराज सरकारी अमला पर तस्कर हमला कर रहे

रायपुर/नवप्रदेश। सरकारी अमला पर तस्करों के हमला को भाजपा सरकार की नाकामी बताते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा गृह मंत्रालय सम्हाल नही पा रहे है, कानून व्यवस्था मजबूत नहीं कर पा रहे है तो उन्हें इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। प्रदेश में जंगलराज कायम है, तस्करों के हौसला इतना बुलंद है कि सरकारी अमला पर हमला कर रहे है। जब कानून के रखवाले ही सुरक्षित नहीं है फिर जनता का ख्याल कौन रखेगा? महासमुंद के पटेवा में शराब तस्कर को पकड़ने गये पुलिस टीम पर जानलेवा हमला हो गया, थानेदार सहित महिला सिपाही घायल हो गये। मुंगेली के लोरमी में रेत तस्करों ने वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किया। हिंसक झड़प हुई, वन अमला को जान बचाकर भागना पड़ा। आखिर इन तस्करों पर नकेल कौन कसेगा? बेहद तस्करों की बढ़ते आतंक से प्रदेश खौफ में है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा पर तस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि ढाई साल की सरकार में प्रदेश तस्करों का गढ़ बन गया है। रेत तस्करी, शराब तस्करी, अवैध नशीली वस्तुओं की तस्करों, अवैध काम जोरो पर चल रहा है। सरकार के नुमाइन्दे सिर्फ अपराध रोकने बयानबाजी कर रहे है, धरातल पर अपराध रुक नहीं रहा है।

रोहिंग्या-बांग्लादेशियों से भरी नाव अंडमान सागर में डूबी, 250 लोग लापता

नई दिल्ली/ए.। अंडमान सागर से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी और प्रवासन एजेंसियों ने जानकारी दी है कि मलेशिया जा रही एक नाव के समुद्र में पलटने से कम से कम 250 लोग लापता हो गए हैं।

लापता लोगों में म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। यह घटना एक बार फिर उन जोखिमों को उजागर करती है, जिन्हें बेहतर भविष्य की तलाश में मजबूर लोग हर साल उठाते हैं। इस घटना के बाद किसी खोज अभियान की स्थिति बुधवार तक स्पष्ट नहीं हो सकी और न ही यह पता है कि नौका कब डूबी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने मंगलवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह नाव टेकनाफ से रवाना हुई थी, जो बांग्लादेश के दक्षिणी जिले कॉक्स बाजार में स्थित है और इसमें बड़ी संख्या में यात्री सवार थे जो मलेशिया जा रहे थे। एजेंसियों के अनुसार, अधिक भीड़, तेज हवाओं और उफनते समुद्र के कारण नाव का नियंत्रण बिगड़ गया और वह डूब गई। यूएनएचसीआर और आईओएम

ने कहा कि यह घटना रोहिंग्या लोगों के लंबे समय से चले आ रहे विस्थापन और स्थायी समाधान के अभाव को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि म्यांमा के रखाइन प्रांत में जारी हिंसा के कारण रोहिंग्या शरणार्थियों की देश में सुरक्षित वापसी अनिश्चित बनी हुई है। साथ ही शरणार्थी शिविरों में सीमित मानवीय सहायता, शिक्षा और रोजगार तक सीमित पहुंच उन्हें जोखिम भरी समुद्री यात्राएं करने के लिए मजबूर कर रही है, जो अक्सर बेहतर वेतन और अवसरों के झूठे वादों पर आधारित होती हैं। यूएनएचसीआर और आईओएम ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि बांग्लादेश में रह रहे रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए जीवन रक्षक सहायता सुनिश्चित करने हेतु वित्तीय सहयोग और एकजुटता को मजबूत किया जाए। बांग्लादेश ने म्यांमा से आए 10 लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थियों को शरण दे रखी है।

प्लास्टिक अपशिष्ट गोदाम में आग लगने से तीन की मौत

नई दिल्ली (वार्ता)। बाहरी दिल्ली के बुध विहार इलाके में प्लास्टिक अपशिष्ट गोदाम में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित एक ऐसे परिवार के सदस्य थे जो बुध विहार के मांगे राम पार्क इलाके में स्थित गोदाम में बनी एक अस्थायी झोपड़ी में रहते थे। यह घटना मध्यरात्रि के दौरान घटी जब साइट पर रखे अपशिष्ट में आग लग गई और वह तेजी से झुग्गी में फैल गई। दमकल कर्मियों की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद बुधवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया। शव बुरी तरह जले हुए थ जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

नारा लोकेश बने टीडीपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

नई दिल्ली/ए.। मिजोरम सरकार ने स्थायी शांति की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मंगलवार को हमार पीपल्स कन्वेंशन-डेमोक्रेटिक के लालहमिंगथांगा सनाते के नेतृत्व वाले गुट के साथ एक 'समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर किए, जिससे राज्य में वर्षों से चली आ रही उग्रवाद की समस्या का प्रभावी रूप से अंत हो गया। गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस समझौते में उत्तरी और पूर्वोत्तर मिजोरम के हमार-बहुल सिनलुंग हिल्स काउंसिल क्षेत्र के लिए एक व्यापक विकास रोडमैप की रूपरेखा तैयार की गई है।

बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने सम्राट

पटना/ए.। बिहार में भारतीय जनता पार्टी पहली बार अपना मुख्यमंत्री दे चुकी। राष्ट्रीय जनता दल से होकर जनता दल यूनाइटेड के रास्ते 2017 में भाजपा में आए पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के पुत्र सम्राट चौधरी को बिहार का 24वां मुख्यमंत्री चुना गया है। पहले भाजपा फिर एनडीए की विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट के नाम पर मुहर लगी। पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने उन्हें मखाना की माला पहनाकर अपनी विरासत सौंपी। आज सुबह 10:50 बजे लोकभवन में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। उनके साथ विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव को भी शपथ दिलाई गई। दोनों जदयू कोटे से डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, शिवराज सिंह, पूर्व सीएम नीतीश कुमार, बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता, एनडीए से सभी वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सम्राट चौधी ने कहा कि 2025 में जब दोबारा NDA की सरकार बनी तो मुझे गृह विभाग के मंत्री और उपमुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का अवसर मिला। आज मुझे फिर से एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, इसे मैं निभाने की पूरी कोशिश करूंगा। मैं प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन महासचिव बी.एल. संतोष, शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी को आश्वस्त करता हूं कि भाजपा की विचारधारा देश को सर्वोपरि मानने और उसे सर्वश्रेष्ठ बनाने के संकल्प को हम आगे बढ़ाते रहेंगे और पार्टी को प्राथमिकता देंगे। नीतीश कुमार ने बहुत सी बातें सिखाई हैं। सरकार कैसे चलाई जाती है, बिहार में सुशासन कैसे स्थापित होता है और लोकतंत्र के लिए क्या अच्छा है। प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के विजन और नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के संकल्प को साथ लेकर हम बिहार को समृद्ध बनाएंगे और देश को विकसित करने में अपना योगदान देंगे।

जदयू कोटे से दो उपमुख्यमंत्री

2020 में जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी तो भाजपा ने दो डिप्टी सीएम दिए। इसमें रेणु देवी और तारकिशोर प्रसाद को मौका मिला। इसके बाद दो बार फिर एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण हुआ। इन दोनों बार डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को बनाया गया। अब चूंकि भाजपा बड़े भाई की भूमिका है, तो जदयू से दो डिप्टी सीएम होंगे। पहले चर्चा थी कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार डिप्टी सीएम बनेंगे। लेकिन, वह नहीं माने। इसलिए जदयू ने भूमिहार जाति से आने वाले विजय चौधरी और यादव जाति से आने वाले बिजेंद्र यादव को डिप्टी सीएम बनाने का फैसला लिया। दोनों नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद नेताओं में गिने जाते हैं।

एनडीए की सरकार बनी तो मुझे उपमुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य मिला : सम्राट चौधरी

बिहार में भाजपा विधायक दल का नेता सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी ने कहा कि मेरे जीवन में भाजपा ने मुझे सेवा के कई अवसर दिए हैं। मैं करीब 30 वर्षों से एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहा हूं, लेकिन पहले मेरे साथ कोई विचारधारा नहीं थी। मैं 2015 से भाजपा के लिए काम कर रहा हूं। तब से पार्टी ने जब जो दायित्व दिया, उसे मैंने जिम्मेदारी के साथ निभाया। मुझे पार्टी ने कई पदों पर काम करने का मौका दिया। पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया। जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी तो मुझे उपमुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य मिला।

दिल्ली छीन रही जनता से वोट देने का अधिकारः सीएम ममता

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने बंगाली नववर्ष के खास मौके पर राज्य के लोगों से बड़ी अपील की है। उन्होंने लोगों से केंद्र सरकार की मनमानी का विरोध करने और बंगाल की आपसी भाईचारे की परंपरा को बनाए रखने को कहा। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर राज्य के लोगों को बंगाली नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि नए साल की इस सुबह में हर किसी का जीवन दुखों से मुक्त हो। उन्होंने कामना की कि इस नई पुकार के साथ हर इंसान का मन पवित्रता से भर जाए। ममता बनर्जी ने लोगों से विभाजनकारी और तानाशाही प्रवृत्तियों को रोकने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने अपील की कि इस शुभ दिन पर हम सब मिलकर एक शपथ लें। हमें हर तरह की संकीर्ण सोच की दीवारों को तोड़कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि कोई भी विभाजनकारी ताकत हमारी शांति, पारंपरिक सद्भाव और दोस्ती के बंधन को नहीं तोड़ पाएगी।

केंद्र पर साधा निशाना

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए केंद्र सरकार पर जनता के वोट देने के अधिकार को कम करने का आरोप लगाया। उन्होंने नागरिकों से कहा कि वे इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दें। ममता ने कहा कि हमारा बंगाल कला और संस्कृति का केंद्र होने के साथ-साथ सभी धर्मों के बीच सद्भाव की धरती भी है। उन्होंने चेतावनी दी कि कुछ बुरी ताकतें बंगाल को भ्रष्ट करने के लिए खड़ी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठे शासक लोगों के अधिकार छीन रहे हैं, जिन्हें सबक सिखाना जरूरी है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका, अग्रिम जमानत पर लगी रोक

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई एक हफ्ते की अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी है। यह मामला असम में दर्ज उस एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ कई पासपोर्ट रखने के आरोप लगाए थे।

न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरीऔर अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने

इस मामले में खेड़ा को नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। यह नोटिस असम सरकार की उस याचिका पर जारी किया गया, जिसमें तेलंगाना हाई कोर्ट द्वारा दी गई ट्रांजिट बेल पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि फिलहाल संबंधित आदेश (ट्रांजिट बेल) पर रोक लगाई जाती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर खेड़ा असम की संबंधित अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश उस प्रक्रिया में बाधा नहीं बनेगा।

'देश के लिए कितनों से दुश्मनी' हेड कोच के बचाव में उतरा दिग्गज

नई दिल्ली/ए.। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर मुनाफ पटेल ने टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि अगर उन्हें उनकी पोजीशन से हटा दिया गया तो खिलाड़ियों को हैंडल करना बेहद मुश्किल हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि गंभीर को काफी लोग पसंद नहीं करते, लेकिन वो सच्चा इंसान है।

दरअसल, टाइम्स ऑफ इंडिया के 'बॉम्बे स्पोर्ट्स एक्सचेंज' पॉडकॉस्ट में बात करते हुए मुनाफपटेल ने कहा, ये याद रखिएगा कि गौतम गंभीर जैसे हेड कोच को अगर हटा दिया जाता है तो खिलाड़ियों को हैंडल करना बेहद कठिन हो जाएगा। वो बहुत ईमानदार इंसान है। हमेशा वो सच कहते हैं और काफी लोगों को ये पसंद नहीं आता है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30348 दिनांक 15.04.2026
वार्ड का नाम- 68 - डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567C00368 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती SURENDRA BISEN पिता / पति श्री/ श्रीमती LT. R. L. BISEN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती AMRITA RAI पिता /पति श्री/श्रीमती RATNESH KUMAR RAI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30349 दिनांक 15.04.2026
वार्ड का नाम- 68 - डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567B00194 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती GOVT. NAZUL LADN SALIK RAM DEWANGAN पिता / पति श्री/ श्रीमती PARAS RAM DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती AMRITA VASUDEV पिता /पति श्री/श्रीमती YAMPRAKASH VASUDEV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / MALBA-BIKRINAMA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30353 दिनांक 15.04.2026
वार्ड का नाम- 40 - पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569B00638 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती AMIT LAL YADAV पिता / पति श्री/ श्रीमती WELO BAI YADAV के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BELA BAI YADAV पिता /पति श्री/श्रीमती LT. AMIT LAL YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SAHMATI PATRA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./ जोन-1/2026/1597/24 भिलाई दिनाँक- 30.03.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर क्र.	अनुमानित लागत लाख में	निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि	निविदा पहुचने की तिथि
01	वार्ड-11 फरीद नगर टाटा लाईन, बजरंग पारा, सुंदर नगर में नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	188206	87.87	20.04.2026	22.04.2026

उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यो सामान्य शर्तें, एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा करें साथ ही धरोहर राशि स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगें। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त

गृह मंत्रालय ने राघव चड्ढा को दी जेड श्रेणी की सुरक्षा

नई दिल्ली/ए.। गृह मंत्रालय ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों के अनुसार खुफिया ब्यूरो की खतरे की आशंका को लेकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर राघव चड्ढा को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें दिल्ली और पंजाब में अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पंजाब सरकार द्वारा राघव चड्ढा को दी गई ' प्लस श्रेणी

की सुरक्षा वापस ले ली गई है। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला आप नेता के संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में कथित विफलता के चलते उठाया गया है। आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा पर संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में विफल रहने का आरोप लगाया था। आप ने कहा था कि उनकी निष्क्रियता पार्टी के सिद्धांतों के विरुद्ध है।

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, राज्य आप अध्यक्ष अमन अरोड़ा और पार्टी नेता कुलदीप सिंह ढींगरा ने एक संयुक्त बयान में कहा कि चड्ढा की कई महत्वपूर्ण मामलों पर चुप्पी निराशाजनक थी। पंजाब के वित्त मंत्री ने संसद में नहीं उठाए गए कई वित्तीय मामलों पर प्रकाश डाला।

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग)
क्र./ 61/न.पा.नि./ लो.नि.वि./2025-26 बीरगांव, दिनांक 08/04/2026

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम बीरगांव क्षेत्रान्तर्गत मरम्मत संधारण मद अन्तर्गत वार्ड क्र. 01 से 05 में सी.सी. रोड, नाली, भवन एवं शासकीय स्कूलों का मरम्मत एवं संधारण कार्य लागत राशि रू. 7.00 लाख हेतु छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "ए" में छत्तीसगढ़ के पी.डब्लू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015, रोड एस.ओ.आर. 01.01.2025 एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर 2020 (निविदा तिथि तक संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु (आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.04.2026 एवं निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 05.05.2026) तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित है।

उपरोक्त कार्यों की अनुमानित लागत, अमानत राशि, निविदा की शर्ते, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट **www.nagarnigambirgaon.com** व संचालनालय की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** से भी डाउनलोड/प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईडीआईआई ने 2026 में युवाओं और बच्चों के लिए राष्ट्रीय उद्यमिता ग्रीष्मकालीन शिविरों की घोषणा की

अहमदाबाद। एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद, जो उद्यमिता विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है, वर्ष 1992 से राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन कर रहा है। 12ङ्क16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों तथा 16ङ्क22 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए आयोजित ये विशेष ग्रीष्मकालीन शिविर, उनमें प्रारंभिक स्तर पर ही उद्यमी सोच विकसित करने के साथ-साथ उन्हें सफल जीवन के लिए आवश्यक कौशल सिखाने का उद्देश्य रखते हैं।

इस वर्ष 'एंटरप्रेन्योरियल स्टिमुलेशन फॉर चिल्ड्रेन' के 46वें और 47वें संस्करण क्रमशः 3-8 मई और 24-29 मई को संस्थान के परिसर में आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 'एंटरप्रेन्योरियल एडवेंचर्स फॉर यूथ' के 49वें और 50वें संस्करण क्रमशः 11-20 मई और 1-10 जून को आयोजित किए जाएंगे।

पिछले तीन दशकों में 'एंटरप्रेन्योरियल स्टिमुलेशन फॉर चिल्ड्रेन' के राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन शिविरों के माध्यम से, ईडीआईआई ने बच्चों को अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने, सकारात्मक सोच विकसित करने और ऐसे कौशल सीखने का अवसर प्रदान किया है जो उन्हें जीवन में सफलता हासिल करने में मदद करते हैं। अब तक 45 शिविरों के माध्यम से 3,228 बच्चों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इन शिविरों में भाग लेने वाले बच्चों में मजबूत 'उद्यमिता और उपलब्धि की भावना' विकसित होती है, जिससे वे बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित होते हैं। शिविर के बाद अभिभावकों को उनके बच्चे के व्यक्तित्व से जुड़ी विशेषताओं और भविष्य में विकास के सुझावों के साथ एक विस्तृत रिपोर्ट भी दी जाती है।

संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

धारा-30 (ख) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है आवेदक श्री प्रवीण कुमार मेहेर पिता श्री सुरूबाबू मेहेर, निवासी-हाउस नं. बी-1, अकलतरा मार्ग, शिवराम कॉलोनी, जांजगीर, रायपुर, जिला-रायपुर द्वारा ग्राम-कांदुल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 7/2, 7/3, 7/5, 7/6 एवं अन्य (संविलयन खसरा क्र. 15009/126, 15009/127) कुल रकबा 9.261 हेक्टे. हेतु आदेश क्रमांक 6284/नग्रानि/धारा-16/पी.एल.-55/12/2013 रायपुर दिनांक 05.07.2013 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के ब्लॉक क्रमांक बी, भूखण्ड कमांक 37, 38 के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) आर.डी.ए. बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जिला-रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक,
नगर तथा ग्राम निवेश,
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, छ.ग.

जी-262700180/2

न्यूज गैलरी

अंतिम संस्कार को लेकर जमीन विवाद प्रशासन की मध्यस्थता से टला तनाव

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के दाढ़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरिया में एक बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार को लेकर जमीन विवाद ने आज गंभीर रूप ले लिया। हालात इस कदर तनावपूर्ण हो गए कि मौके पर पुलिस और प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम उमरिया निवासी बुजुर्ग महिला कैना बाई सतनामी के निधन के बाद उनके परिजनों द्वारा निजी जमीन पर दफ्नाने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान विवाद खड़ा हो गया। बताया गया कि संबंधित जमीन वर्ष 2019 में मृतका की सौतेली बेटी द्वारा गांव के ही ओमप्रकाश साहू को विक्रय की जा चुकी थी। इस तथ्य की जानकारी परिवार और ग्रामीणों को होने के बावजूद महिला लंबे समय से उसी जमीन पर निवास कर रही थीं। मृत्यु के बाद जब परिजनों ने उक्त भूमि पर गड्ढा खोदकर दफनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की, तो जमीन मालिक ओमप्रकाश साहू को इसकी सूचना मिली। उन्होंने तत्काल पंचायत और प्रशासन को मामले से अवगत कराया। सूचना मिलते ही सरपंच, उपसरपंच, तहसीलदार, एसडीओपी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों के एकत्र होने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रशासन द्वारा मौके पर दोनों पक्षों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर समझाइश दी गई। काफी देर तक चली वार्ता के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बुजुर्ग महिला के पार्थिव शरीर को गांव के मुक्ति धाम में दफनाया जाएगा।

सहकारी समिति निर्माण में देरी से किसानों में आक्रोश

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गांगपुर (ब) एवं उसके आश्रित ग्राम बहुनगांव और सिरवाबांधा के किसानों ने बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर आज प्रशासन के समक्ष नई सहकारी समिति के गठन की मांग उठाई है। लंबे समय से इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें गांगपुर (ब) स्थित सहकारी समिति पर निर्भर रहना पड़ता है, जो काफी दूरी पर स्थित है। इसके चलते धान खरीदी, खाद-बीज वितरण और भंडारण जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को इससे अधिक परेशानी हो रही है। किसानों के अनुसार, इस समस्या को लेकर पूर्व में भी प्रशासन को लिखित आवेदन सौंपा जा चुका है, जिसमें गांगपुर (ब) से अलग नई सहकारी समिति के गठन की मांग की गई थी। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने सुझाव दिया है कि बहुनगांव और सिरवाबांधा के मध्य उपयुक्त स्थान पर नई सहकारी समिति स्थापित की जाए। इसके लिए भूमि भी प्रस्तावित की गई है, जहां धान खरीदी केंद्र और भंडारण सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

स्वास्थ्य विभाग में संलग्नीकरण समाप्ति आदेश की खुली अवहेलना

कुरुद/नवप्रदेश। कुरूद स्वास्थ्य विभाग में संलग्नीकरण (अटैचमेंट) समाप्त करने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने भरे विधानसभा में अपने अधिकारियों को निर्देशित कर संलग्नीकरण समाप्त करने सभी मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारियों को आदेश जारी करने कहा गया जिसका पालन करते हुए संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा 12 मार्च 2026 को स्पष्ट आदेश जारी करने के बावजूद जमीनी स्तर पर इन आदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। विभागीय अनुशासन और कार्यप्रणाली को सुधारने के उद्देश्य से जारी किए गए इस आदेश का पालन नहीं होना प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार, संचालक ने सभी संलग्न कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजने के निर्देश दिए थे, ताकि विभाग में पारदर्शिता बनी रहे और स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। लेकिन कई जिलों और संस्थानों में यह आदेश केवल कागजों तक ही सीमित नजर आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी धमतरी के उदासीनता और आंतरिक मिलीभगत के चलते कर्मचारी अब भी संलग्न बने हुए हैं। इससे न केवल विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि मूल स्थानों पर स्टाफ की कमी भी बनी हुई है, जिससे आम जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस स्थिति से नाराज कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते आदेशों का कड़ाई से पालन नहीं कराया गया, तो व्यवस्था और अधिक बिगड़ सकती है।

बाइकर्स गैंग ने परिवार के साथ जा रहे दिव्यांग शिक्षक को मारी ठोकर

सीतापुर/नवप्रदेश। सरगुजा के सीतापुर में इन दिनों बाइकर्स गैंग का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। नियम कानून की धज्जियां उड़ाने वाले बाइकर्स गैंग ने इस बार दिव्यांग शिक्षक को अपना शिकार बना लिया। घटना 14 अप्रैल की है। ग्राम नावाटोली ढेलसरा निवासी 45 वर्षीय बाइक सवार दिव्यांग शिक्षक राजन टोप्पो परिवार समेत दोपहर के समय सीतापुर से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी पुरानी बस्ती स्थित लाल बंगला के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार मोडिफाइड साइलेंसर बाइक क्र-CG15E C8252 पर सवार युवकों ने उन्हें ठोकर मार दी। तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से दिव्यांग शिक्षक संभल नही पाये और परिवार समेत दूर जा गिरे। बाइक सवार दोनों युवक घटनास्थल पर बाइक छोड़ मौके से फरार हो गये। युवकों की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल शिक्षक को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुँचाया। तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से दिव्यांग शिक्षक के सीने में गंभीर चोटें आई है और उन्हें सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही है। डॉक्टर एवं घरवालों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।

बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए खुशखबरी: शिक्षा मंडल अप्रैल में ही जारी करेगा 10वीं-12वीं का रिजल्ट

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया

रायपुर/नवप्रदेश। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, माशिम 30 अप्रैल के पूर्व परीक्षा परिणामों की घोषणा कर सकता है। माशिम 10वीं-12वीं की परीक्षाएं बीते शैक्षणिक सत्र से वर्ष में दो बार आयोजित कर रहा है। द्वितीय परीक्षाएं नवीन सत्र के दाखिले समाप्त होने के पूर्व आयोजित की जा सके, इसलिए प्रथम परीक्षाएं शीघ्रतापूर्वक संपन्न कराई जा रही हैं। माशिम ने इस वर्ष परीक्षाओं की शुरुआत भी मार्च के स्थान पर फरवरी माह से की थी। 10वीं की परीक्षा में 3.21 लाख तथा 12वीं की परीक्षा में 2.45 लाख छात्र शामिल हुए थे।

पर्चा लीक होने के कारण दोबारा हुई थी परीक्षा

14 मार्च को आयोजित बारहवीं कक्षा का हिंदी विषय का पर्चा लीक होने के कारण माशिम को इसका आयोजन 10 अप्रैल को पुनः करना पड़ा। इसका प्रभाव मूल्यांकन कार्य पर पड़ा। दसवीं कक्षा का मूल्यांकन बारहवीं के पूर्व संपन्न कर लिया गया तथा इसके परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके उलट बारहवीं कक्षा का मूल्यांकन एक दिन पूर्व ही पूरा किया गया है। अब इसके भी परिणाम तैयार किए जाएंगे। दसवीं के परिणाम मौजूदा माह में घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि बारहवीं के नतीजों में अपेक्षाकृत विलंब संभावित है।

5वीं-8वीं का मूल्यांकन भी अंतिम चरण में

शासकीय विद्यालयों सहित निजी स्कूलों की परीक्षाएं भी वर्तमान सत्र में केंद्रीकृत स्तर पर हुई हैं। पर्चा होने के तत्काल बाद शिक्षकों को निर्देश दिए गए थे कि वे छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करें। अधिकतर स्कूलों में मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब अंकसूची तैयार करने की प्रक्रिया को अंतिम चरण में है। इनके परिणाम भी अप्रैल अंत तक जारी कर दिए जाएंगे। ऐसे विद्यार्थी जो परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, उनके लिए पुनः परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

सीबीएसई परिणाम 15 से 20 अप्रैल के बीच

इधर, सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा के छात्रों का भी इंतजार अब खत्म होने के करीब है। बोर्ड 10वीं के परीक्षा परिणाम 15 से 20 अप्रैल के बीच घोषित कर सकता है। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र आधिकारिक वेबसाइट्स पर जाकर अपना परिणाम देख सकेंगे। डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म पर दिए गए अपडेट के अनुसार, सीबीएसई 10वीं के नतीजे जल्द ही उपलब्ध कराए जा सकते हैं। जिन छात्रों की अपार आईडी पहले से सीबीएसई रिकॉर्ड्स से लिंक है, वे अपना रिजल्ट सीधे डिजिलॉकर में देख पाएंगे। इसके लिए उन्हें अपने आधार नंबर की मदद से लॉग इन करना होगा।

जिला अस्पताल कबीरधाम बना भरोसे का केंद्र, ओपीडी और आईपीडी में रिकॉर्ड वृद्धि

स्वास्थ्य सुविधाओं में ऐतिहासिक सुधार आंकड़ों ने लिखी सफलता की नई कहानी

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले का जिला अस्पताल अब केवल एक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र नहीं, बल्कि आम जनता के विश्वास और बेहतर चिकित्सा सेवाओं का मजबूत प्रतीक बन चुका है। बीते कुछ वर्षों में यहां स्वास्थ्य सुविधाओं में जो उल्लेखनीय सुधार हुआ है, उसने न केवल जिले के लोगों का भरोसा बढ़ाया है, बल्कि निजी अस्पतालों के सामने भी एक सशक्त विकल्प के रूप में इसे स्थापित किया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि जिला अस्पताल ने किस तरह विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2025 तक लगभग हर प्रमुख स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो अस्पताल की कार्यप्रणाली, संसाधनों और सेवाओं की गुणवत्ता में आए सकारात्मक बदलाव को दर्शाती है।

जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक जहां ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) में मरीजों की संख्या 1,19,557 रही, वहीं जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 के बीच यह संख्या बढ़कर 1,64,712 तक पहुंच गई। यह लगभग 45 हजार से अधिक की वृद्धि है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि लोग अब जिला अस्पताल की सेवाओं पर अधिक भरोसा जता रहे हैं। इसी तरह आईपीडी (इन पेशेंट डिपार्टमेंट) के आंकड़ों में भी वृद्धि देखने को मिली है।

वर्ष 2023 में जहां 11,742 मरीज भर्ती हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 13,253 हो गई। यह दर्शाता है कि गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए भी लोग अब निजी अस्पतालों की बजाय जिला अस्पताल को प्राथमिकता दे रहे हैं।

प्रसव सेवाओं में भी आया सुधार

महिला एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में भी जिला अस्पताल ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2023 में जहां 3,001 प्रसव हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 3,925 हो गई। यह वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि अस्पताल में मातृत्व सेवाएं अधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और सुविधाजनक बनी हैं।

विकास के पीछे नेतृत्व और समर्पण

जिला अस्पताल की इस उल्लेखनीय प्रगति के पीछे कई कारक हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है प्रभावी नेतृत्व और सतत प्रयास। जिले के विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों की जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। उनके मार्गदर्शन और सक्रिय पहल के चलते अस्पताल में संसाधनों का विस्तार, नई मशीनों की उपलब्धता और व्यवस्थाओं में सुधार संभव हो पाया है। उन्होंने न केवल अस्पताल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले। उनकी प्राथमिकता में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुधार हमेशा शीर्ष पर रहा है।

सोनोग्राफी सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव

जिला अस्पताल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक सोनोग्राफी सेवाओं में हुआ सुधार है। वर्ष 2023 में जहां केवल 874 सोनोग्राफी हुई थीं, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 7,244 तक पहुंच गई। यह लगभग आठ गुना वृद्धि है, जो न केवल उपकरणों की उपलब्धता बल्कि विशेषज्ञ डॉक्टरों और तकनीशियनों की बेहतर व्यवस्था को भी दर्शाती है। यह उपलब्धि जिला अस्पताल के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई है।

एक्स-रे, सिटी स्कैन और लैब टेस्ट में भी तेजी

एक्स-रे सेवाओं की बात करें तो 2023 में 9,865 एक्स-रे किए गए थे, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 13,920 हो गई। इससे स्पष्ट है कि डायग्नोस्टिक सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है। लैब टेस्ट के आंकड़े तो और भी प्रभावशाली हैं। वर्ष 2023 में जहां 2,10,186 जांचें की गई थीं, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 3,62,113 हो गई। यह लगभग डेढ़ गुना वृद्धि है, साथ ही साथ जुलाई 25 से अब तक 1462 लोगो का सिटी स्कैन होना व सिटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध होना यह बताती है कि अस्पताल में आधुनिक जांच सुविधाएं और तेज सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

रायपुर में गैस सिलेंडर में पानी मिलने का मामला, उपभोक्ता ने खाद्य विभाग में की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से उपभोक्ता हितों से जुड़ा एक गंभीर मामला आज सामने आया है, जहां गैस सिलेंडर में गैस की जगह पानी भरे होने की शिकायत दर्ज कराई गई है। यह मामला रायपुरा चौक स्थित इंद्रप्रस्थ फेस-2 क्षेत्र का बताया जा रहा है।

शिकायत के आधार पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपभोक्ता धर्मेंद्र ने बताया कि उन्होंने बीते 14 फरवरी को टाटीबंध स्थित परवेज गैस एजेंसी से बुकिंग नंबर 587026 के तहत एलपीजी सिलेंडर प्राप्त किया था। सिलेंडर लेते समय उसका वजन मौके पर नहीं कराया गया, हालांकि बाहरी स्थिति सामान्य लगने पर उन्होंने उसे स्वीकार कर लिया।

धर्मेंद्र के मुताबिक, घर में उपयोग में चल रहा पुराना सिलेंडर समाप्त होने के बाद जब नए सिलेंडर का उपयोग शुरू किया गया, तो वह केवल दो दिन ही चल पाया। इसके बाद अचानक गैस की सप्लाई बंद हो गई। संदेह होने पर जब सिलेंडर को जांचा गया, तो उसके भीतर से तरल पदार्थ की आवाज सुनाई दी।

बाद में सिलेंडर को झुकाकर वाल्व के पास जांच करने पर उसमें से पानी निकलने की पुष्टि हुई। घटना के बाद उपभोक्ता ने संबंधित मामले की शिकायत खाद्य विभाग में दर्ज कराई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले भी गैस एजेंसियों द्वारा सिलेंडरों में गड़बड़ी के कुछ मामले सामने आ चुके हैं। भनपुरी क्षेत्र में भी इसी तरह की शिकायत मिली थी, जिसमें जांच के बाद संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। फिलहाल विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी पर नियमानुसार कार्रवाई की बात कही गई है।

नक्सलवाद खत्म, अब बारूद मुक्त बस्तर की कवायद शुरू

डॉग स्काड के साथ जंगलों और पगडंडियों की खाक छान रही कई टीमें

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ और बस्तर को नक्सलमुक्त करने के बाद अब पूरे बस्तर को बारुद से मुक्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। सरेंडर्ड नक्सलियों से जानकारी एकत्र कर संभाग के सभी जिलों में जमीन के अन्दर लगाए गए बारूद को ढूंढ़ने का काम शुरू कर दिया गया है। बम स्क्वायड की टीम लगातार आईईडी को खोजने में लगी है।

जानकारी के अनुसार बस्तर को नक्सल मुक्त करने के बाद अब बारूद मुक्त करने की चुनौती सामने है। अभी भी जंगलों रास्तों और सड़कों में प्रेशर आईईडी, कमांड आईईडी, टिफिन बम जमीन के अन्दर लगे हुए हैं। जिन्हे बाहर निकालना बेहद ही जरूरी है, सुरक्षा बलों के जवानों ने जमीनों में लगाए गए आईईडी की खोज को तेज कर दिया है। आईजी पी. सुंदरराज ने कहा कि, पूरे बस्तर से बारूदी सुरंगों की खोज तेज कर दी गई है, लेकिन इसके लिए समय लगेगा, ताकि नक्सल मुक्त बस्तर को बारूद मुक्त बस्तर बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान को जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। जो भी टेक्नोलॉजी है, उसका उपयोग किया जा रहा है। डॉग स्क्काड टीम लगातार काम कर रही है, बहुत सारे बम को डिफ्यूज किया गया है।

कोसगाई मंदिर के पास भीषण आग

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कोसगाई मंदिर के समीप बुधवार को भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग सबसे पहले पास के खेत में लगी थी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें तेजी से फैलते हुए मंदिर परिसर तक पहुंच गईं और वहां खड़ी एक कार को अपनी चपेट में ले लिया।

कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि कार में सवार परिवार मंदिर दर्शन के लिए आया हुआ था। इसके साथ ही मंदिर के पास लगी झालर, जिसमें चुनरी और श्रृंगार का सामान सजाया गया था, आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना में काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

बिना फार्मर आईडी किसानों को समितियों से नहीं मिलेगी खाद

पारदर्शी बनाने राज्य शासन ने उठाया बड़ा कदम, खरीफ सीजन से होगा लागू

रायपुर/नवप्रदेश। खाद वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने शासन ने बड़ा कदम उठाते हुए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी है। जिन किसानों की फॉर्मर आईडी होगी, उन्हें ही समितियों से यूरिया समेत अन्य खाद मिल सकेगी। नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सही किसानों तक सही मात्रा में खाद पहुंचाना है, ताकि अनियमित वितरण और कालाबाजारी को रोका जा सके। यह व्यवस्था 2026-27 के खरीफ सीजन से लागू होगी।

उल्लेखनीय है कि, पिछले खरीफ सीजन के लिए एग्रीस्टेक को अनिवार्य किया गया था, इसी तरह आगामी सीजन के लिए खाद वितरण में फॉर्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। अब यूरिया समेत दूसरी खाद खरीदने के लिए किसानों के पास फार्मर आईडी होना जरूरी है।

इस व्यवस्था से किसानों को जरूरत के मुताबिक मिलेगी खाद : नई व्यवस्था के तहत खाद वितरण प्रक्रिया को डिजिटल सिस्टम के जरिए पूरा किया जाएगा। इसमें किसान को उसकी जमीन और फसल के आधार पर तय मात्रा में खाद ही दी जाएगी। खाद का वितरण किसान की जमीन और फसल के हिसाब से तय किया जाएगा। शासन के अनुसार इस व्यवस्था से किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद मिलेगी और गलत इस्तेमाल पर रोक लगेगी।

वन्यजीव: तमिलनाडु-केरल की तरह अब छत्तीसगढ़ में भी होगा उपयोग

हाथियों से बचाएंगे एआई कैमरे, झटका देने वाले हैंगिंग झालर भी लगेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बरसों बरस से जंगली हाथियों के हमले झेल रहे राज्य के लोगों को अब एआई के जरिए राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। दरअसल तमिलनाडु और केरल की तरह यहां भी एआई आधारित कैमरे लगाने की तैयारी है।

इन कैमरों की रेंज में जैसे ही हाथी आएंगे, उसका तेज आवाज का अलार्म बजना शुरू होगा और हाथियों को भागना पड़ेगा। यही नहीं, एक नए प्रयोग के तौर पर अब हैंगिंग फैंसिंग लगाने की तैयारी भी है, इससे फैंसिंग से टच होते ही हाथी को करंट का झटका लगेगा। यह उपाय भी हाथियों से लोगों की सुरक्षा करेगा।

ये है मामला: राज्य में पिछले कई बरसों से जंगली हाथियों की आमद और उनके हमले बढ़े हैं। वन विभाग के अनुमान के मुताबिक प्रभावित जिलों में करीब 400 हाथियों के दल यहां वहां भ्रमण कर रहे हैं। इन हाथियों के हमले से बड़ी संख्या में जनहानि, फसल हानि और लोगों के कच्चे घर नेस्तनाबूद हो चुके हैं। राज्य में सबसे अधिक हाथी प्रभावित वन मंडलों में रायगढ़, धरमजयगढ़, कोरबा, कटघोरा, सूरजपुर, जशपुर प्रभावित हैं। इनके साथ ही धमतरी और गरियाबंद क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड आ जाते हैं और खतरा पैदा करते हैं।

तीन साल के प्रयोग से कम हुए हमले

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव प्रबंधन एवं जैव विविधता संरक्षण-सह-मुख्य वन्यजीव वार्डन) अरुण कुमार पांडेय के मुताबिक पिछले तीन साल हाथियों के हमले कम करने के लिए किए गए प्रयोगों से सफलता मिली है। हर साल जहां 80 से अधिक संख्या में जनहानि होती थी, उसकी संख्या कम होकर 50 से 60 तक हो गई है। अब दो नए प्रयोग करने की तैयारी है।

'गजसंकेत' ऐप से मानव-हाथी संघर्ष में बड़ी कमी

इन प्रयोगों से पहले वन विभाग ने छत्तीसगढ़ में मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा विकसित 'गजसंकेत ऐप प्रभावी साबित हो रहा है। इस तकनीक आधारित पहल से गांवों में समय रहते अलर्ट पहुंचने लगे हैं, जिससे जनहानि और फसल नुकसान में उल्लेखनीय कमी आई है। यह ऐप विशेष रूप से गरियाबंद और धमतरी जिलों में शुरू किया गया, जिसे बाद में पूरे राज्य में लागू कर दिया गया। ऐप के जरिए हाथियों के झुंड की गतिविधियों को ट्रैक कर आसपास के 10 किलोमीटर दायरे में रहने वाले ग्रामीणों को रियल-टाइम वॉयस कॉल, एसएमएस और व्हाट्सऐप के माध्यम से अलर्ट भेजा जाता है।

अब इन तरीकों से होगी रक्षा

राज्य शासन का वन विभाग हाथियों के हमलों से लोगों को बचाने के लिए लंबे समय से कोई न कोई उपाय जुटाने की कोशिश में रहता है, इस क्रम में कई तरीके अपनाने के बाद अब हाथी प्रभावित राज्यों तमिलनाडु और केरल की तर्ज पर यहां भी प्रयोग करने की तैयारी है। बताया गया है कि इस सिलसिले में एआई आधारित स्ट्रीट लाइट लगाने की तैयारी है। यह सिस्टम इस तरह काम करेगा कि जैसे ही जंगली हाथी लाइट के रेंज में आएंगे, सिस्टम से अलार्म बजना शुरु होगा। इसकी आवाज सुनकर ही हाथी भागने लगेंगे। इसी तरह एक और नया प्रयोग भी करने की तैयारी है। सोलर आधारित हैंगिंग (झूलती हुई) फेंसिंग लगाई जाएगी। यह फैसिंग जैसे ही हाथी से टकराएगी, हाथी को करंट का झटका लगेगा जो हाथी को भागने पर मजबूर कर देगा।

नशे में धुत दो बाइकों की टक्कर, चार घायल दो की हालत गंभीर

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के बागों थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर रेगनिया के पास बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, दोनों बाइक चालक शराब के नशे में थे और तेज रफ्तार के कारण नियंत्रण खो बैठे, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से पोड़ी उपरोड़ा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com